जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**Child Salim Connected More With His Mother**

Jehangir had great respect for his mother and often did sajda, prostration and Koinush to honour his mother.

**Unlock Yourself!**

**An Evening of Spirituality, Literature...**

A book launch with musical spectacle to win hearts of many.



*खाद्य संकट और खाद्य सुरक्षा विश्व की दो प्रमुख समस्याएं हैं, तथापि, हजारों सालों से इंसान द्वारा उगाई जा रही एक फसल जल्दी ही दोनों समस्याओं को खत्म कर सकती है और इसके लिए बेहद मूल्यवान मीठे पानी की भी जरूरत नहीं है। मैक्रोएल्जी, जिसे सामान्यतया सीवीड कहा जाता है, एक सस्टेनबल क्रॉप के रूप में तेजी से विश्व भर के लोकप्रिय हो रही है। क्योंकि, एक तो पर्यावरण पर इसका दुष्प्रभाव कम होता है दूसरा, इसमें पौष्टिक तत्व भी प्रचुर मात्रा में हैं। अमेरिका में सीवीड फार्मिंग, अब सबसे तेजी से बढ़ रहा एक्वाकल्चर सैक्टर है। पैसिफिक नॉर्थ वैस्ट, न्यू इंग्लैण्ड और अलास्का में पानी के अंदर इसके दर्जनों फार्म हैं। वर्ष 1950 से 2019 के बीच विश्व भर में सीवीड का उत्पादन 34.7 हजार टन से बढ़कर 34.7 मिलियन टन हो गया है। यह नाटकीय वृद्धि, कॉसमैटिक्स और टूथपेस्ट से लेकर वैकल्पिक प्लास्टिक, जैसे बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग और ड्रिंकिंग स्ट्रॉ आदि में सीवीड के वृहत् उपयोग को दर्शाती है। तथापि, विश्व की भूख मिटाने में भी इसकी भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। यू.एन ग्लोबल कॉम्पैक्ट के वरिष्ठ सलाहकार विन्सैंट डुमाइज़ल, जिन्होंने हाल ही में ''द सीवीड रिवोल्यूशन'' किताब लिखी है, का कहना है कि, ''केवल दो प्रतिशत महासागर में फार्मिंग करके हम 12 अरब लोगों की प्रोटीन की जरूरत पूरी कर सकते हैं।'' सीवीड में प्रोटीन भारी मात्रा में हैं लेकिन फैट व कार्बोहाइट्रेट कम है और यह वाइटमिन्स, ज़िंक व आयरन से भरपूर है। उन्होंने इसे सी फॉरेस्ट की संज्ञा दी। सीवीड की 12,000 प्रजातियों को सूचीबद्ध किया गया है और सभी खाने योग्य हैं। सीवीड के तीन समूह हैं- लाल, हरा और भूरा। भूरे रंग वाले समूह में सी कैल्प शामिल हैं जो सबसे बड़ी व सबसे आम प्रकार की सीवीड है तथा अंडर वॉटर सी फॉरेस्ट में भारी तादाद में मिलती है। इतना ही नहीं, सीफॉरैस्टेशन के लिए खाद, मीठे पानी आदि की जरूरत भी नहीं होती है। डुमाइज़ल ने कहा, अगर मवेशियों को सोया की बजाए सीवीड आधारित भोजन खिलाया जाए तो मीथेन गैस के उत्सर्जन में 90 प्रतिशत कम किया जा सकता है। इसके अलावा सीवीड से खाद्य संकट से जूझ रहे लोगों को पर्याप्त पोषण दिया जा सकता है। समुद्र के तटवर्ती समुदायों के लिए भी सीवीड फार्मिंग आय का एक विकल्प है क्योंकि अब इन स्थानों पर फिशिंग कम हो रही है।*

# श्रीलंका अकाल की ओर अग्रसर?

## इसलिये देश के लिए पहली प्राथमिकता है, आई.एम.एफ. से किसी तरह से छोटा-मोटा ऋण प्राप्त करके खाने की सामग्री व पैट्रोल आयात किया जा सके

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो

नई दिल्ली, 13 जुलाई। जब श्रीलंका के राष्ट्रपति देश छोड़ कर भाग गये तथा प्रधानमंत्री रानिल विक्रम सिंघे अन्तरिम राष्ट्रपति बने गये तो बुधवार को यह देश घोर अराजकता की स्थिति में पहुँच गया।

श्रीलंका में सरकार नाम की शायद ही कोई चीज है तथा पदासीन अन्तरिम राष्ट्रपति रानिल विक्रम सिंघे ने सेना से कहा है कि वह देश में पुनः व्यवस्था की स्थिति लाये। लेकिन शायद ही ऐसा कोई संकेत नज़र आ रहा है कि ऐसा हो रहा हैं।

- **श्रीलंका में संकट की शुरुआत तब से हुई, जब से देश का संसदीय ढांचा बदलकर नई व्यवस्था लागू की गई, जिससे राष्ट्रपति में सर्वाधिक पावर निहित हो गई।**
- **वॉर-हीरो गोटाबाया राजपक्षे राष्ट्रपति बने, तथा व्यक्तिगत भ्रष्टाचार व परिवार के भ्रष्टाचार के आरोप सरेआम लगने लगे।**
- **श्रीलंका पुराने पार्लियामैन्टरी सिस्टम पर लौटना चाहता है, पर यह दूरगामी रणनीति है, तथा संविधान में परिवर्तन करके लायी जा सकती है।**
- **पर, सब दूर की बाते हैं, फिलहाल तो, जनता को भोजन कैसे उपलब्ध हो, तथा एम्बुलैंस आदि कैसे चलें, यह बड़ा संकट है।**

अगर स्थिति में जल्दी ही स्थायित्व नहीं आता तथा अगर राजनैतिक अस्थिरता के फलस्वरूप हिंसा बढ़ती जाती है, तो श्रीलंका में एक आभासी स्थायित्व एवं शान्ति लाने के विषय में भारत का कुछ गम्भीर निर्णय लेने पडेंगे। ऐसी सम्भावना और भी ज्यादा दिखाई दे रही है कि श्रीलंका में खासतौर से खाद्य एवं ईंधन सहित, जरूरत की अत्यावश्यक चीजों का घोर अभाव हो जाये।

श्रीलंका के कुछ अर्थशास्त्रियों ने ऐसी आंशका व्यक्त की है कि आगामी दो तीन महीनों में ऐसी स्थिति आ सकती हैं।

पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के बारे में यह कहा जाता है कि वे युद्ध के नायक के रूप को त्याग कर एक ऐसे नापसन्द राजनेता के रूप में आ गये थे, जिसने कटुता उत्पन्न कर रहे तमिल पृथकतावादी आन्दोलन का सफाया करके, देश को अव्यवस्था की स्थिति में पहुँचा दिया तथा अपनी जेबें भरने में लगे रहे।

ऐसा व्यापक मान्यता है कि गोटाबाया राजपक्षे सरकार पूरी तरह भ्रष्ट थी तथा राजपक्षे के पूरे परिवार के हाथ तिजोरियों में रहते थे, जिसके फलस्वरूप, वे जनता का विश्वास खो चुके थे।

श्रीलंका में सरकार की संरचना में सबसे बड़ी और मूलभूत समस्या यह थी कि सारी शक्तियाँ राष्ट्रपति में निहित थीं। श्रीलंका सरकार मंत्री मण्डलीय प्रारूप वाली सरकार से हटकर, राष्ट्रपति प्रारूप वाली सरकार के रूप में आ गई थी।

अब माँग यह है कि सरकार का ढ़ाँचा बदले तथा यह राष्ट्रपति सरकार वाले प्रारूप से मन्त्रिमण्डल सरकार वाले प्रारूप में आये तथा पदासीन राष्ट्रपति की अबाधित एवं स्वच्छन्द शक्तियों पर नियन्त्रण रहे। विपक्षी दल एवं अन्य राजनैतिक समूह इस दिशा में काम कर रहे हैं कि श्रीलंका में यथाशीघ्र संविधान परिवर्तन/संशोधन हो।

लेकिन, यह एक दीर्घकालीन लक्ष्य

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नीतीश कुमार व लालू को ढलता सूरज मान भाजपा पंख पसारने की तैयारी में जुटी

## जैसा कि विदित ही है, भाजपा बिहार में सबसे बड़ी पार्टी तो है, पर राज्य में अभी तक पूर्ण बहुमत नहीं हासिल कर पायी है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 जुलाई। भाजपा और जे.डी.यू. के बीच सत्ता संघर्ष बिहार में एक निर्णयात्मक चरण में पहुंच गया लगता हैं।

नीतीश कुमार ने जब से चौथी बार मुख्यमंत्री का पद संभाला है तब से उनकी गठबंधन सहयोगी एवं राज्य विधानसभा में अधिक सदस्य संख्या वाली भाजपा के साथ उनकी पार्टी के समीकरण संकटपूर्ण रहे हैं। ब्रिटिश हुकूमत से वर्ष 1857 में स्वतंत्रता सेनानी कुंवर सिंह द्वारा जगदीशपुर का किला मुक्त कराने के सम्मान में भाजपा ने गत अप्रैल माह में महा उत्सव की तैयारियां की थीं और जे.डी.यू. को इस कार्यक्रम से दूर रखा गया था। जे.डी.यू. अपनी ओर से भाजपा को राज्य की जातिगत जनगणना जैसे पेचीदा मुद्दों पर घेरने की कोशिश करती रही हैं।

- **पर अब विस्तार का उपयुक्त समय मानते हुए, भाजपा ने प्रदेश में एक के बाद एक आम सभाएं आयोजित करने की योजना बनाई है।**
- **किसान मोर्चा, महिला मोर्चा, एस.सी. मोर्चा, एस.टी. मोर्चा के नेताओं व कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई है पटना में, जिसे पार्टी अध्यक्ष नड्डा व राष्ट्रीय महासचिव बी.एल. संतोष संबोधित करेंगे।**
- **भाजपा ने प्रदेश में अपने संगठन को मजबूत करने की दृष्टि से, प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों को चिन्हित करके, उपयुक्त जात/जाति के नेताओं को वहां की जिम्मेवारी सौंपी है।**

जे.डी.यू. और लालू प्रसाद की आर.जे.डी. के बीच सम्भावित मेल मिलाप की खबरों के बीच बिहार में आगामी महीनों में एक बड़े बदलाव की संभावनाए बहुत ज्यादा हैं। असदुद्दीन ओवैसी के ए.आई.एम.आई.एम. के पांच में चार विधायकों को तोड़ने में आर.जे.डी. को मिली सफलता के बाद भाजपा का फोकस कांग्रेस के विधायकों की अच्छी खासी संख्या को स्वयं में शामिल करने के विकल्प पर है। असदुद्दीन इसके साथ ही जे.डी.यू. में विभाजन की संभावनाओं से इन्कार नहीं किया जा रहा हैं।

इसे लोहा गर्म हो तब प्रहार किए जाने के एक प्रयास के रूप में देखा जा रहा है कि भाजपा ने कई राज्यव्यापी मीटिंग्स की योजना बना रखी हैं। भाजपा ने राज्य के समूचे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 28 और 29 जुलाई को दो दिवसीय ''प्रवास'' आयोजित करने का निर्णय लिया हैं।

इसके बाद पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों की 30 और 31 जुलाई को दो दिवसीय संयुक्त मीटिंग होगी। पटना में आयोजित होने वाली एक मीटिंग के लिए किसान मोर्चा, महिला मोर्चा, एस.सी.मोर्चा, एस.टी.मोर्चा अथवा अल्पसंख्यक मोर्चा के नेताओं और कार्यकर्ताओं को बुलाया जा रहा हैं। मीटिंग को पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और भाजपा महासचिव बी.एल. संतोष संबोधित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ई.डी. डायरैक्टर

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 जुलाई। सुप्रीम कोर्ट ने एनफोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) के निदेशक संजय कुमार मिश्रा के सेवाकाल में गत वर्ष 17 नवम्बर को दिए गए एक साल के

- **ई.डी. डायरैक्टर संजय कुमार मिश्रा को एक साल का कार्यकाल विस्तार देने को चुनौती देने वाली याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है।**

एक्सटैंशन को चुनौती देने वाली एक याचिका को लिस्ट करने का बुधवार को निर्णय लिया। इस याचिका में एक वकील ने कोर्ट का ध्यान उसके 8 सितम्बर के एक आदेश की ओर आकृष्ट किया है जिसमें कहा गया था कि सेवानिवृति के बाद अधिकारियों के कार्यकाल में विस्तार सिर्फ अपवाद स्वरूप ही किया जाए।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'जो दिखता है, वो बिकता है'

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 जुलाई। राहुल गांधी ने ऐसा फिर कर दिया है। एक निजी दौरे पर कथित रूप से यूरोप जाकर उन्होंने इस आम धारणा को मजबूत कर दिया है कि वह एक ऐसे व्यक्ति हैं जो जिम्मेदारियों से बचता है, उन्हे यह भी पता नहीं है कि वे स्वयं को किस रूप में देखते हैं, पार्टी के प्रति प्रतिबद्धता रखने वाले एक नेता या एक ऐसा राजनेता जो गंभीरता से प्रयास ना करने के बावजूद सत्ता का लोभी है।

- **राहुल गांधी के एक बार फिर विदेश यात्रा पर निकलने से, जनता व पार्टी असमंजस में है कि, राहुल गंभीर राजनीतिज्ञ हैं, व ऐसे दूल्हा जिसे विवाह में कोई रूचि नहीं।**

उनका नवीनतम विदेश दौरा कांग्रेस पार्टी की गुरुवार को आयोजित हो रही मीटिंग से थोड़ा पहले ही हुआ है। इस मीटिंग को महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि यह पार्टी को उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, पंजाब, मणिपुर और गोवा जैसे राज्यों में लगे राजनीतिक झटकों के बाद हो रही है। पार्टी के लिए यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें उसके अध्यक्ष के विकल्प पर मंथन होने जा रहा है। यह ऐसा पद है जिसे वर्ष 2019 में लोक सभा चुनावों की हार के कारण राहुल गांधी के इस्तीफे के बाद सोनिया गांधी संभाले हुए है।

यह ध्यान देने योग्य है कि गुरुवार की मीटिंग के लिए पार्टी के सभी महासचिवों, प्रभारियों और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों को आमंत्रित किया गया है।

क्या राहुल पार्टी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे या नहीं, उनकी गैर मौजूदगी की वजह से यह भी स्पष्ट नहीं है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों को जो बात स्पष्ट है, वह यह कि ऐसी पार्टी, जिसका चेहरा अब भी राहुल गांधी हैं, वह अटकाव की स्थिति में है और वह स्थिति चरम सीमा पर है।

जन धारणा ये है कि राहुल गांधी बिना पतवार वाले एक ऐसे जहाज का प्रतीक बन गए हैं जो अपने वर्तमान दलदल से बाहर निकलने से बार-बार इन्कार करता है। गुरुवार की मीटिंग में 2 अक्टूबर से शुरु हो रही ''भारत जोड़ो यात्रा'' की योजनाओं पर भी काम किया जाएगा। इस मीटिंग से राहुल गांधी की अनुपस्थिति से नेतृत्व के प्रश्न की अटकलों को और मसाला मिलना तय है।

भाजपा ने राहुल गांधी की हाल की विदेश यात्राओं की आलोचना की है। इनमें मई माह की आलोचना की है। इनमें मई माह की शुरुआत में हुई एक यात्रा भी शामिल है, जब उन्हें काठमांडू के एक नाइट क्लब में देखा गया था। इसकी तस्वीरें भाजपा समर्थकों द्वारा जारी की गई थीं लेकिन कांग्रेस ने कहा था कि एक पत्रकार की शादी में भाग लेने के लिए व्यक्तिगत रूप से जाने में क्या गलत है।

काठमांडू का दौरा अन्य राज्यों के अलावा पंजाब और उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों में पार्टी के खराब प्रदर्शन के तुरंत बाद किया गया था। राहुल गांधी ने तब यूरोप का दौरा भी किया था। उन चुनावों से पूर्व वह दिसम्बर माह में इटली चले गए थे और जनवरी के मध्य में लौटे।

वे मई के उत्तरार्द्ध में भी विदेश गये थे। इंग्लैंड के केम्ब्रिज की इस यात्रा पर भी, भाजपा नेताओं ने राजनैतिक स्वीकृति लेने के उनके इनकार पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राम सेतु

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 जुलाई। सर्वोच्च न्यायालय बुधवार को इस बात के लिये सहमत हो गया कि भाजपा नेता डॉ. सुब्रमन्यम स्वामी की उस याचिका की सुनवाई 26 जुलाई को की जायेगी, जिसमें उन्होंने केन्द्र को ऐसे निर्देश दिये

- **राम सेतु को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने के मसले पर सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है, इस पर 26 जुलाई को सुनवाई होगी।**

जाने की माँग की है कि वह ''राम सेतु'' को राष्ट्रीय धरोहर स्मारक घोषित करे।

राम सेतु, जिसे आदम के पुल के नाम से भी जाना जाता है, लाइमस्टोन शोल्स का एक शृंखला है, जो तमिलनाडु के दक्षिण-पूर्व तट के पास स्थित पम्बन द्वीप से श्रीलंका के उत्तर-पश्चिम तट के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ''रिन्युएबल एनर्जी'' कंपनियों को भुगतान का मामला अब सुलझेगा?

## तीन साल से ''रिन्युएबल एनर्जी'' कंपनियां सरकारी ग्रिड में बिजली दे रही थीं, परंतु इसके एवज में कोई भुगतान नहीं मिल रहा था

-यादवेन्द्र शर्मा-

जयपुर, 13 जुलाई। प्रदेश में ''रिन्युएबल एनर्जी सर्टिफिकेट'' (आर.ई.सी.) स्कीम के तहत सोलर तथा विंड मिल से अक्षय ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में निवेश करने वाली कम्पनियों और संस्थाओं द्वारा राजस्थान सरकार के खिलाफ दायर मामले का राजस्थान हाई कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई थी। न्यायाधीश एस.एस. श्रीवास्तव और न्यायाधीश शुभा मेहता ने मामले की सुनवाई करते हुए इस केस को अगले माह पांच तारीख को अंतिम सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया और साथ ही कहा कि न्यायालय राज्य सरकार या किसी अन्य पार्टी को इस मामले में किसी भी कारण से स्थगन के आदेश जारी नहीं करेगा।

जैसा कि विदित है कि आर.ई.सी. स्कीम के तहत राज्य व केन्द्र सरकार ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करने के लिए कई कम्पनियों और संस्थानों को प्रोत्साहित किया। इन कम्पनियों को राज्य सरकार ने अपनी अक्षय ऊर्जा को 2012-13 की नीति के तहत आश्वासन दिया था कि सभी संस्थाओं और कम्पनियों को 25 वर्ष तक सतत् लाभ यानि स्थायी ''रेट ऑफ रिटर्न'' पहुंचायेगी ताकि इन कम्पनियों को घाटा न हो। राज्य सरकार की अक्षय ऊर्जा नीति में समाहित था कि राज्य सरकार अगले 25 वर्ष तक इन कम्पनियों से ऊर्जा स्थाई दर पर खरीदेगी ताकि उन्हें नुकसान ना हो।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2012-13 में सोलर पैनलों में बनने् वाली

- **हाई कोर्ट भी अभी तक ''रिन्युएबल एनर्जी'' कंपनियों और सरकार के बीच समझौता होने की संभावना पर कार्य कर रहा था और तारीखों पर तारीख दिये जा रहा था।**
- **पर अब हाई कोर्ट ने निर्णय लिया है कि, 5 अगस्त को इस मामले पर दो-तीन दिन लगातार सुनवाई कर अपना निर्णय देगा।**
- **रिन्युएबल एनर्जी कंपनियों में हाई कोर्ट के इस आदेश से हर्ष और उत्साह दिख रहा है।**

अक्षय ऊर्जा को मार्केट में 16 से 18 रुपये प्रति यूनिट की दर पर बेचा जाता था। परंतु वर्ष 2019 के बाद से टैक्नोलॉजी में सुधार और सोलर पैनलों के निर्माण में लागत कम होने की वजह से सोलर पैनलों से बन रही अक्षय ऊर्जा की प्रति युनिट दर में भारी गिरावट आई। यहां तक कि 2019 में राज्य सरकार को ''ओपन टैण्डरों'' में ''सोलर फार्म्स'' में 2.86 रुपये प्रति यूनिट की दर पर उर्जा मिल रही थी।

''सोलर तथा विंड मिल से निर्मित ऊर्जा ''ओपन मार्केट'' में सस्ते दामों में मिल रही थी इस लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2018-19 में आर.ई.सी. स्कीम के तहत अक्षय उर्जा क्षेत्र में निवेश कर चुकी कंपनियों से नया ''पावर परचेज़ एग्रीमेंट'' (पी.पी.ए.), यानि अक्षय उर्जा खरीदने की नयी दर, तय करना चाहती थी। परंतु समझौते नहीं होने के कारण सरकार आर.ई.सी. स्कीम के तहत निवेश कर चुकी करीब 108 प्राईवेट तथा सरकारी संस्थाओं व कंपनियां पिछले तीन साल से बिजली उत्पादन के लिए कोई पैसा नहीं दे रही है।

वर्ष 2019 से इन 108 कंपनियों ने हाई कोर्ट में राज्य सरकार के खिलाफ याचिकायें दायर कर रखी थीं, क्योंकि सरकारी ग्रिड में बिजली डालने के बाद भी उन्हें सरकार पैसा नहीं दे रही है।

मंगलवार को भी राज्य सरकार ने कहा कि सरकार और सभी 108 संस्थाओं या कंपनियों के बीच बातचीत का कोई निष्कर्ष नहीं निकला है। सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने कहा कि राज्य सरकार आर..ई.सी. स्कीम के तहत सौर उर्जा बनाने वाली कंपनियों को 2.24 रुपये प्रति यूनिट की दर पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बालिका से रेप

श्रीगंगानगर, 13 जुलाई (कासं)। रायसिंहनगर इलाके के एक गांव में नानी के साथ स्कूल से घर लौट रही दस साल की बच्ची से रेप का मामला सामने आया है।

रायसिंह नगर एस.एच.ओ. गणेश कुमार के अनुसार बच्ची रायसिंहनगर

- **दस साल की यह बच्ची अपनी नानी के साथ स्कूल से घर लौट रही थी, रास्ते में वह थोड़ा आगे निकल गई तो आरोपी युवक ने उसे घर छोड़ने की बात कह कर बाइक पर बिठा लिया और स्कूल के पास खंडहर में ले जाकर रेप किया।**

इलाके के एक गांव में अपनी नानी के पास आई हुई थी। वह अपनी नानी के साथ अपने भाई की टीसी लेने के लिए स्कूल में गई थी। वहां से वापस लौटने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

अत्याचार और भय दोनों कायरता के दो पहलू हैं। –अज्ञात

# सेनाओं में भर्ती की अग्निपथ-अग्निवीर योजना--गरीब ग्रामीणों व किसानों पर प्रहार

भारत की सेनाओं में, सबसे निचले पायदान पर सैनिक भर्ती की अब तक की प्रचलित भर्ती प्रक्रिया के स्थान पर नई अग्निवीर/अग्निपथ योजना की घोषणा को महीना होने को आया।

इस अवधि में सेना के सभी अंगों के सेवारत व सेवा निवृत्त उच्च अधिकारियों, सेना के सेवा निवृत्त कनिष्ठ स्तरीय अधिकारियों, भूतपूर्व सैनिकों, सरकार के कई मंत्रियों, उच्चाधिकारियों, सत्तासीन राजनीतिक पार्टी के बड़े नेताओं के विचार सामने आ चुके हैं।

सभी प्रमुख समचार पत्रों, टीवी चैनल्स में भी विस्तार से इस योजना पर चर्चा हुई है।

भाजपा से भिन्न राजनीतिक दलों के भी विभिन्न प्रकार से धरना-प्रदर्शन आदि के माध्यम से इस योजना के पक्ष में कम और विपक्ष में ज्यादा विचार सामने आए।

इन सब माध्यमों से इस योजना के संबन्ध इसके पक्ष, विपक्ष में जो विचार प्रकट हुए उनका सार निम्नानुसार है:-

1. इस योजना के पक्ष में जो विचार आए है, उनके अनुसार इस योजना का प्रमुख उधेश्य भारतीय सेना की औसत उम्र यथा सम्भव 26 से 30 वर्ष रखना है अर्थात भविष्य की युवा भारतीय सेना जो हर दृष्टि से इजराइल, रूस, अमरीका, चीन आदि देशों की सेनाओं जैसी होगी। जनता में सेना के प्रति ओर आदर बढ़ेगा।

शनैः शनैः देश में 25-26 वर्ष से अधिक आयु का एक ऐसा वर्ग होगा जो सैन्य अनुशासन में ढला होगा।

इस योजना के माध्यम से समाज में अनुशासन बढ़ेगा

समाज को इसका बहुत लाभ होगा।

चार साल के पश्चात जो युवक सेना से बाहर होंगे वे ज्यादा स्किल जानने वाले, अनुशासित युवा होंगे जिन्हें सरकारी और प्राइवेट सेक्टर में आसानी से नौकरियां उपलब्ध होंगी अथवा उन्हें जो फंड मिलेगा उस से वे आसानी से अच्छा व्यापार-धन्दा कर, स्वरोजगरित होंगे औऱ दूसरों के लिए भी रोजगार सृजक बन सकेंगे।

वर्तमानं में रक्षा बजट का बहुत बड़ा भाग वेतन, पेंशन मद में व्यय होने के कारण, सेनाओं को आधुनिकतम हथियार आदि उपलब्ध कराने और सेना के आधुनिकीकरण के लिए पर्याप्त धन शेष नही रहता।इस योजना के लागू होने के बाद आधुनिकतम हथियारों के क्रय के लिए अधिक धनराशि उपलब्ध होगी। आधुनिकतम हथियारों से सुसज्जित आधुनिक सेना देश की रक्षा में अधिक सक्षम होगी। इस से विश्व में देश का गौरव बढ़ेगा।

एक न समझ में आ सकने वाला सा तर्क यह भी सामने आया कि इस योजना से देश की सेना सही माइनों में अखिल भारतीय सेना होगी। (क्या अब ऐसी नहीं है????) वर्तमान में तो देश के मात्र 150-175 जिलों से ही लोग सेना में भर्ती होते है किन्तु इस योजना के माध्यम से देश के 733 जिलों के हर कोने से, हर जाति, वर्ग का युवा, सेना की प्रत्येक वेकेंसी के लिए भर्ती का हकदार होगा। इस योजना के बाद, यह पीपल्स सेना होगी जिसकी पहचान किसी क्षेत्र या वर्ग से जुड़ी नहीं होगी।

सरकार के उच्चतम स्तर से यह साफ कर दिया गया कि यह योजना वापिस नहीं ली जाएगी। युवाओं के हित के लिए यह योजना है, जिसको नोजवान अभी समझ नही पा रहे।

कुछ अधिकारीयों-नेताओं का तो यहां तक कहना था कि सेना कोई रोजगार की स्कीम थोड़े ही न है? देश सेवा का अवसर है।

तो फिर, राज्य सेवा आयोगों आदि के माध्यम से जो विभिन्न प्रकार की भर्तियां होती है वे रोजगार है या ओर कुछ??

2. इस योजना के विपक्ष में जो तर्क, विचार आए उनमें सबसे प्रमुख यह है कि इस पर संसद व उसकी समितियों में व अन्य स्तरों पर व्यापक विचार-विमर्श नहीं हुआ। विचार-विमर्श हुआ भी होगा तो केवल उच्च अधिकारियों, नेताओं तक सीमित रहा होगा। सेना भर्ती का एक प्रमुख स्टेकहोल्डर युवा वर्ग है। उनसे कोई विचार-विमर्श नहीं हुआ। अचानक से निर्णय ले लिया गया।

अमरीका, इजराइल, यूके, रुस आदि देशों में और हमारे देश की युवा जनसँख्या में भारी अंतर है। वहां कमी और यहां आवश्यकता से अधिक हैं। वहाँ की परिस्थितियां भिन्न है। दूसरे देश की नीतियों का अंधानुकरण घातक भी हो सकता है।

**अग्नि वीरों के तो चार साल यही तलवार लटकती रहेगी कि चार साल बाद क्या होगा? इस प्रकार की मनस्थिति में रहकर वे रेगुलर सैनिकों के साथ पूर्ण सामंजस्य के साथ काम कर पाएंगे या फिर, मात्र उनके ऑर्डरली के रूप में ही काम करेंगे? क्या 06 माह में अग्निवीर सैनिक इन सब परिस्थियों में युद्ध के लिए ढलना सीख जाएगा?**

कुछ पूर्व सैनिकों का कहना था कि सेना में जो भी हथियार राइफल, मशीनगन, तोप, टैंक, मिशाइल आदि व अन्य कोई भी दूसरे हथियार काम आते है, उसे अकेला व्यक्ति हंडेल करेगा या एक से अधिक व्यक्ति, इसके नॉर्म्स तय है। इन नॉर्म्स नें बिना कोई परिवर्तन के सेना के मैनपावर में कटौती का क्या औचित्य? 06 माह की ट्रेनिंग में जवान इन सब हथियारों की सिखलाई में पारंगत हो जाएगा इस पर पूर्ण शंसय है।

भारत की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मरुस्थल, पहाड़, नदियां, बर्फानी चोटियां, समुद्र सब हैं, क्या 06 माह में अग्निवीर सैनिक इन सब परिस्थियों में युद्ध के लिए ढलना सीख जाएगा?

अग्नि वीरों के तो चार साल यही तलवार लटकती रहेगी कि चार साल बाद क्या होगा? इस प्रकार की मनस्थिति में रहकर वे रेगुलर सैनिकों के साथ पूर्ण सामंजस्य के साथ काम कर पाएंगे या फिर, मात्र उनके ऑर्डरली के रूप में ही काम करेंगे?

क्या भिन्न प्रान्तों व वर्गों के सैनिकों से बनी सैन्य टुकड़ियां जैसे सेक्सन, पलटून, कम्पनियां पूरे जोश, गहन सामंजस्य से काम कर पाएगी?

यदि एक अग्निवीर की 4 साल की अवधि में युद्ध जैसी अत्यंत कठिन परिस्थितियां उत्तपन्न होने पर उन्हें अग्रिम पंक्तियों में दुश्मन का सामना करने को कहा जाएगा तो अनुशासन सम्बन्धी क्या क्या परिस्थितियां सामने आ सकती हैं, इस पर विचार किया गया?

75 प्रतिशत छंटनी किये गए अग्निवीरों में से कुछ को नोकरियाँ मिल जाएंगी, कुछ अपना व्यवसाय आदि भी कर लेंगे किन्तु जो भी इस प्रकार एडजस्ट नहीं जो पाएंगे, उन में से सब नहीं तो कुछ जरूर विभिन्न प्रकार के अवैध कार्यों में संलिप्त गैंग्स में शूटर के रूप में जगह पा लेंगे। इस से समाज में गम्भीर अपराधीकरण की स्थितियां उत्पन्न हो सकती है।

इसके अतिरिक्त 4 साल बाद 25 प्रतिशत कैसे रखे जाएंगे, 75 प्रतिशत की छंटनी कैसे होगी, इसमें कितनी पारदर्शिता, ईमानदारी होगी इसमें भी अस्पष्टता है। अब भी भर्तीयों में भ्रष्टाचार के आरोप आम चर्चा के विषय रहते हैं।

3. कुछ अभिभावकों के भी विचार सामने आए। उनका कहना था रोजगार है ही कहाँ? इस योजना में हजार कमजोरियां हैं किन्तु गरीबों के पास विकल्प क्या है? हमारी मजबूरी है कि हमे बच्चों को इसके लिए भी कोचिंग्स में खर्चा कर तैयार करवाना पडेगें, चाहे चार साल बाद वे पुनः बेरोजगार ही क्यों न हो जाएं?

ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारों की शादी नहीं हो पाती है। पेरेंट्स यह भी सोचते हैं कि 4 साल के लिए ही सही, एक बार इसके सहारे बच्चों की शादी तो हो।

4. गांव के किसानों, मजदूरों से भी चर्चा की और उनकी जो समझ-शंकाएं सामने आई, वे निम्नानुसार हैं::--

ग्रामीण क्षेत्रो में यह भी आम चर्चा का विषय है कि सरकार की यह नीति गरीब ग्रामीणों-किसानों के बच्चों के विरुद्ध है। सांसद, विधायक अपने पेंशन, भत्ते आदि का त्याग कर, सेना के व सिविल साइड के अफसर कुछ कुछ त्याग कर, उदाहरण प्रस्तुत करें और फिर जनता से उनकी बातों का अनुशरण करने को कहें। जिसके पैर फटे न बीवाई वह क्या जानें पीर पराई?? ज्यादा न सही, स्थाई अधिकारियों, कर्मचारियों की सेवा अवधि 5 साल ही घटाओ,फिर देखो कितनी स्वीकार्य बनती है।

कुछ सामान्य लोगों का तो यहां तक मानना है कि सेना के आधुनिकीकरण लिए धन की उपलब्धता का बहाना भी सही नही। सरकार अनावश्यक खर्चे कम करके, सरकारी खरीदों-प्रोजेक्ट्स के कार्यों में कमीशन खोरी रोक कर तथा कम वरीयता वाले प्रोजेक्ट्स पर व्यय रोक कर इस कार्य हेतु धन निकाल सकती है। देश की सुरक्षा पर व्यय से बड़े अन्य प्रोजेक्ट्स पर व्यय या अनावश्यक व्यय नहीं हो सकते।

कुछ ग्रामीण,किसानों का कहना था कि किसानों, गांव वालों की सुनता कोन है? सरकारी फैसले लेने में उनकी परिस्थितियों से अनिभिज्ञ लोग बैठकर फैसले कर लेते हैं। उन्हें न फसल का सही मूल्य मिलता, न सही गणना से घोषित होती, न पर पूरी खरीदी होती, न उन्हें जो खाद-बीज-दवाइयां बाजार से लाने पड़ते है उसके मूल्यों पर कोई लगाम। ऊपर से आवारा पशुओं से फसल नष्ट हो रही हैं किन्तु आवारा पशुओं की पैरवी करने के लिए तो गली-गली में विभिन्न पट्टाधारी लोग घूमने लग गए -आवारा पशु का कुछ नही कर सकते। सरकार यदि मनरेगा मजदूरी के बराबर दिहाड़ी वाली कच्ची नोकरी भी देगी तो हम गरीबों को तो उस ओर भागना ही पड़ेगा--

(उपरोक्त सब, आम आदमी के विचार है जो उन्होंने चर्चाओं में बताया)

6. कुछ लोगों के सुझाव भी आए है जैसे कि--

शुरू में अग्निवीरों की छंटनी 4 के बजाय 5, 6, 7 साल में कई जानी चाहये

शुरू के 5-7 साल के लिए छंटनी 75 प्रतिशत के बजाए 40-50 प्रतिशत की जाए। इसके पश्चात, इसका प्रभाव, स्वीकार्यता, कमियों का अध्ययन कर योजना को ओर बेहतर बनाया जा सके।

5 साल बाद जब भी अग्निवीरों को रिटायर किया जाए, उन्हें वर्तमानं में प्रस्तावित पेकेज के अतिरिक्त सेवा के प्रति वर्ष के लिए एक माह की अतिरिक्त धनराशि दी जाए जो एक प्रकार से ग्रेच्युटी (जो अच्छी सेवा का प्रतीक होती है) कही जा सकती है।

उन्हें पूर्व सैनिक का सम्बोधन दिया जाए। पूर्व सैनिकों को मिलने वाली समस्त अन्य सुविधाएं दी जाएं।

एक निश्चित पूंजी आधार या अन्य मानदंडों के अनुसार चिन्हित 100-50 बड़ी सरकारी, प्राइवेट कम्पनियों में सुरक्षा विभाग में सुपरवाइजरी स्टाफ व प्रहरियों के समस्त पद अग्निवीरों के लिए आरक्षित किए जाएं जिस से यह पता चले कि इन कम्पनियों को इस योजना की स्वीकार्यता का स्तर वास्तविक है या मात्र दिखावटी।

केंद्र व राज्यों के अर्धसैनिक बलों में प्रतिवर्ष की भर्तियों में कम से कम आधे पद पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित किए जाएं। इसके लिए केंद्र व राज्य सरकार अविलम्ब नियमों में आवश्यक संशोधन करें।

हर साल 50 लाख नए युवा रोजगार चाहते हैं--करोड़ों न करोड़ युवा रोजगार बाजार में घूम रहे हैं। घूम फिर कर सार यह निकलता है कि देश में रोजगार की भयंकर कमी और इसका समाधान हर क्षेत्र में तीव्र गति से रोजगरों के सृजन से ही होगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**महावीर सिंह,**
**आई.ए.एस. ( से.नि. )**

# दो का पागलपन : एक खतरनाक मनोविकार

ब्रिटिश राज सेभारतीय उपमहाद्वीप की आजादी के समय एक प्रतिष्ठित व्यक्ति लखनऊ से बड़े सपनों, बड़ी उम्मीदों के साथ पाकिस्तान गया। उसे वहां जाते ही एक मामूली-सी नौकरी मिली जो बच्चों की प्लाटून का पेट नहीं भर सकती थी। आर्थिक दबाव से यह व्यक्ति जल्द ही मर गया तो उसकी दुखी पत्नी विलायत महल ने एक दिन मौका मिलने पर पाकिस्तान के प्रधान मंत्री को थप्पड़ मार दिया। उसे पागलखाने भेज बिजली के झटके लगाए गए।

वहां से छूटते ही वह किसी तरह भारत भाग आयी और दिल्ली रेलवे स्टेशन के विश्राम गृह पर यह कह कर कब्जा जमा लिया कि वह और उसके बच्चे अवध के राज परिवार के वारिस हैं और उन्हें उनकी संपति वापस की जाए। अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दबाव में आकर भारत सरकार ने 1970 के दशक में दिल्ली के जंगल में एक टूटी-फूटी शिकारगाह, जिसका नाम मालचा महल था, उस परिवार को दे दिया। विलायत महल ने अपने बेटे और बेटी को इस भ्रम में डाल रखा था कि वे राज परिवार के सदस्य हैं जबकि असल में तो वे एक मध्यम परिवार के लोग थे। उनकी असलियत का खुलासा न्यू यॉर्क टाइम्स की महिला पत्रकार एलेन बेरी ने 2020 में किया। इस बीच विलायत महल, उसका बेटा और बेटी कंगाली की जिंदगी जीते हुए मर गए।

इस पूरे मामले में एक बात उभर कर सामने आती है कि विलायत महल ने अपने झूठे सपनों की कहानी में अपने पढ़े लिखे बच्चों को भी बांध लिया जिसके फलस्वरूप वे निहायत ही निक्कमे और घमंडी हो गए। एक मानसिक रूप से बीमार इंसान ने दो और लोगों को मानसिक रोगी बना दिया। आधुनिक चिकित्सा की मानसिक रोग शाखा में इस तरह की बीमारी को फोली अ ड्यू यानि दो लोगों की मानसिक विकृति कहा जाता है। इसको दोहरा पागलपन, सोहबत का मनोविकार, साझा मनोविकार या फिर प्रेरित मनोरोग भी कहा गया है।



डॉ रामावतार शर्मा

फोली अ ड्यू फ्रेंच शब्द है जिसका मतलब होता है दो लोगों की मूढ़ता। इसमें एक व्यक्ति प्राथमिक रोगी होता है जो कि अपने आप को किसी अति भ्रम की स्थिति में ले जाता है जैसे कि उपरोक्त उदाहरण में विलायत महल थी। यह व्यक्ति फिर दूसरे या अन्य कई लोगों को अपनी ही स्थिति में ले आता है जिससे सामूहिक मनोरोग फैल जाता है। इस से भी भयानक हादसा कई साल पहले दिल्ली में हुआ था जिसमें एक ही परिवार के दस सदस्यों ने आत्महत्या

**■ आज सामाजिक मीडिया द्वारा एक व्यक्ति दूसरे हजारों लोगों को प्रभावित कर रहा है**

कर ली और अपनी बुजुर्ग दादी को गला घोट कर मार डाला था। पुलिस को इस घर से कई डायरियां मिली जिसमें विगत 11 वर्ष से ये लोग सामूहिक आत्महत्या द्वारा पूर्ण आनंद एवम् वापस जीवित हो जाने के सपने देखते थे। परिवार का एक युवा सदस्य प्रथम रोगी पाया गया जिसने अन्य सब को प्रभावित किया।

आज हम लोग इंटरनेट द्वारा एक मायावी दुनिया में जीने लगे हैं जहां सामाजिक मीडिया द्वारा एक व्यक्ति दूसरे हजारों लोगों को प्रभावित कर रहा है। हम लोग देश, धर्म, धर्म के स्थापकों, ऐतिहासिक पात्रों और राजनीति के नायकों, खलनायकों के बारे में अप्रमाणिक बातों को सत्य मान रहे हैं। पुस्तकों के स्थान पर फिल्मों, वीडियो तथा कॉपी पेस्ट आदि द्वारा प्रभावित हो कर उदयपुर हत्याकांड जैसे जघन्य अपराध करने लगे हैं। फोली अ ड्यू अब दो की बजाय हजारोंमें फैल सकता है, राष्ट्रीय उथल पुथल को जन्म दे सकता है। अभी कुछ समय पहले तमिलनाडु में एक माता-पिता ने नींद में सोई अपनी दो युवा पुत्रियों की खोपड़ियां भारी पत्थरों से इसलिए खोल दी कि उनमें छुपी प्रेतात्मा बाहर निकल जायेगी और सूर्योदय के साथ ही बेटियां फिर जीवित हो जाएंगी।

ये उदाहरण हमें सचेत करते है कि तेजी से परिवर्तित होते समय और जीवनशैली द्वारा यह एक वैश्विक महामारी का रूप ले सकता है जिसमें लोग बड़े स्तर पर हिंसा कर सकते हैं। मनोचिकित्सक अब फोली अ फैमिले (परिवार का पागलपन) की बातें करने लगे हैं तो फिर फोली अ नेशन (राष्ट्र का पागलपन) क्यों नहीं हो सकता?

**डॉ रामावतार शर्मा,**
**चिकित्सक एवं लेखक**

# गहरे गड्ढों में तब्दील 50 गांवों को मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क

**हिण्डौन सिटी,**(का.सं.)। उपखंड मुख्यालय से खरेटा तक की सड़क में गहरे गड्ढे बन चुके हैं । ऐसे में 50 गांव के लोगों की उपखंड मुख्यालय तक पहुंचने की राह मुश्किल हो गई है। नगर परिषद के नेता प्रतिपक्ष दिनेश सैनी ने बताया कि इस सड़क का निर्माण पिछले लगभग दो दशक से नहीं हुआ है । वर्तमान

**■ स्कूल पहुंचने में बच्चों व शिक्षको को हो रही परेशानी**

में बाढ़ , करसौर्ली , आरेणी, बमनपुरा, खोहरा, घूसेटी, जगर, कोटवास, नथे का पूरा, अटक, पोछड़ी, मासलपुर ,मदनपुर, खेड़ा, सिलोती, काछीपुरा, पटपरीपुर, जेवर, नागरियां का पूरा, नृसिंहपुरा, खीप का पूरा, खाना कर पूरा सहि लगभग 50 गांवों के लोगों रोजाना स्कूल जाने में परेशानी हो रही है व छात्र-छात्राए एवं अध्यापक व ग्रामीण परेशान है।



गड्ढों मे तब्दील सड़क पर जान जोखिम में डाल सफर कर रहे हैं ग्रामीण

# जीर्ण-क्षीर्ण अवस्था में गौरवशाली अतीत की कहानी बयां करता इंदौर का किला

इंदौर का किला अलवर से लगभग आठ कि.मी. दूर टपूकड़ा-नूंह मार्ग पर चारों ओर हरी भरी पहाड़ियों से घिरे इंदौर गांव में स्थित है। किले पर जाने वाले रास्ते उबड़-खाबड़, टेढ़े-मेढ़े और कंटीले हैं। सुरक्षा की दृष्टि से उपयुक्त स्थान होने के कारण तत्कालीन खानजादा शासकों ने चौदहवीं शताब्दी में इस किले का निर्माण करवाया था।

अरावली की पहाड़ियों की गोद में स्थित यह किला जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। किले के खण्डहरनुमा भवन अपने गौरवशाली अतीत की कहानी स्वयं बयां करते हैं। यह किला अपने सुनहरे दौर में दिल्ली के हुक्मरानों को अपनी ताकत का अहसास कराता था। किले तक पहुंचने के लिए लगभग एक कि.मी. संकरे कच्चे रास्ते से होकर जाना पड़ता है। किले पर स्थित मुख्य महल व मकबरे तक पहुंचने के लिए लगभग चार कि.मी. पैदल चलना पड़ता है। उबड़-खाबड़ कंटीला रास्ता होने के कारण किले के अंतिम छोर तक पहुंचने में कठिनाई आती है।

किले की सुदृढ़ दीवारें किले की भव्यता की गवाही देती हैं। किले में लोक देवता पाबूजी का मन्दिर है। यहां दशहरे पर मेला भरता है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग पाबूजी के दर्शन करने आते हैं। किले में एक तरफ शासकों



पन्नालाल मेघवाल

की दस मजारें बनी हुई हैं। किले के बाहर गांव के निकट अठारहवीं शताब्दी की एक मजार यहां की विशालता को दर्शाती है।

1398 ईस्वी में तैमूर के दिल्ली पर आक्रमण के समय इंदौर पर बहादुर नाहर खानज़ादा का शासन था। दिल्ली पर इब्राहिम लोदी के शासन के दौरान यहां पर ज़लाल खान खानज़ादा की हुकूमत थी। दिल्ली पर बाबर के शासन के दौरान इंदौर आगरा सूबे का परगना था। यहां के शासक बाबर के खिलाफ रहे और इंदौर किले का उल्लेख आईने अकबरी में किया गया है। दुर्गम रास्तों के बीच स्थित किले पर मुगल कभी आक्रमण नहीं कर सके। अठारहवीं शताब्दी में इस किले पर कई बार आक्रमण हुए। पहले भरतपुर के जाट राजाओं ने इस किले पर आक्रमण किया। लेकिन किले को आर्थिक दृष्टि से उपयुक्त नहीं मानते हुए उन्होंने इस ओर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। इसके बाद में मराठों ने किले पर कब्ज़ा किया। उनसे अंग्रेजी हुक्मरानों ने किले को अपने कब्ज़े में लिया लेकिन यहां की विषम भौगोलिक स्थिति के कारण आक्रमणकारी किले को लूटने के बाद सूना छोड़कर चले गए। 1808 ईस्वी में अलवर के राजा बख्तावरसिंह ने किले को अपने अधीन कर लिया। भारत सरकार एवं राज्य सरकार ने अलवर, नीमराणा एवं तिजारा किलों को हेरिटेज होटलों में तब्दील करवाया जिससे ये स्थल पर्यटकों के आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं।

1961 ईस्वी में पुरातत्व विभाग ने इस किले को संरक्षित घोषित किया लेकिन इसके जीर्णोद्धार संबंधित कोई कार्य नहीं किया। यदि इस किले को हेरिटेज होटल में तब्दील कर दिया जाता तो यह किला भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र होता।

**पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार।**

# राज्य सरकार ने चार हजार स्कूल क्रमोन्नत किये, एक में भी प्राचार्य नहीं

**बीकानेर**, (कासं)। सरकार की ओर से बजट में राज्य के चार हजार माध्यमिक स्कूलों को उच्च माध्यमिक में क्रमोन्नत करने का तोहफा दिया गया जिससे बच्चे व अभिभावक खुश हुए, लेकिन अब इन स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था पर भारी पड़ रहा है, इन चार हजार स्कूलों में से अभी तक एक में भी प्राचार्य नहीं है। साथ ही इन स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था के लिए 20 हजार स्कूल व्याख्याताओं की जरूरत है।

जिनके बिना अभी माध्यमिक कक्षाओं को पढ़ा रहे वरिष्ठ शिक्षकों से काम चलाया जा रहा है जो नियम विरुद्ध है। क्योंकि उच्च माध्यमिक कक्षाओं को पढ़ाने की योग्यता एमए बीएड है ओर जो वरिष्ट अध्यापक वर्तमान में अध्यापन करवा रहे हैं, उनमें से अधिकांश बीए बीएड है। इन स्कूलों में अध्ययन करने वाले उच्च माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्कूल क्रमोन्नत होने के बाद माध्यमिक शिक्षा के पूर्व निदेशक कानाराम ने राज्य सरकार को इन स्कूलों में पद भरने के लिए पत्र भी भेजा था लेकिन अभी तक ना तो नई भर्ती हुई है ना ही पदोन्नति हुई है जिससे स्कूलों में पद रिक्त है।शिक्षक नेता मोहर सिंह सलावद ने बताया कि उच्च माध्यमिक स्कूल में ऐच्छिक विषयों के तीन व्याख्याता तथा हिन्दी-अंग्रेजी अनिवार्य विषय के

**■ इन स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था के लिए 20 हजार स्कूल व्याख्याताओं की जरूरत**

**■ अभी माध्यमिक कक्षाओं को पढ़ा रहे वरिष्ठ शिक्षकों से काम चलाया जा रहा है**

एक-एक व्याख्याता सहित प्रति स्कूल पांच पद की आवश्यकता है।

इस तरह चार हजार स्कूलों के लिए ऐच्छिक विषयों के लिए 12 हजार तथा हिन्दी-अंग्रेजी अनिवार्य के लिए चार-चार हजार व्याख्याताओं की आवश्यकता है। साथ ही एक-एक सहायक प्रशासनिक अधिकारी का पद भी खाली है।शिक्षा विभाग ने शिक्षण व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए विद्या संबल योजना के तहत गेस्ट फैकल्टी का सहारा लेने की घोषणा की परन्तु अभी तक गेस्ट फैकल्टी की योजना भी सिरे नहीं चढ़ पाई है। सरकार ने नया शिक्षा सेवा नियम लागू कर दिया फिर भी विभाग दो सत्रों की वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता पदोन्नति सूची जारी होने के बाद भी पदोन्नति नहीं कर रहा है।

## राशिफल गुरूवार 14 जुलाई, 2022



पंडित अनिल शर्मा


सावन मास, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2079, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रात्रि 8:18 तक, वैधृति योग प्रातः 8:27 तक, बालव करण दिन 10:12 तक, चन्द्रमा मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-मकर, मंगल-मेष, बुध-मिथुन, गुरू-मीन, शुक्र-मिथुन, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज वैधृति पूण्य और अशून्य शयन व्रत।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ सूर्योदय से 7:28 तक, चर 10:50 से 12:33 तक, लाभ-अमृत 12:33 से 3:56 तक, शुभ 5:38 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:46, सूर्यास्त 7:19




**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।




**वृष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।



**मिथुन**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।




**कर्क**
परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा।




**सिंह**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।




**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।



**तुला**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक-सामाजिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।



**वृश्चिक**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




**धनु**
व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।



**मकर**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति ठीक रहेगी। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। कार्य योजनानुसार सम्पन्न होंगे। व्यावसायिक कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होंगे।



**कुंभ**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। पारिवारिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।



**मीन**
अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा।

# नेटबंदी के चलते 17000 किसान जमा नहीं करा पाये फसली ऋण

## सरकार ने बढ़ाई फसली ऋण जमा कराने की अंतिम तिथि, बैंकों को नहीं मिले आदेश

**झुंझुनूं**, 13 जुलाई। नेट बंदी ने झुंझुनूं जिले के करीब 17 हजार किसानों को परेशानी में डाल दिया हैं। नेट बंदी की वजह से किसान तय तिथि को अल्पकालीन फसली ऋण जमा नहीं करवा पाए। हालांकि सरकार ने किसानों को राहत देते हुए ऋण जमा करवाने की अंतिम तिथि बढाई हैं। मगर आदेश नहीं आने के कारण अब किसानों को फसली ऋण के साथ ब्याज और पेनल्टी जमा करवानी पड़ रही है। अल्पकालीन फसली ऋण चुकाने वाले किसानों की परेशानी अभी कम नहीं हुई है। राज्य सरकार ने फसली ऋण जमा कराने की अंतिम तिथि तो बढ़ा दी। लेकिन सहकारी बैंकों को आदेश जारी नहीं किए गए हैं। झुंझुनूं जिले के 84023 किसानों को अल्पकालीन फसली ऋण जारी किया था। इस लोन को 30 जून तक जमा कराना था। लेकिन नेट बंदी के कारण से 17087 किसान लोन जमा नहीं करा पाए। जिसके कारण 58 करोड़ 23 लाख 77 हजार एक सौ उनचालीस रुपए अल्पकालीन ऋण जमा नहीं हो पाया। जिस पर दो करोड़ दस लाख पिचेत्तर हजार आठ सौ चार रुपए ब्याज और पेनल्टी लग गई है। बैंकों के ऑनलाइन सिस्टम में 30 जून की आखिरी तिथि को लोन जमा नहीं होने पर किसानों के खातों में 7 फ़ीसदी ब्याज के साथ 2 प्रतिशत पेनल्टी भी जोड़ दी गई है। ऐसे में अभी किसान बकाया जमा कराने वाले किसानों को

■ **नेटबंदी से लगभग 58 करोड़ 23 लाख 77 हजार एक सौ उनचालीस रुपए अल्पकालीन ऋण जमा नहीं हो पाया**

9 फ़ीसदी ब्याज के साथ लोन की रकम जमा करानी पड़ रही है। दूसरी ओर बैंकों का तर्क है कि सरकार के आदेश को अपैक्स बैंक सिस्टम में लाएगा उसके बाद स्वत ही ब्याज व पेनल्टी कम हो जाएगी। नेटबंदी की वजह से किसान अल्पकालीन फसली ऋण जमा नहीं करवा पाए। ऐसे में अब बैंकों को आदेश मिलने में देरी की वजह से किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा हैं। साथ ही खरीफ की फसल के लिए भी परेशानी सामना करना पड रहा हैं।

### अभी तक नहीं आए लिखित आदेश : एमडी

जिले के करीब 17000 किसान लोन जमा नहीं करा पा रहे हैं। सहकारी बैंक अब भी किसानों से लोन जमा करते समय सात प्रतिशत ब्याज ले रहे हैं। जबकि सरकार के निर्णय के अनुसार किसान को ब्याज और पेनल्टी नहीं देनी है। सहकारी बैंक की एमडी सुमन कुमारी का कहना है कि उनके पास अभी सरकार का आदेश नहीं आया है। झुंझुनूं जिले के सहकारी बैंकों व समितियों ने 84023 किसानों को ब्याज मुक्त फसली लोन दिया था। जिसे जमा करवाने की अंतिम तिथि 30 जून थी। लेकिन 29 जून को राज्य में नेट बंदी लागू होने से किसान समय पर ऋण जमा नहीं करा पाए। इसमें जिले के 17087 किसान हैं। सरकार ने ऋण जमा कराने की अंतिम तिथि 30 जून से बढ़ाकर 31 अगस्त तक कर दी है। लेकिन सहकारी बैंकों को अभी तक आदेश जारी नहीं किए गए हैं।

# स्कूलों को क्रमोन्नत किया, लेकिन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नहीं लगाये

## कार्मिकों की भर्ती करवाने की मांग, राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने सीएम को पत्र भेजा

**बीकानेर,** (कासं)। राज्य के सरकारी प्रावि., उप्रावि तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के नवीन पद स्वीकृत करने तथा पूर्व से स्वीकृत रिक्त पदों पर कार्मिकों की भर्ती करवाने की मांग को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा।

संगठन के प्रदेश महामंत्री महेन्द्र कुमार लखारा व प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री रवि आचार्य ने बताया कि वर्तमान में प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद स्वीकृत नहीं है। वहीं अधिकांश उच्च माध्यमिक विद्यालयों में भी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद स्वीकृत नहीं है। ऐसे में विद्यालय में सहायक कर्मी से जुड़े काम किससे करवाये जाएं बड़ी दुविधा बनी हुई है।

संगठन के प्रदेशाध्यक्ष नवीन कुमार शर्मा ने बताया कि वर्तमान में 1200 रूपये प्रतिमाह पर विद्यालय

■ **प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद स्वीकृत ही नहीं है**

कोष से सफाईकर्मी रखा जा सकता है किन्तु प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विकास कोष ही नहीं होता है। यदि छात्र कोष में बजट उपलब्ध भी हो तब भी मात्र 1200 रुपये में कोई भी काम करने को तैयार नहीं होता।

संगठन के प्रदेश सभाध्यक्ष अरविन्द व्यास एवं प्रदेश संगठन मंत्री प्रहलाद शर्मा ने कहा कि राज्य में प्रावि, उप्रावि तथा उमावि की कुल संख्या तकरीबन 64553 है। तथा इन विद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के 25348 पद स्वीकृत है। जिनमें से करीब 6649 पदों पर ही चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कार्यरत है जो कुल स्वीकृत पदों के केवल 26 प्रतिशत है।

प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश विश्नोई ने बताया कि यदि प्रत्येक विद्यालय में एक ही चतुर्थ श्रेणी कार्मिक की नियुक्ति की जाये तो कुल-64553 कार्मिकों की आवश्यकता होगी। संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सम्पतसिंह एवं प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री रवि आचार्य ने बताया कि विद्यालयों में जमादार के करीब 456 स्वीकृत पदों पर तकरीबन 113 जमादार कार्यरत है। ऐसे में स्पष्ट है कि भारी मात्रा में पद रिक्त हैं व काम शिक्षकों अथवा बालकों की सहायता से पूरे किए जा रहे हैं।

संगठन की प्रदेश महिला मंत्री जयमाला पानेरी एवं प्रदेश मंत्री अरूण कुमार व्यास के अनुसार पूर्व से स्वीकृत पदों में भी तकरीबन 75 प्रतिशत पद रिक्त है।

# 'अनाज मंडी में किसानों की सुविधाओं पर फड़ अधिकारी के चेहते व्यापारियों का कब्जा'

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। किशनगढ़ बास में अधिकारियों की आंखों के सामने व्यापारी अनाज मंडी में बने किसानों के कॉमन फड़ पर अपना अधिकार जमाए

■ **कैमरे सालों से खराब, मुख्य गेट के सामने भरा रहता है पानी**

■ **अधिकारियों की अनदेखी व्यापारियों और किसानों के लिए बनी सिर दर्द**



किशनगढ़ बास अनाज मंडी के मुख्य गेट पर भरा पानी।

हुए हैं। लाखों की लागत से लगी मास्ट लाइट व कैमरे सालों से खराब पड़े है, गेट पर पानी भरा रहता है।

अनाज मंडी में किसानों की फसल को बारिश धूप से बचाकर रखने के लिए सरकार ने अलग से फड़ की व्यवस्था की है, आराम करने के लिए एयर कंडीशन भवन का निर्माण किया है। लाखों की मास्ट लाइट कैमरे लगाए गए हैं लेकिन मंडी में उल्टा ही हो रहा है यहां मंडी सचिव की शह पर किसानों के लिए बने कॉमन फड़ पर कुछ चेहते व्यापारी गोदाम के रूप में अपना डेरा जमाएं हैं।

कॉमन फड पर अधिकारी के चेहते व्यापारियों का इतना अधिक माल होता है की किसानों को बारिश में भी कॉमन फड पर फसल रखने के लिए जगह नहीं मिल पाती है। जिसके कारण खुले आसमान के नीचे बारिश में किसानों की फसल खराब हो जाती है और औने पौने दामों में किसानों को बेचकर जाना पड़ता है।

सरकार ने अनाज मंडी में एक एयर कंडीशनर हॉल का निर्माण किया हुआ है। उसका हॉल का फायदा भी किसानों नहीं मिल रहा है। इन दिनों अनाज मंडी में किसान सरसों की फसल लेकर पहुंच रहा हैं। मंडी टैक्स से सरकार को लाखों का राजस्व मिलने वाला है। मंडी सचिव की अनदेखी के कारण अनाज मंडी प्रांगण में लंबे समय से स्ट्रीट लाइट कैमरे खराब पड़े है।

## अमरनाथ यात्रा त्रासदी के प्रत्यक्षदर्शी पहुंचे जोधपुर

**जोधपुर,** (कासं)। अमरनाथ यात्रा त्रासदी के प्रत्यक्षदर्शी चांदपोल निवासी गोपाल देवड़ा और उनके साथ गए हुए यात्री आज वापस दो बसों में जोधपुर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शी गोपाल देवड़ा ने बताया कि 08 जुलाई शुक्रवार के दिन जोधपुर के यात्रियों को यात्रा की अनुमति मिली, सुबह 4 बजे सभी यात्री बालताल से अमरनाथ पवित्र गुफा कि तरफ़ बड़े और शाम को 5 बजे अमरनाथ महादेव के दर्शन कर लिए। वहां उस समय आरती की तैयारी चल रही थी। जोधपुर के तमाम यात्रियों ने वापस बालताल चलने का निर्णय लिया। ठीक उसी वक्त पवित्र गुफा के पास पहाड़ी के ऊपर से बादल फटने की वजह से जल का बड़ा सैलाब आया। इसमें बहुत बड़े- बड़े पत्थर तिनके की तरह बहते हुए नज़र आए। हम लोगों ने गुफा की सीढ़ियों से देखा कि जिस रास्ते से हम सभी यात्री आए थे वह पुरी तरह से विलुप्त हो चुका था। और जिन टेन्टों में लोग ठहरे हुए थे। वो भी पानी में बह रहे थे। कई यात्री बह गए थे। कई घायल हो गए तो कई यात्री तो सैलाब में दब गए।

## मैडिकल स्टाफ के एप्रेन से लेकर बेडशीट तक खादी के होंगे

**बीकानेर,** (कासं) देश के मेडिकल कॉलेज, सरकारी हॉस्पिटल और नर्सिंग होम में खादी के वस्त्रों की खरीद होगी। नेशनल मेडिकल कमीशन (राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग) ने एक आदेश जारी कर चिकित्सकीय पेशे से जुड़े डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ सहित मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में खादी के वस्त्रों का उपयोग करने की सलाह दी है। मेडिकल एजुकेशन बोर्ड की अध्यक्ष डॉ. अरुणा वी. वनिकर ने कहा कि यह वैज्ञानिक तौर से प्रमाणित हो चुका है कि खादी के वस्त्र और अन्य उत्पाद स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि पर्यावरण के लिए भी अनुकूल होते हैं।

ऐसे में खादी द्वारा उत्पादित वस्त्र जो विशेष रूप से चिकित्सा पेशेवरों के लिए डिजाइन और निर्मित किए जाते हैं, जैसे बेड-शीट, पिलो कवर, एप्रन, पर्दे, रोगी का गाउन, साबुन, हैंड-वॉश, फेनिल आदि की खरीद कर उनका उपयोग किया जाए। इससे खादी और

■ **खादी को सरकारी अस्पतालों का सहारा**

ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के तहत तैयार करवाए जा रहे हस्तशिल्प उत्पादों की बिक्री और विपणन को बढ़ावा मिलेगा।

देश के विभिन्न कर्मचारी बीमा निगम (ईएसआई) हॉस्पिटल में फिलहाल खादी के वस्त्रों की खरीद की जाती है। मेडिकल कॉलेज बीकानेर और इससे संबद्ध हॉस्पिटल में अगर खादी के वस्त्रों की खरीद की जाती है तो इसका सीधा लाभ बीकानेर के करीब 12 हजार कतिन और 300-400 बुनकरों को होगा। -शिशुपाल, संभाग अधिकारी राजस्थान खादी ग्रामोद्योग बोर्ड बीकानेर का कहना है कि नेताओं की पहुंच तक सीमित रही खादी पिछले कुछ सालों में लोकल से ग्लोबल हो चुकी है। इसका सालाना टर्नओवर पूरे देश में एक लाख करोड़ के ऊपर पहुंच चुका है।

## 5 बाल अपचारी छत के गेट को तोड़ फरार

**टोंक,** (निसं)। टोंक के राजकीय सम्प्रेषण गृह में उस समय हड़कंप मच गया जब सम्प्रेषण गृह से बुधवार को दोपहर में 5 बाल अपचारी छत के गेट को तोड़ फरार हो गए।

घटना की सूचना सम्प्रेषण गृह अधीक्षक ने सदर थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घटना का मौका मुआयना कर सीसीटीवी फुटेज देखे। दरअसल बाल सम्प्रेषण गृह के रामप्रसाद ने बताया कि हत्या जैसे जघन्य मामलों में विधि से संघर्षरत एक बाल अपचारी सहित 5 बाल अपचारी छत के गेट को तोड़ कर बाल सम्प्रेषण गृह की दीवार को फांद कर जंगलों के रास्तों से फरार गए। वहीं इस दौरान कुछ बाल अपचारियों के कपड़े और चप्पल भी भागते हुए मौके पर ही छूट गए हैं। पुलिस पांचों बाल अपचारियों की सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखकर तलाश में जुटी हुई है।

## अस्पताल की मोर्चरी में फिर बदले शव

**जोधपुर,** (कासं)। एमडीएम अस्पताल की मोर्चरी में पुलिस और अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के चलते आज एक पखवाड़ा बाद ही शव बदलने की दूसरी घटना हो गई।

प्राप्त जानकारी अनुसार रोहिट निवासी रामेश्वर नाबरिया (52) पुत्र नारायण नाबारिया की एमडीएम अस्पताल में कल शाम को मौत हो गई थी। परिजनों ने पोस्टमार्टम और अग्रिम कार्यवाही के लिये शव एमडीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जबकि राईकाबाग बच्चन निवास होटल के पास रहने वाले मानसिंह (32) पुत्र भंवरसिंह राजपूत ने आज सुबह दम तोड़ा जिसका शव भी पोस्टमार्टम के लिये मोर्चरी में रखवाया गया। इसी दौरान जल्दबाजी में रामेश्वर नाबरिया का पोस्टमार्टम कर दिया और उनको मानसिंह बताते हुए शव पैक करके परिजनों को सुपुर्द करने पर परिजन एम्बूलेंस में डालकर घर ले गये। इसी दौरान रामेश्वर नाबरिया के परिजनों ने शव देने को कहा तो पता लगा कि मानसिंह की जगह रामेश्वर नाबरिया का शव लेकर चले गये है और मानसिंह का शव फ्रिज में ही पड़ा है। बाद में मानसिंह की जगह रामेश्वर नाबरिया का शव राईकाबाग छोडक़र एम्बूलेंस चालक वापस आया।

## नीमराणा में नवीन कॉलेज खोलने की घोषणा के बाद भी नहीं मिल रहा अस्थाई भवन

**बहरोड़/नीमराना,** (निसं)। औद्योगिक क्षेत्र नीमराणा में नवीन राजकीय महाविद्यालय खोलने की राज्य सरकार की बजट सत्र 2022- 23 में घोषणा के बाद नीमराणा महाविद्यालय के नाम से प्रथम वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया आरंभ की गई। जिसकी ऑनलाइन प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ाते हुए 16 जुलाई 2022 कर दिया गया परंतु अजीबोगरीब स्थिति देखने को यह मिली कि आज तक अस्थाई भवन उपलब्ध नहीं हो पाया है।

आयुक्तालय के द्वारा स्थानीय प्रशासन जिसमें सीबीईओ सरिता, उपखंड अधिकारी मुकुट सिंह नीमराणा तथा शिक्षा क्षेत्र से जुड़े हुए राजकीय उच्च स्तर तक के विद्यालय होने के बावजूद नीमराणा में महाविद्यालय के छात्रों के लिए अस्थाई भवन की व्यवस्था नहीं होने के कारण कागजों में ही राजकीय महाविद्यालय नीमराना के चलने की स्थिति सामने आई है।

नीमराणा उपखंड अधिकारी मुकुट सिंह से जानकारी लेने ने पर उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के लिए अस्थाई भवन

■ **कॉलेज में ऑनलाइन प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ाते हुए 16 जुलाई 2022 कर दिया गया है**

की व्यवस्था करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही किसी आईटीआई भवन के मामले में बात चल रही है। वहीं नीमराणा सरपंच माया के प्रतिनिधि शिवचरण गुप्ता ने बताया कि उनसे राजकीय महाविद्यालय की अस्थाई भवन उपलब्धि के मामले में कोई मांग या सहयोग करने की बात नहीं आई है तथा बहरोड़ महाविद्यालय जिस प्रकार हायर सेकेंडरी विद्यालय भवन से क्रियाशीलता में आया था उसी प्रकार नीमराणा में भी चलाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के लिए 25 बीघा जमीन के अलॉटमेंट की एनओसी जारी कर भरपाई हेतु अन्यत्र जमीन की व्यवस्था कर दी गई है। जिसका निर्माण पीडब्ल्यूडी विभाग के तहत किया जाएगा।

## करंट लगने से खलासी की मौत

**सादुलपुर,** (निसं)। एन.एच. 52 चूरू सादुलपुर सडक मार्ग पर होटल पर खडे ट्रक का रस्सा टाईट करते समय चालक द्वारा अचानक ट्रक को चलाने से खलासी की करंट लगने से मौत हो गई।

थानाधिकारी कृष्ण कुमार बलोदा नें बताया कि शिशपाल सिंह राजपूत निवासी गाँव सेऊवा तहसील राजगढ जिला चूरू नें इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि 24 जून को उसका भाई विजेन्द्र सिंह ट्रक बतौर खलासी के रूप में ट्रक में सामान भरकर गुजरात से हरियाणा जा रहे थे।

राजगढ एनएच 52 पर बने शहीद भगतसिंह होटल के पास पहुंचे तो टायरों के रस्से ढिले हो रहे थे। जिस कारण उसका भाई समय करीबन 2 बजे ट्रक के ऊपर चढकर टायरों के रस्सों को टाईट कर रहा था। जैसे ही वह ट्रक पर चढकर रस्से को खींचने लगा तो इतने में ही ट्रक चालक रणवीर सिंह ने अपने ट्रक को अचानक लापरवाही पूर्वक चला दिया। जिससे उसके भाई का शरीर अनियंत्रित हो गया और ऊपर से गुजर रही लाईन के विद्युत तारों से टकरा गया एवं करंट लगने से उसके भाई की ट्रक के ऊपर ही मृत्यू हो गई। परिवादी ने बताया कि घटना के समय उसने पुलिस को रिपोर्ट दी थी।

# 400 बच्चों में से इंग्लिश मीडियम में पढ़ेंगे 255, बाकी को नहीं मिला एडमिशन

## ग्रामीणों का कहना है कि दो पारियों में चलाया जाए स्कूल

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के गांव दुल्लापुर केरी में पिछले दिनों राज्य सरकार ने महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल शुरू करने की घोषणा की थी। इससे ग्रामीणों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और उन्हें लगा था कि अब उनके बच्चे अंग्रेजी मीडियम सरकारी स्कूल में पढ़ सकेंगे। उनकी यह खुशी तब गायब हो गई जब अंग्रेजी मीडियम होने के बाद स्कूल में निर्धारित संख्या में ही छात्रों को प्रवेश दिया गया।

स्कूल में करीब चार सौ स्टूडेंट्स पिछले सेशन में पढ़ रहे थे। अब महात्मा गांधी स्कूल बनने पर इनमें केवल 255 को ही प्रवेश दिया गया है। बाकी बचे डेढ़ सौ स्टूडेंट्स के पेरेंट्स आंदोलन की तैयारी में जुट गए हैं। गांव के सरकारी स्कूल को महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम में कन्वर्ट करने और अब इसमें सभी स्टूडेंट्स को प्रवेश नहीं मिलने से एडमिशन से वंचित रहे स्टूडेंट्स के पेरेंट्स ने रोष जताया। उन्होंने स्कूल का घेराव कर लिया। इनका कहना था कि राज्य सरकार ने स्कूल को इंग्लिश मीडियम घोषित किया है। इसमें कक्षा 1 से 8 तक के 400 बच्चे पढ़ रहे थे। इनमें 255 बच्चों को इंग्लिश मीडियम में एडमिशन दिया गया है। बाकी बचे स्टूडेंट्स को पढ़ाई के लिए गांव के बाहर अन्य स्कूलों में जाना होगा।

ग्रामीणों ने डीईओ के नाम ज्ञापन भी प्रिंसिपल मुकंदसिंह को सौंपा। दुल्लापुर केरी के ग्रामीणों का कहना था कि या तो सभी बच्चों को इंग्लिश मीडियम में दाखिला दिया जाए या इसी स्कूल को दो पारियों में चलाया जाए। ग्रामीणों का कहना था कि अगर उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया तो तालाबंदी की जाएगी।

## विद्यालय को अंग्रेजी माध्यम में संचालित करने का विरोध

**बीदासर,** (निसं)। राजकीय बांठिया सीनियर विद्यालय बीदासर को राज्य सरकार द्वारा नये सत्र से कक्षा 1 से 8 तक अंग्रेजी माध्यम मे संचालन करने के विरोध में अभिभावकों व विद्यार्थियों ने जमकर आक्रोश व्यक्त किया।

अभिभावकों ने बताया कि अधिकतर विद्यार्थी हिन्दी माध्यम से ही अध्ययन करना चाहते है। जो बच्चे शुरू से ही हिन्दी माध्यम से पढ रहे हैं उनको ऐसे बीच मे अंग्रेजी माध्यम में करना बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। अभिभावकों का कहना है कि अब किसी राजकीय विद्यालय में हिन्दी माध्यम में प्रवेश भी दिलायें तो सभी राजकीय विद्यालयों में नामांकन अधिक है तथा पास में कोई सरकारी विद्यालय नहीं है। इस मौके पर दर्जनो लोगों ने विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम के होने का विरोध किया।

मामले को लेकर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुखदेवाराम प्रजापत ने कहा कि अभिभावकों का विरोध करना गलत है उन्हें कुछ लोगों द्वारा भ्रमित किया जा रहा है ऐसी कोई बात नहीं है राजकीय बांठिया विद्यालय में अंग्रेजी मीडियम और हिंदी मिडियम दोनों विद्यार्थियों को प्रवेश दिए जाऐंगे तथा हिंदी और अंग्रेजी मीडियम दोनों श्रेणी के विद्यार्थियों को दो पारियों में अध्ययन करवाया जाएगा।

प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश शर्मा का कहना है कि विद्यालय को अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाने वाला एक भी अध्यापक नहीं है। विद्यालय में हिन्दी माध्यम से पढ़ाने वाले अध्यापकों द्वारा ही अंग्रेजी माध्यम से संचालन किया जा रहा है।

# 10 हजार रुपए की नौकरी के लिए भर गया रोजगार कार्यालय

**अलवर,** (निसं)। बेरोजगारी की तस्वीर विकट हो चुकी है। 10 हजार रुपए के वेतन वाले 9 पद के लिए सैकडों युवक-युवती बुधवार को अलवर के जिला रोजगार कार्यालय पहुंच गए। जहां 9 पदों के लिए इंटरव्यू लिए गए। सूचना केवल राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक एवं अत्याचार विरोधी

■ **बुलानी पड़ी दो और कंपनियां, ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर के इंटरव्यू**



अलवर के रोजगार कार्यालय में बेरोजगारों को भीड़ उमड़ी।

मानवाधिकार नेशनल टाइगर फोर्स ट्रस्ट नई दिल्ली की ओर से जारी की गई थी कि इनके जरिए ब्लॉकवार को-ऑर्डिनेटर लगाए जाएंगे। जिले में 9 ही पद हैं।

कॉर्डिनेटर पद के लिए योग्यता भी स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण तथा आरएससीआरटी रखी है। इसके बावजूद एक-एक ब्लॉक से 50 से अधिक बेरोजगार आ गए। जिनमें कई एमए, इंजीनियरिंग व अन्य डिग्री धारी भी शामिल थे। जिला रोजगार अधिकारी को एक दिन पहले ही अंदेशा हो गया था कि भ्रष्टाचार निरोधक एवं अत्याचार विरोधी मानवाधिकार नेशनल टाइगर फोर्स ट्रस्ट नई दिल्ली की ओर से केवल एक ब्लॉक में एक ही कॉर्डिनेटर लगाया जाएगा। बेरोजगार ज्यादा आ सकते हैं। इस कारण दो-तीन और कंपनियों को बुला लिया ताकि उनमें चयन हो सके। यहां सिक्योरिटी सर्विसेज की ओर से भी युवाओं का चयन किया गया है। वहीं एलआईसी के एजेंट बनने के लिए भी आवेदन लिए गए हैं। 10 हजार रुपए की नौकरी पाने की इस दौड में एक-दो गर्भवती महिलाएं भी मौजूद थी। ज्यादातर को-ऑर्डिनेटर बनने के लिए इंटरव्यू देन आए थे। ब्लॉक वार इंटरव्यू लिए गए हैं। जिला रोजगार अधिकारी श्यामलाल साटोलिया ने कहा कि को-ऑर्डिनेटर के पद केवल 9 हैं। बेरोजगार अधिक आए, इस कारण दो-तीन दूसरी कंपनी बुलाई गई।

# रास्ता खुलवाने एवं सुरक्षा की मांग को लेकर कलेक्टर से फिर मिला दलित परिवार

## मुंडावर तहसील के गांव सुखमनहेड़ी में जाति विशेष के दबंगों द्वारा प्रताड़ित करने का मामला

**अलवर,** (निसं)। दलित शोषण मुक्ति मंच के प्रदेश सहसंयोजक डॉ. रमेश बैरवा एवं जिला संयोजक एडवोकेट बी एल वर्मा के नेतृत्व में मुंडावर तहसील के गांव सुखमनहेड़ी के पीड़ित दलित परिवाजन और मंच कार्यकर्ताओं ने आज जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मुंडावर तहसील के गांव सुखमनहेडी में जाति विशेष के दबंगों द्वारा अवरुद्ध किए दलित परिवार के घर और खेतों के रास्ते को अविलंब खुलवाने और मारपीट की धमकी देने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में लिखा है कि 4 जुलाई को भी पीड़ितों के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने तत्कालीन जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया था आश्वासन के बाद दिया आज तक भी उचित कार्यवाही नहीं की गई।

घर से निकलने का रास्ता बंद हो




पीड़ित परिवार व दलित शोषण मुक्ति मंच के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मिल सुरक्षा की गुहार लगाई।

जाने से पीड़ित परिवार के बच्चे स्कूल और कॉलेज नहीं जा पा रहे हैं। पीड़ितों ने कलेक्टर को वीडियो क्लीपिंग दिखाकर अपने बुरे हालातों के बारे में बताया। जिला कलेक्टर ने जल्द उचित कार्यवाही आश्वासन दिया है।

■ **जाति विशेष के दबंगों द्वारा अवरुद्ध किए दलित परिवार के घर और खेतों के रास्ते को खुलवाने और धमकी देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

इस अवसर पर पीड़ित दलित परिवार के श्रीचंद, हरचंद एवं फूलचंद एवं इनके परिवारजन, ग्रामीण सहित डीएसएमएम से जुड़े कार्यकर्ता सहित महिलाएं भी शामिल रहीं।

# राज्य में 187 नए करोना संक्रमित मिले बुधवार को

## इससे पहले प्रदेश में पिछले कई दिनों से औसत 150 मरीज सामने आ रहे थे

-कार्यालय संवाददाता-

- राजधानी जयपुर में सर्वाधिक 44 जबकि बीकानेर में 38 और जोधपुर में 36 नए संक्रमित मिले
- राज्य में एक्टिव केस बढ़कर साढ़े बारह सौ से अधिक हो गए हैं।

**जयपुर** । प्रदेश में बुधवार को 16 जिलों में 187 नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं 134 मरीज ठीक हुए हैं। राज्य में रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर 1265 हो गए हैं। हालाकि इस बीच किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में करोना संक्रमण के नए मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में 187 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले मंगलवार को 134 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में सबसे ज्यादा 44 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा बीकानेर में 38, जोधपुर में 36, अजमेर में 15, सिरोही में 12, उदयपुर में 11, अलवर में 8, भीलवाड़ा में 6, राजसमंद में 5, दौसा में 3, बांसवाड़ा, हनुमानगढ़ व झालावाड़ में 2-2 तथा भरतपुर, चित्तौड़गढ़ और प्रतापगढ़ में एक-एक नया संक्रमित मिला है। वहीं 17 जिलों बारां बाड़मेर, बूंदी, चूरू, धौलपुर, डूंगरपुर, गंगानगर, जैसलमेर, जालोर, झुंझुनूं, करौली, कोटा, नागौर, पाली, सवाई माधोपुर, सीकर और टोंक में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है।

प्रदेश में बुधवार को 134 मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस बढ़कर 1265 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 530 मामले जयपुर में है, जबकि जोधपुर में 170 और बीकानेर में 136 केस है। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि अब तक इस बीमारी से 9572 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

### मानसरोवर में 8 नए संक्रमित मिले

राजधानी जयपुर में बुधवार को 21 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। सबसे ज्यादा 8 नए संक्रमित मानसरोवर में पाए गए हैं। इसके अलावा मालवीय नगर और वैशाली नगर में 5-5, जगतपुरा में 4, जवाहर नगर में 3, सिविल लाइन्स, सांगानेर और त्रिपोलिया बाजार में 2-2 तथा अजमेर रोड, आमेर, बजाज नगर, चांदपोल, दुर्गापुरा, गोपालपुरा, झालाना डूंगरी, महेश नगर, मुरलीपुरा, रामचंद्रपुरा, आरपीए और सोडाला में 1-1 नया संक्रमित मिला है।

# शास्त्री नगर और सांगानेर में महिला से गैंगरेप

**जयपुर** (कासं)। शास्त्रीनगर इलाके में एक महिला से गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया मूलतया जिला दौसा निवासी 32 वर्षीया महिला जनवरी 2021 में अपनी सास के इलाज के लिए मुरलीपुरा इलाके स्थित एक अस्पताल में आई थी। आरोप है यहां से गांव छोड़ने के बहाने गांव के ही युवक डॉ. मुकेश उर्फ़ कन्हैया लाल, मुनीम गुर्जर और कपिल कार में बिठाकर शास्त्रीनगर इलाके में ले गए, जहां बारी-बारी से तीनों ने गैंगरेप किया और मुनीम गुर्जर ने घटना के वीडियो बना लिए। इसके बाद वीडियो वायरल की धमकी देकर कई बार उसके साथ गैंगरेप किया गया। पीड़िता तंग आ गई तो उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

वहीं सांगानेर थाने में इलाके निवासी 35 वर्षीया विवाहिता ने रिपोर्ट दी है कि पति आए दिन दिन घर पर दोस्तों को लेकर आता है। 28 जून की रात पति दो दोस्तों को घर पर लेकर आया था। इस दौरान पति और उसके दोस्तों ने इच्छा के विरुद्ध बारी बारी से गैंगरेप किया। वहीं प्रताप नगर थाने में इलाके निवासी 38 वर्षीया विवाहिता ने रिपोर्ट दी है कि परिचित बॉबी सिसोदिया आए दिन उसका पीछा कर तंग करता है। वह रास्ते में अश्लील हरकत भी करता है और मोबाइल पर मैसेज कर परेशान कर रहा है।

## बदमाशों ने युवती के गले से चेन तोड़ी

**जयपुर** । मानसरोवर में बाइक सवार बदमाश स्कूटी सवार युवती की चेन तोड़ ले गए। पुलिस ने बताया श्रीराम विहार-बी, मान्यावास निवासी दिव्या खत्री (18) अपनी बहन हिना खत्री के साथ 11 जुलाई की रात करीब 9 बजे स्कूटी से घर लौट रही थी। वह स्कूटी पर पीछे बैठी थी। स्वर्ण गार्डन के पीछे वाली गली में बाइक सवार बदमाश गले पर झपट्टा मार सोने की चेन तोड़ ले गए। युवती ने बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन अंधेरा होने के कारण बदमाश भाग छूटे।

## सार-समाचार

### जयपुर की वंचित लड़कियों को भी कंप्यूटर साइंस के कोर्सेस मिलेंगे



**जयपुर** । एक अमेरिकी छात्रा हार्वर्ड कोर्सेस तक पहुंच का विस्तार कर रही है। इन कोर्सेस को भोपाल के एक स्कूल में लाने के बाद आयोली श्रीवास्तव अब इन्हें जयपुर में वंचित लड़कियों के लिए लेकर आ रही हैं। आयोली अमेरिका के वाशिंगटन राज्य के समामिश शहर में स्काईलाइन हाई स्कूल की छात्रा हैं। वह मध्य प्रदेश के भोपाल के एक स्कूल में छात्रों के साथ कंप्यूटर साइंस कोर्स (हार्वर्ड यूनिवर्सिटी) को हिंदी में पढ़ाने के लिए काम कर रही हैं। कुछ दिनों पहले, आयोली के प्रोजेक्ट को भोपाल के स्थानीय समाचार पत्रों में कवरेज मिला और फिर इसने जयपुर में कुछ रुचि पैदा की। आयोली ने आशा रेज की एक किरण, ए पॉजिटिव होम फॉर स्पेशल चिल्ड्रन, संगठन का दौरा किया, और इन लड़कियों के लिए इसी कोर्स को सिखाने का प्रस्ताव रखा। स्टेस फील्ड्स के बारे में जागरूकता की कमी के कारण, इन लड़कियों को अभी तक इस तरह के कोर्सेस को सीखने का मौका नहीं मिला था। आयोली ने अपनी कोर्स सामग्री पहले से ही तैयार कर रखी थी क्योंकि वह भोपाल के छात्रों को वितरित कर रही थी। उसने जल्दी से इन कोर्सेस का पहला लेसन इन को लड़कियों पढ़ाया। यह लेसन लड़कियों के साथ एक बडी सफलता थी और उनमें बहुत रुचि पैदा हुई। आगे जाकर आयोली ऑनलाइन रिकॉर्ड की गई कक्षाओं और ऑनलाइन मीटिंग के माध्यम से शेष पाठ पढ़ाना जारी रखेगी।

### हाऊसिंग बोर्ड ने बेची 513 करोड़ की संपत्ति

**जयपुर** (कासं)। हाऊसिंग बोर्ड ने एक ही दिन में 513.60 करोड़ रुपये की संपत्तियां ई-नीलामी से बेचकर रिकॉर्ड बनाया है। मानसरोवर आवासीय योजना में 408 करोड रूपये न्यूनतम बोली मूल्य वाले व्यावसायिक भूखण्ड को 488 करोड रूपये में बेचा है। मण्डल की इस अतुलनीय कामयाबी पर नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल, मुख्य सचिव ऊषा शर्मा और प्रमुख शासन सचिव कुंजीलाल मीणा ने आवासन आयुक्त पवन अरोडा और उनकी टीम को फोन पर बधाई दी है। अरोडा ने बताया कि मानसरोवर के वी.टी. रोड और अरावली मार्ग के मध्य 45 हजार 632 वर्ग मीटर के इस भूखण्ड का आवासन मण्डल ने 89 हजार 500 रूपये प्रति वर्ग मीटर न्यूनतम बोली मूल्य निर्धारित किया था लेकिन मॉल के क्षेत्र में देश की जानी-मानी कम्पनियों-पैसेफिक मॉल और फिनिक्स मॉल के बीच होड में आखिरकार पैसेफिक मॉल ने 1 लाख 7 हजार रूपये प्रति वर्ग मीटर की बोली लगाकर खरीदने में सफलता प्राप्त की। राजस्थान का एवं सम्भवत: देश में किसी भी सरकारी विभाग का यह सबसे अधिक मूल्यवान ई-ऑक्शन है। प्रदेश में इससे पहले वर्ष 2006-07 में जेडीए ने एक ही दिन में 92 करोड रूपये की सम्पत्ति बेची थी। राजस्थान आवासन मण्डल पूर्व में एक ही दिन में 123 करोड रूपये की सम्पत्ति के बेचान का रिकॉर्ड बना चुका है। इसके अलावा बुधवार को ही अन्य महत्वपूर्ण कामयाबी मानसरोवर में फार्म हाउस के 4 भूखण्डों के ई-ऑक्शन में भी मिली। सेक्टर-4, एस.एफ.एस., फनकिंग्डम के पास, बीटू बाईपास के समीप यह फार्म हाउस लगभग 23 करोड रूपये में बिके।

### सवा करोड़ रु. ठगने वाला गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। महेश नगर थाना पुलिस ने फॉरेक्स ट्रेडिंग कंपनी बनाकर सवा करोड़ रुपये ठगने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया हैं। जेल में बंद आरोपी का पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया हैं। पुलिस उससे पूछताछ करेगी। पुलिस ने बताया कि आरोपी शशिकांत शर्मा पुत्र बनवारी लाल नीमकाथाना हाल दिल्ली का रहने वाला हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम से कंपनी बना रखी है। इसमें वह क्रिप्टो करेन्सी के नाम पर इन्वेस्टमेंट करवाने का झांसा देकर ठगी करता है। इस मामले में महेश नगर और सी-स्कीम में रहने वाले अविनाश शर्मा और अनन्त जैन ने मार्च 2022 में थाने में मामला दर्ज करवाया था। शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी शुरुआत में प्रतिमाह प्रोफिट देता था। बाद में उसने प्रोफिट देना बंद कर दिया। लोगों के बार बार मांगने पर भी वह पैसे नहीं दे रहा था। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने 125 करोड़ रुपए की ठगी करना कबूल किया है। आरोपी ने जयपुर के अलावा, लखनऊ, सिरसा हरियाणा सहित कई जगहों पर ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। अब पुलिस यह पता लगा रही है कि फॉरेक्स ट्रेडिंग कंपनी में उसने कितने लोगों को पार्टनर बना रखा है। माना जा रहा है कि आरोपी ने कंपनी में अपने रिश्तेदारों को भी काम दे रखा था। पुलिस आरोपी से ठगी के बारे में पूरी जानकारी जुटा रही है।

### दुष्कर्मी को आजीवन कारावास

**जयपुर**, (का.सं.)। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त युवक श्रीराम जाट को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर दो लाख 90 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा कि अभियुक्त को शेष जीवन जेल में रखा जाए। वहीं अदालत ने कहा कि नाबालिग की सहमति कानून की नजर में कोई महत्व नहीं रखती है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया कि 14 वर्षीय पीडिता के पिता ने 12 जून 2019 को नरेना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया कि एक रात पहले अभियुक्त उसकी बेटी को बहला-फुसला कर ले गया। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 24 जून को किशनगढ़ रेलवे स्टेशन से अभियुक्त को गिरफ्तार कर पीड़िता को बरामद किया था। पुलिस जांच में पता चला कि अभियुक्त ने पीड़िता को उदयपुर, अहमदाबाद, सूरत सहित अन्य जगह ले जाकर दुष्कर्म किया था। इस पर पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र पेश किया।

### प्रिकॉशन डोज का फायदा 5 करोड़ लोगों को

**जयपुर** । केंद्र सरकार की ओर 18 साल से ऊपर के सभी लोगों को कोविड वैक्सीन की नि:शुल्क प्रिकॉशन डोज लगवाने की घोषणा से राजस्थान के 5 करोड़ से ज्यादा लोगों को फायदा पहुंचेगा। इनमें से 89.80 फीसदी का वैक्सीनेशन पूरा हो चुका है। ये बूस्टर डोज 15 जुलाई से अगले 75 दिन तक मुफ्त लगाई जाएगी। गौरतलब है कि वर्तमान में प्रिकॉशन डोज के लिए 18 साल से 59 साल तक के लोगों को पैसे देने पड़ रहे थे। सरकार ने केवल फ्रंट लाइन वर्कर्स, हेल्थ केयर वर्कर और 60 साल या उससे ज्यादा एजग्रुप के लोगों को ही बूस्टर डोज नि:शुल्क कर रखी थी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार वर्तमान में ज्यादातर फ्रंट लाइन वर्कर्स, हेल्थ केयर वर्कर्स और 60 साल से ज्यादा एजग्रुप के लोग ही प्रिकॉशन डोज लगवा रहे हैं। सरकार के इस निर्णय के बाद अब 18 से 59 साल के लोगों को भी फायदा मिलेगा। उधर प्रदेश में करोना का खतरा कम होने के साथ ही वैक्सीनेशन भी कम हो गया। पिछले 12 दिनों में हर रोज औसतन 36 हजार लोग ही डोज लगवाने सेंटर्स पर पहुंच रहे है। इसमें ज्यादातर फ्रंट लाइन वर्कर्स, हेल्थ केयर वर्कर्स और 60 साल से ज्यादा एजग्रुप के वे लोग है जो प्रिकॉशन डोज लगवा रहे हैं।

### समायोजित शिक्षाकर्मियों की समस्याओं का हल करने का आग्रह

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान शिक्षक एवं कर्मचारी संघ (समायोजित) ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को समायोजित शिक्षाकर्मियों की सेवानिवृत्त पश्चात वेदना व पीड़ा के निराकरण के लिये आग्रह किया। प्रांतीय संयोजक विजय उपाध्याय व कोषाध्यक्ष डी.पी.ओझा ने बतया कि कर्मचारी व अधिकारी की नियुक्ति तिथि को ही प्रथम नियुक्ति तिथि मानी जावे जिससे जीवन के अंतिम पड़ाव में बुजुर्ग शिक्षाकर्मी जीवन यापन कर सकें और एनपीएस का साया समाप्त हो सके।

## श्री गुरु भागवत के राजस्थानी संस्करण का लोकार्पण 17 को

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान कल्चरल फाउंडेशन की ओर से 17 जुलाई को श्री गुरु भागवत की राजस्थानी भाषा में अनुवादित पुस्तक एवं संगीतबद्ध सीडी का लोकार्पण किया जाएगा। सीबीएस कल्चरल फाउंडेशन के साथ मिलकर बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित किए जाने वाले इस समारोह में राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम के अवसर पर गुरु भागवत के मूल रचनाकार और आध्यात्मिक विचारक डॉ. चन्द्रभानु सतपथी भी उपस्थित होंगे।

समारोह के संयोजक सुनील कठोतिया ने बताया कि डॉ. चन्द्रभानु सतपथी द्वारा भक्ति प्रधान ग्रंथ श्री गुरु भागवत मूल रूप से उड़िया भाषा में काव्यात्मक नवाक्षरी छंद शैली में रचित है। संपूर्ण गुरु तत्व पर आधारित इस ग्रंथ को उड़िया में आठ खंडों में लिखा गया है और इसका अब तक 14 भाषाओं में अनुवाद किया जा चुका है। सीमा कठोतिया ने इसका राजस्थानी भाषा में अनुवाद किया है। संगीतबद्ध संस्करण में मूल स्वर मामे खान का है। समारोह के दौरान सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें पद्मभूषण पं. विश्वमोहन भट्ट द्वारा भारतीय शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही किंकिणी सांस्कृतिक संस्थान द्वारा राजस्थानी सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी के लिए निशुल्क प्रवेश होगा।

# आईपीडी टावर के लिए महाराजा कॉलेज की 10 हजार वर्गमीटर जमीन के अधिग्रहण का विरोध

## एनएसयूआई-एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर धरना देकर विरोध जताया

**जयपुर** (कासं)। सवाई मानसिंह अस्पताल में बनने वाले आईपीडी टावर के लिए महाराजा कॉलेज की 10 हजार वर्ग मीटर जमीन अधिठाहण प्रस्तावित है। जिसे रोकने के लिए एनएययूआई और एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने जहां टोंक रोड पर धरना देकर महाराजा कॉलेज की जमीन अधिग्रहण का विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने महाराजा कॉलेज के बाहर धरना देकर सरकार से जमीन आवाप्ति का फैसला वापस लेने की मांग की। छात्रों का बढ़ता विरोध-प्रदर्शन देख मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। जिसके बाद छात्र नेताओं ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

- पुलिस ने 2 दर्जन छात्रों को हिरासत में लिया तो उग्र हुए छात्र, आंदोलन की चेतावनी दी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री होशियार मीणा ने कहा कि गहलोत सरकार तानाशाही कर रही है। शिक्षा के मंदिर की जमीन 1 इंच भी नहीं दी जाएगी। चाहे इसके लिए हमें जेल ही क्यों ना जाना पड़े। होशियार ने कहा कि आज भी हम शांतिप्रिय तरीके से विरोध कर रहे थे, लेकिन सरकार के दबाव में आकर पुलिस ने बेवजह एबीवीपी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन हम डरेंगे नहीं बल्कि पुरजोर विरोध करेंगे।

एनएसयूआई के विवि इकाई अध्यक्ष अमरदीप परिहार के नेतृत्व में कार्यकर्ता दो बार नारेबाजी करते हुए सडक के बीच जाकर बैठ गए और एक ओर की रोड जाम कर दी। वहीं परिषद के कार्यकर्ता भी पीछे नहीं रहे उन्होंने परिषद के विवि इकाई अध्यक्ष भरतभूषण यादव के नेतृत्व में दूसरी ओर की रोड पर जाम लगा दिया। जिससे दोनों ओर का ट्रेफिक बाधित हुआ और सडक पर लंबा जाम लग गया।

इस दौरान एनएसयूआई के कार्यकर्ता जाम में फंसे वाहनों पर भी जा चढ़े और विवि प्रशासन के विरोध में नारेबाजी की, उनका कहना था कि कॉलेज की जमीन किसी भी स्थिति में अवाप्त नहीं होने जाएगी। परिषद कार्यकर्ता भी सड़क पर एक कतार में जा बैठे। जिससे वाहन चालकों को परेशानी हुई।

तकरीबन 20 से 25 मिनट तक लगे इस जाम को पुलिस ने समझाइश कर हटाया तो दोनों संगठनों के छात्र फिर से कॉलेज के बाहर आ जुटे और जब उन्होंने फिर से सड़क पर जाने का प्रयास किया तो मौके पर मौजूद पुलिस और रेपिड एक्शन फोर्स के जवान उन्हें जबरन पकड़ कर कॉलेज के मुख्यद्वार से अंदर ले गए और गेट बंद कर दिया जिससे कार्यकर्ता सड़क पर नहीं जा सके। इस दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ धक्का मुक्की भी हुई।

अंदर कुछ देर चले हंगामे के बाद भी जब कार्यकर्ता नहीं माने तो पुलिस ने परिषद के विवि इकाई अध्यक्ष भरत भूषण,नरेंद्र यादव, रोहित मीणा, किरोड़ीलाल, सुरेंद्र डूडी, मनु दाधीच, देव प्रकाश आदि तकरीबन 20 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्त में ले लिया।

इसी प्रकार एनएसयूआई के विवि इकाई अध्यक्ष अमरदीप परिहार सहित कई अन्य कार्यकर्ताओं को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया।



आईपीडी टॉवर के लिए महाराजा कॉजेल की जमीन का प्रस्तावित अधिग्रहण निरस्त करने की मांग को लेकर एनएसयूआई और एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन किया।

## 'जयपुर डेयरी को करना होगा 21 लाख लीटर दूध संकलन'

**जयपुर** । जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि., (जयपुर डेयरी) के चाकसू जोन की जोनल मीटिंग में आर.सी.डी.एफ. प्रशासक एवं प्रबन्ध संचालक सुषमा अरोडा ने राज्य में 50 लाख लीटर दूध संकलन के लिये जयपुर डेयरी को 21 लाख लीटर दूध संकलन का लक्ष्य दिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये अरोडा ने राज्य सरकार द्वारा 5 रू. प्रतिलीटर की दर से दिये जा रहे अनुदान को अधिक से अधिक दुग्ध उत्पादको को जोड़ने के लिये अधिकारियों को निर्देश दिये।

जयपुर डेयरी अध्यक्ष ओम प्रकाश पूनियां ने दुग्ध उत्पादकों के लिये जयपुर डेयरी द्वारा दी जा रही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने का आव्हान किया, साथ ही सभी दुग्ध समितियों के लिये दूध संकलन के लक्ष्य भी निर्धारित किए। इस मौके पर जयपुर डेयरी प्रबन्ध संचालक चाँदमल वर्मा भी मौजूद थे।

## स्मैक तस्कर को पुलिस ने दबोचा

**जयपुर** (कासं)। शास्त्रीनगर थाना पुलिस ने एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया मुखबिर की सूचना पर पावर हाउस रोड से आरोपित किशन कश्यप (20) निवासी पशुपति नाथ कॉलोनी, शास्त्रीनगर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से आधा ग्राम स्मैक जब्त की गई है।



गुरुकुल योग संस्थान की ओर से बुधवार को सेंट्रल पार्क में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। योग गुरु महेंद्र सिंह राव ने पहले योगिक क्रियाएं करवाई। गुरुकुल योग संस्थान के अध्यक्ष रामशरण गुप्ता ने सबसे पहले दोनों योग गुरु महेंद्र सिंह राव और प्रेरणा शर्मा को साफा और श्रीफल भेंट किया। उसके बाद में कई साधकों के द्वारा गुरु वन्दना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में सैकडों साधकों ने भाग लिया। सेंट्रल पार्क में पिछले 17 साल से जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से ही योग की कक्षाएं चल रही है। और इसमें सैकडों की संख्या में लोग उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

## महिलाओं के लिए आपत्तिजनक शब्दों का उपयोग?

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य योजनाओं में महिलाओं के लिए परित्यक्ता और निराश्रित सहित बांझ जैसे आपत्तिजनक शब्दों का उपयोग करने के मामले में प्रमुख सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सचिव और महिला आयोग सहित अन्य से जवाब मांगा है। सीजे एसएस शिंदे और जस्टिस अनूप ढंड की खंडपीठ ने यह आदेश कुणाल रावत की जनहित याचिका पर दिए।

याचिका में मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा गया कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में महिलाओं के लिए परित्यक्ता और निराश्रित शब्दों का इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा सरकारी पोर्टल पर भी बांझ जैसा शब्द भी महिलाओं के लिये उपयोग में लाया जा रहा है। जबकि संविधान के आर्टिकल 51 ए ई में महिलाओं के लिए सम्मानजनक शब्दों का उपयोग करने का प्रावधान है। इसके बावजूद राज्य सरकार की कई योजनाओं में ऐसे शब्दों का उपयोग किया जा रहा है। इसलिए अदालत राज्य सरकार को निर्देश दें कि वह सरकारी योजनाओं में महिलाओं के लिए सम्मानजनक व गरिमापूर्ण शब्दों का इस्तेमाल किया जाए। इस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है।

## बुजुर्ग का एटीएम कार्ड बदलकर ठगी

**जयपुर** । आदर्श नगर में एक बुजुर्ग का एटीएम कार्ड बदलकर रूपए निकालने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया सी-23, थर्ड फेज, झालाना डूंगरी निवासी नाथूलाल जोशी घाटगेट स्थित एसबीआई एटीएम बूथ पर 11 जुलाई की सुबह पैसे निकालने गया था। वहां मौजूद युवक ने मदद के बहाने एटीएम कार्ड बदल लिया और बैंक खाते से 1.35 लाख रु. निकाल लिये।

# मानहानि के मामले में पूर्व आईएएस से मांगा जवाब

**जयपुर**, (का.सं.)। अतिरिक्त जिला न्यायालय क्रम-6 महानगर प्रथम ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में पूर्व आईएएस अजीत कुमार सिंह व उनके परिवारजनों को नोटिस जारी कर बीस जुलाई तक जवाब मांगा है।

अदालत ने यह आदेश पूर्व आईएएस मंजीत सिंह व पूर्व आईपीएस एमके देवराजन सहित अन्य के दावे पर दिए। पांच करोड़ रुपए के इस मानहानि दावे में कहा गया कि दोनों पक्षों के बीच सरकारी भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। अजीत कुमार सिंह ने गत 14 मई को फेसबुक पर दावाकर्ताओं की फोटो पोस्ट करते हुए इस पर गैंग ऑफ 4 पॉम कॉलोनी लिखा। वहीं अन्य टिप्पणियां करते हुए दावाकर्ताओं को बदनाम करने की कोशिश की। दावे में कहा गया कि इस पोस्ट से दावाकर्ताओं की बदनामी हुई है।

ऐसे में उन्हें विपक्षियों से बतौर मुआवजा पांच करोड़ रुपए दिलाए जाए और उन्हें पाबंद किया जाए कि वे इस तरह की टिप्पणियां ना करें। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

## राजस्थान नर्सिंग कौंसिल में एनआरटीएस प्रोजेक्ट फिर शुरू हुआ

**जयपुर** । राजस्थान नर्सिंग कौंसिल में एनआरटीएस प्रोजेक्ट फिर शुरू कर दिया गया है। इसमें पंजीकरण कराने के बाद अब नर्सिंग अभ्यर्थी देश के किसी भी राज्य में रोजगार के लिए आवेदन कर पायेंगे। राजस्थान में गत वर्ष अगस्त से मैनपावर के आभाव से एन.आर.टी.एस प्रोजेक्ट का संचालन नहीं हो पा रहा था। राजस्थान नर्सिंग कौंसिल के रजिस्ट्रार, डॉ. शशिकान्त शर्मा ने बताया की मई 2022 में नवीन नियुक्ति के पश्चात यह कार्य फिर से प्रारम्भ किया गया। डॉ. शर्मा ने बताया की कार्य के आरम्भ होने से पूर्व कौंसिल के स्तर पर लगभग 13,906 नर्सेज के पंजीकरण लंबित थे जबकि वर्तमान में लगभग 6000 ही शेष रहे है। जिसे भी अधिकतम 1 सप्ताह में पूरा कर दिया जायेगा। राजस्थान नर्सिंग कौंसिल द्वारा अब इस कार्य को तीव्र गति से सम्पादित किया जावेगा, जिससे सम्पूर्ण प्रदेश के नर्सेज का एनआटीएस पंजीकरण शीघ्र किया जा सके। रजिस्ट्रार डॉ. शर्मा ने बताया की एनआरटीएस में पंजीकरण से अब नर्सिंग अभ्यर्थी देश के किसी भी राज्य में रोजगार के लिए आवेदन कर पायेंगे।

# पांच खूंखार डॉग्स ने 10 साल के बच्चे को नोंचा

## मालवीय नगर सेक्टर-13 की घटना

**जयपुर** (कासं)। शहर के मालवीय नगर इलाके में बिजनेसमैन के 10 साल के बेटे पर 5 खूंखार पालतू कुत्तों ने अटैक कर दिया। रोड पर गिराकर बच्चे को कुत्तों ने जगह-जगह काट लिया। बच्चे के रोने-चिल्लाने की आवाज सुनकर कॉलोनी के लोग दौड़े। जैसे-तैसे डॉग्स को भगाकर बच्चे को छुड़ाया। परिजनों ने बच्चे को लेकर इलाज के लिए हॉस्पिटल भिजवाया। परिजनों और कॉलोनी के लोगों ने वहां बैठकर देख रहे कुत्तों के मालिक से शिकायत की तो वह धमकियां देने लगा। रास्ता बदलने की नसीयत देते हुए बोला- पिटबुल छोड़ दूंगा। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची, लेकिन बिना कार्रवाई के लौट गई। बच्चे के पिता ने जवाहर सर्किल थाने में दर्ज करवाई है।

मालवीय नगर के सेक्टर-13 निवासी विकास सिंघल (30) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। विकास का प्लास्टिक पाइप का बिजनेस है। वह परिवार के साथ यहां रहता है। उसका 10 साल का बेटा वेदांत चौथी क्लास में स्टडी करता है। बेटे की स्टडी के लिए विकास ने कॉलोनी में ही ट्यूशन लगा रखा है। रोज की तरह 7 जुलाई की दोपहर करीब 4:30 बजे बेटा वेदांत घर से ट्यूशन जाने के लिए निकला। कॉलोनी में रहने वाले भरत लाल मीणा (55) के घर के पास से बेटा जा रहा था। आरोप है कि भरत लाल मीणा ने पाल रखे 5 से अधिक कुत्तों को खुला छोड़ रखा था। बच्चे के निकलते ही कुत्तों ने अटैक कर दिया। बच्चे को बचाने के बजाय वह बैठकर कुत्तों का मालिक देखता रहा। पीड़ित विकास सिंघल का कहना है कि भरत लाल मीणा को बच्चे को बचाने की जगह खड़े होकर देखने के बारे में कहा गया तो उल्टा उसे और कॉलोनी के लोगों को धमकाने लगा। बोला- रास्ता बदल लें, मैं तो ऐसे ही रखूंगा अपने कुत्तों को। इस बार आए तो पिटबुल डॉग पीछे छोड़ दूंगा।

# मेयर ने पिंक स्कवॉयर मॉल में जांची सुरक्षा व्यवस्था



**जयपुर** (कासं)। हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर बुधवार को अधिकारियों के साथ राजापार्क स्थित पिंक स्कायर मॉल में अचानक पहुंचकर फायर फाइटिंग सिस्टम समेत अन्य सुरक्षा व्यवस्था जांची। यहां पर कई खामियां मिली है।

मेयर ने फायर सिस्टम के सभी उपकरणों को बारी-बारी से देखा एवं उन्होंने पिंक स्कायर के पांचों फ्लोर की सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि मॉल, होटलों एवं अस्पतालों में ओने वालों की सुरक्षा में किसी तरह का समझौता नहीं करेंगे। गुर्जर ने कहा कि पिंक स्कायर मॉल में बिल्डिंग प्लान के अनुसार सुरक्षा के प्रबंध है या नहीं इसकी जांच की जायेगी अगर नहीं मिले तो कार्यवाही होगी। महापौर ने पिंक स्कायर मॉल में संचालित एनोक्स सिनेमा हॉल की सुरक्षा व अनाप्ति प्रमाण पत्र को देखा तथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी को निर्देश दिये कि पिंक स्कायर मॉल में पर्याप्त मात्रा में नियमानुसर सुरक्षा उपकरण लगे, इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करे।



## A Real-life Spirited Away Bathhouse

Jiufen in Taiwan, is popularly known as the mountain village that inspired Miyazaki's Spirited Away. However, down south in Tainan has a real-life replica of the famed bathhouse. Located in the Breezy Valley Art Village is the Breezy Village Guesthouse it closely resembles the iconic bathhouse, especially with Yubaba greeting you at the front - don't offend her or she'll turn you into a pig! If you're a big Miyazaki fan add both locations to your next Taiwan adventure!



### #CURTAIN RAISER

The Rajasthani edition of the book 'Shri Guru Bhagavat', originally written by Retd. IPS officer (DGP), Dr CB Satpathy's will be launched in the Pink City on July 17. The original creator of the book as well as the Governor of Rajasthan, Kalraj Mishra, will be present on the occasion. A star attraction of the event will be the performance of Indian classical music by Padma Bhushan Pt Vishwa Mohan Bhatt.


# An Evening of Spirituality, Literature & Music



Dr CB Satpathy.



**Tusharika Singh**
*Freelancer writer and city blogger*




The Pink City will witness an evening dedicated to spirituality, literature and music as the Rajasthani edition of the book 'Shri Guru Bhagavat' will be launched on July 17 at BM Birla Auditorium. The devotional book 'Shri Guru Bhagavat' by Dr Chandra Bhanu Satpathy is originally composed in the poetic Navakshari verse style in Odia language. Based on 'Guru Tattva', this book has been written in eight volumes in Odia and has been translated into 14 languages so far. In the Rajasthani language, it has been translated by Seema Kathotia. The original creator and spiritual thinker of 'Shri Guru Bhagavat', Dr Chandra Bhanu Satpathy will also be present on this occasion. The Governor of Rajasthan, Kalraj Mishra, will be the Chief Guest at the event.

A star attraction of the event will be the performance of Indian classical music by Padma Bhushan Pt Vishwa Mohan Bhatt. Along with this, Rajasthani cultural dance will also be presented by Kinkini Cultural Institute.

### About the Author

In 1948, in the city of Cuttack, Odisha, Dr CB Satpathy was born in a family of noted academicians and administrators. Post his graduate and post-graduate degree in Political Science, he went on to teach the subject for two years at Delhi University's Hastinapur College (now Motilal Nehru college). Subsequently, he qualified for the Indian Police Service (IPS) in 1972 and served under the Indian State of Uttar Pradesh. After having put in about 36 years of service he retired at the level of Director General of Police, Uttar Pradesh in the year 2008. He was honoured with many awards and accolades, including the Police Medal for Gallantry, Meritorious Services and for Distinguished Services bestowed by the President of India.

Right from an early age Dr Satpathy had a keen interest in spirituality, literature and associated esoteric sciences. His thirst for knowledge of the divine and intent to help others led him to explore the lives of the saints and spiritual practitioners. As he told us that the year 1989 marked a turning point in his life when he visited the Holy Shrine of Shri Sai Baba located in Shirdi (Maharashtra). Ever since Dr Satpathy has been spreading the teachings of Shri Shirdi Sai and Indian philosophy assiduously over a span of 25 years not only in India but in other countries as well. Under his inspiration and guidance more than two hundred centers and forums devoted to philanthropy, community development, spiritualism and promotion of Indian culture are active in countries like India, USA, Canada, Australia, New Zealand, South Africa, UK and several countries in Europe.

As an accomplished author, he has written several books, poetries, stories and articles in English, Hindi and Oriya languages. A number of books written by Dr Satpathy on Shirdi Sai Baba The Perfect Masters, Guru Parampara, Cosmogony and related topics have been translated into various foreign languages such as German, Spanish, Nepalese, English and Slovenian, and in nine Indian languages including Sanskrit and Hindi. In 2015, the US Congress invited Dr Satpathy, to open the session of the House of Representatives with an invocation as a Guest Chaplain. This was a rare honour as he was the first Indian to have received such an invitation.


---

**Day & Date:** Sunday, July 17
**Time:** 5.30 pm
**Venue:** BM Birla Auditorium
**Entry:** Free and open to all



Vishwa Mohan Bhatt.

# Child Salim Connected More With His Mother



Birth of Jehangir.

Toward the end of Thursday the twentieth of the month (August 31), the solar weighing ceremony was held in Maryam-uz-Zamani's quarters, and as usual, I had myself weighed against precious metals and other things. This year I was forty-four solar years old. On Thursday the twenty-second of Shahrivar, corresponding to the seventeenth of Rajab 1021 [September 3] (1613 AD), the solar weighing ceremony was held in Maryam-uz-Zamani's quarters. Having myself weighed like this is a Hindu custom. His Majesty Arsh-Ashyani, who was kindness and generosity itself, approved of this custom and had himself weighed twice a year, once by the solar year and once by the lunar year, against all sorts of metals, gold, silver, etc., and mostly against valuable goods. The total which amounted to a lac of rupees was distributed to the poor and needy. I too maintain this custom, having myself weighed in the same manner and giving the goods to the poor.



**Anjali Sharma**
*Senior journalist & wildlife enthusiast*

### #AKBARNAMA



Hira Kunwari.

Prince Salim was born to Princess Hira Kunwari on 31st August 1569. Princess Hira Kunwari was the daughter of Raja Bhiramal of Amer (Jaipur) and sister of Bhagwan Das and aunt of Raja Man Singh. She married Akbar in 1562 at the age of 12 years and gave birth to Salim at age 19 years in 1569. Though nothing much is written about Prince Salim and his mother's relationship in Akbarnama a few travellers have mentioned details of his bonding with his mother. Prince Salim respected his mother a lot and would at times carry her palanquin on his shoulders, even in his late 40s or early 50s as mentioned by travellers. He called his mother Hazrat or his Majesty. Hazrat means holy and respected, and is usually used for prophets and saints in Arabic. He also greeted his mother with great honour doing sajda (kneeling and kissing ground where mother stands) which people do while praying to God in Islam and prostration (lying stretched flat on ground in front of mother) which people do in front of Idols (Hindu Gods) or saints. That shows the respect he had for his mother. When Portuguese captured his mothers trading ship he attacked Goa and captured it.

### Jehangir says following about his own birth

*When my mother was near the time of delivery, I am told, she was sent to the shaykh's house so that my birth might take place there. After my birth I was named Sultan Salim, although one never heard my father, either drunk or sober, call me Sultan Salim or Muhammad Salim. He always called me 'Shaikhu Baba'.*

Jehangir had great regard for his mother and from time to time he mentions his mother in Jehangirnama. He addresses her as 'My mother' or 'Her Majesty' or 'Hazrat' or 'Marium-uz-Zamani' the title given to her after his birth which means 'Mary of ages'. Akbar's mother was known as Marium Makhani. The emperor's mother or elder son's mother was given honorific names like Marium-uz-Zamani and Marium Makhani etc. Jehangir had great respect for his mother and he often did Koinush (bending back to half and saluting mother). He mentions all this in Jehangirnama.

I had stationed my son Khurram to guard the palaces and treasuries when I set out in pursuit of Khusrau. After my mind was relieved on that score it was ordered that Khurram should bring Her Majesty Maryam-uz-Zamani and the harem to me. When they reached the vicinity of Lahore, on Friday the twelfth of the month [August 7] I got in a boat and attained the happiness of paying homage and greeting my mother in the vicinity of a village named Dhar. After executing the rites of koriinush, prostration (sajda), and after observing the formalities the young owe their elders under the terms of the Genghis code and Timurid law, I performed my evening worship of the Omniscient King. When that was finished, I obtained permission to withdraw and entered the fortress in Lahore.

Jehangir used to carry his mothers Palaquin on his shoulders sometimes. Both travellers during Akbar's regime and Jehangir's regime mention this fact. Duirng Akbar's regime one traveller mentions that Prince Salim Shah carried his mothers palanquin from palace to place of worship (temple) on his shoulders.

*Edward Terry who came to India between 1616-1619 mentions in his traveller memoires:*

He will in pietie helpe to carrie sometimes his mother in a palanka on his shoulders. He speakes respectively of our Saviour, but is offended at His crosse and povertie; thinking them incompetible to such majestic, though told that His humilitie was to subdue the worlds pride.

Jehangir's birthday, along with the imperial weighing ceremony that marked it, was therefore celebrated twice, once according to the lunar calendar on the seventeenth of Rabi' (which fell on August thirtieth the year he was born, A.H. 977 ( 1569) and again according to the solar calendar on or around the twenty-second of Shahrivar ( beginning of September). Akbar himself started this tradition of weighing (Tulabhar) Salim in gold and silver. This weighing usually took place in his mother Marium-uz-Zamani's palace.

> Since the garden and step well that had been built by order of Her Majesty Maryam-uz-Zamani in the pargana of Chausath was on the way, I went to see it. Without exaggeration the stepwell is a fine structure and beautifully built. We ascertained from the officials that twenty thousand rupees had been spent on it.

*Jehangir mentions his weighing (Tulabhar) a few times in Jehangirnama:*

On Wednesday the eighteenth, the weighing ceremony for my fortieth lunar year was held in Maryam-uz-Zamani's quarters. I ordered the gold from the weighing distributed to the women and the deserving. On Thursday the first of Jumada II, the solar weighing ceremony was held in Her Majesty Maryam-uz-Zamani's quarters. Some of the gold was divided among women and the rest was ordered distributed to the poor of the realm.

*When Jehangir was 44 years old he mentions being weighed twice once in lunar and once as per solar year. He mentions the same below:*

Toward the end of Thursday the twentieth of the month (August 31), the solar weighing ceremony was held in Maryam-uz-Zamani's quarters, and as usual, I had myself weighed against precious metals and other things. This year I was forty-four solar years old. On Thursday the twenty-second of Shahrivar, corresponding to the seventeenth of Rajab 1021 [September 3] (1613 AD), the solar weighing ceremony was held in Maryam-uz-Zamani's quarters.

Having myself weighed like this is a Hindu custom. His Majesty Arsh-Ashyani, who was kindness and generosity itself, approved of this custom and had himself weighed twice a year, once by the solar year and once by the lunar year, against all sorts of metals, gold, silver, etc., and mostly against valuable goods. The total which amounted to a lac of rupees was distributed to the poor and needy. 1 too maintain this custom, having myself weighed in the same manner and giving the goods to the poor.

*When Salim was 45 years old he was again weighed at his mother's residence and he mentions the same:*

On the Thursday the twenty-eighth of Llrdibihisht, corresponding to the twenty-sixth of Rabi' I 1022 [May 6], (1614 AD) the lunar weighing ceremony was held in Maryam-uz-Zamani's quarters. I ordered some of the gold from the weighing distributed among the women and the needy who had gathered in my mother's quarters.

When Salim was 51 years he was again weighed in Marium-uz-Zamani's palace.

On the twenty-fourth [September 6] the solar weighing ceremony was held in Her Majesty Maryam-uz-Zamani's quarters, and my fifty-first year by solar reckoning commenced under good auspices. It is hoped that the remainder of my life will be spent in acts that please God.

Marriages of him and his sons were also held in Marium-uz-Zamani's palace which Jehangir mentions.

On Sunday the twenty-sixth of the aforementioned month [October 19], the marriage of Parvez to Prince Murad's daughter was held. The betrothal was performed in Majesty Maryam-uz-Zamani's quarters and the banquet was held in Parvez's house. Everyone who was present at the celebration was ennobled with all sorts of favours and honours. Nine thousand rupees were turned over to Sharif Amuli and several other amirs to be given as alms to the poor and needy.

On the fourth of Rabi' 1 [June 8], Jagat Singh's daughter entered the harem and a wedding ceremony and banquet were held in Her Majesty Maryam-uz-Zamani's quarters. Included in the dowry Raja Man Singh sent sixty elephants.

On the fourth of the month [April 13] a celebration was held for my son Shahryar's marriage. The henna party was held in Maryam-uz-Zamani's quarters, and the marriage was performed in I'timaduddawla's house. I went myself with the ladies of the harem and participated in the celebration.

Jehangir even ensured that he inspected the works his mother had ordered no matter how small they were.

On Sunday the sixteenth [December 26] we covered four and a half kos and stopped in the village of Barfmadh Mata. Since the garden and step well that had been built by order of Her Majesty Maryam-uz-Zamani in the pargana of Chausath was on the way, I went to see it. Without exaggeration the stepwell is a fine structure and beautifully built. We ascertained from the officials that twenty thousand rupees had been spent on it.

This must be the Barmadh Mata mentioned by Beale (sec Proceedings A.S.B. for August, 1873). Beale says there is a place, of worship of the Hindus about 1½ koss from Biana in the district of Bhartpur called Barmadh Mata. In the 7th year of Jehangir, 1022 1613, Jehangir's mother Maryam-uz-Zamani made a garden and abaol (step-well) here at a cost of Rs. 20,000. The garden has disappeared, but the building which is over the baolli still exists. Boale gives the inscription. William Finch (Hakluyt Society) speaks of a place called Menhapur, near Biana, where there was a garden made by the Queen - Mother. It was a great sarfiy.

He mentions his mother coming to meet him at Fatekpur Sikri and waiting.


On the same date Her Majesty Maryam-uz-Zamani came from Agra to greet me, and I attained the happiness of waiting upon her. I hope that the shadow of her protection and affection will always be over the head of this supplicant.

Marium-uz-Zamani died on 19th May 1623 and was buried near Akbars tomb in Tomb of Marium-uz-Zamani. Jehangir was not in Agra to attend the funeral but mentioned same in Jehangirnama.

At this time news came from Agra that her Majesty Mariuam-uz-Zamani had passed away. It is hoped that God will inundate her in a sea of mercy.


Though Salim rebelled against Akbar in 1599 and the rebellion lasted till 1605 when he finally returned to Agra after his wife Man Bai's death, the incident does not seem to have strained his relation with his mother. Hira Kunwari died in 1623 but Jehangir could not attend funeral as he was busy with Prince Khurram's rebellion. His own health was decorating with him having asthama, heart disease and liver problems because of excessive drinking in his younger days. Hence he mentions his mother's death only in passing without the details of mourning that he wrote during Man Bai and Jodha Bai's deaths.

writetoarbit@rashtradoot.com



Tulabhar ( Weighing) of Jehangir.

> Jehangir's mother Maryam-uz-Zamani made a garden and abaol (step-well) here at a cost of Rs. 20,000. The garden has disappeared, but the building which is over the baolli still exists.



### #INSIGHT

Free yourself from the stuffiness of orderly life and let pandemonium reign. Wear what you want, eat what you want, and don't do anything because you think you 'should'.

# Unlock Yourself!



All hail the forces of chaos! Let the desk be unorganized, turn off the alarms, and let the laundry go unwashed! Throw out your itinerary and pursue the day with wild abandon! Have a course of action? Disrupt it. Walking along the pier and have a sudden desire to jump in the water?

Do it! Randomly decide that purple and neon green are perfectly complementary colours? Wear them! Pandemonium day is dedicated to the unexpected, if you live a typically organized and well-ordered life, celebrate some serious Pandemonium!

### Learn about Pandemonium Day

The word 'pandemonium' first came about in the 17th century. It was used in the poem 'Paradise Lost' by the author John Milton. This is one of the most famous and brilliant pieces of poetry. It re-tells the biblical story of Adam and Eve, and how they are tempted by Satan.



Pandemonium is a hybrid of the Greek word 'pan' and the Latin word 'daemonium'. Pan means 'all' and daemonium means 'devil.' Pandemonium is the capital of Hell in the poem Paradise Lost. It is where all of the demons reside. Of course, when it is used in the modern day it does not have such frightening implications. Instead, it stands for all things that are unpredictable, disorganized, and chaotic.

Pandemonium Day has been designed to help you get your life back. If you feel like your life is too predictable, boring, scheduled and orderly, then this is the day for you to throw the rule-book out of the window and do something that you have always wanted to do.

After all, most people have experienced those moments whereby they have felt like they have really wanted to do something but it is 'too crazy' for them. Pandemonium Day is designed so that you have a day that you can go ahead and do those things anyway and live life in the fast lane for once.

### History of Pandemonium Day

Pandemonium day was established to help free us from all the stuffiness that comes with living a life too ordered, a schedule to set. There's a term called 'landing in a rut' and when you're doing the same thing day in and day out, without any variance or change, it leads to the path of deathbed lined with regrets.

Instead, you need a little pandemonium in your life, random madness and spontaneous acts that will bring about great adventures, experiences, and memories you can cradle and share your whole life.

Pandemonium Day tells you it's alright to be wild, to be crazy, to get out there and tear up the world. Don't think that you have to behave according to the same rules someone else lives their life by. Be sure to obey the law, don't mess with someone else's life, but don't think that anyone has the right to tell you who you are or how to celebrate your own uniqueness.

Get out there and follow your impulses, engage your inner child who didn't know what 'appropriate' meant, and run through the fields with your heart wild and free. Indulge in the very essence of Pandemonium.

### How to celebrate Pandemonium Day

Two Words: Free Yourself. Free Yourself from preconceptions, from expectations, from 'have to' and 'should', let yourself be free. Life is meant to be lived full of joy and exploring our personal uniqueness, not coddled into a three-piece suit and living out every day according to someone else's pre-determined plan.




While order has its place, it is not the foundation of a life fully lived. Chase the horizon, play in the mud with the frogs, run through a gathering of pigeons, and climb the nearest tree. Pandemonium Day should be lived like it's your last day on Earth, get out there.

Another way to celebrate Pandemonium Day is to look for different ways that you can reduce stress and chaos in your life. There is no way that we can eradicate these two feelings entirely. However, we can definitely take active steps to remove them. Sit down and think about all of the different things that cause you stress and chaos at the moment.

Look at the ways that you can reduce these feelings and make positive changes in your life. This will enable you to enjoy day-to-day living more. Don't feel selfish for making these changes. It is important to put yourself first at times. If you find that you're always stressed because you have a schedule that is filled with doing things for other people, make sure you free up some time so you can treat yourself and do the things that you want to do.




### THE WALL





### BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott





### ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# किसानों ने मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय को तीसरे दिन भी ठप रखा



नहर व बीमा क्लेम सहित 18 सूत्री मांगों को लेकर मिनी सचिवालय के समक्ष चल रहे धरने पर किसानों को कॉमरेड सुनिल पूनियां ने सम्बोधित किया।

■ तीन दिन से मिनी सचिवालय के दोनों द्वारों पर तालाबन्दी जारी रही

**सादुलपुर, (निसं)।** अखिल भारतीय किसान सभा एवं भारत की जनवादी नौजवान सभा द्वारा 18 सूत्री मांगों सहित नहर व फसल बीमा क्लेम की माँगों को लेकर तीसरे दिन भी आक्रोशित किसानों नें एसडीएम कार्यालय को ठप रखा तथा तीन रोज से मिनीसचिवालय के दोनों द्वारों पर तालाबन्दी जारी रही।

कॉमरेड सुनिल पूनियां ने बताया कि जब तक क्रॉप कटिंग रिपोर्ट नहीं दी जायेगी, तब तक एसडीएम कार्यालय राजगढ को ठप रखा जाएगा, क्योंकि प्रशासन द्वारा क्रॉप कटिंग रिपोर्ट 11 जुलाई को देने की बात कही थी, जबकि हर बार कलेक्टर और एसडीएम ने केवल और केवल आश्वासन ही दिया है, जिसके विरोध में अब 15 जुलाई को मोदी और गहलोत का धरना स्थल पर पुतला दहन किया जायेगा। पूनियां ने बताया कि महापडाव शांतिपूर्वक रहा तथ 11 जुलाई 2022 की वार्ता विफल रहने के बाद कोई वार्ता नहीं हुई और प्रशासन ने कोई जिम्मेदारी भी नहीं ली। साथ ही बताया कि पूर्व की वार्ता विफल रही, जिसके विरोध में किसानों ने फिर एसडीएम कार्यालय के दोनों गेट बंद किए थे और आज तीसरे दिन भी बंद रखे गये। साथ ही चेतावनी दी कि हमारी माँग मानने पर ही गेट खोले जायेंगे। महापडाव के तीसरे दिन जयप्रकाश ढाका, कॉमरेड निर्मल प्रजापत, कॉमरेड उमराव सिंह, माईचन्द बागोरिया, प्रभुराम गोयल, सुनील पूनिया, कॉमरेड रणसिंह गागडवास, राजकुमार भोजाण, ओमप्रकाश हांसियाबास, मनीराम ढाका, औंकार सिंह महलाना, जयसिंह, दलीप मानपुरा, रामनिवास सूरतपुरा, रतन सिंह, गुडाण, महेंद्र मास्टर बींजावास, मनीराम ढाका, गौरीशंकर, मोहनलाल सिद्धमुख, राजेंद्र खुड्डी, इंद्राज चूरू, राजेंद्र कालरी, श्योलल महलाना, इंद्राज राजपुरिया, चिमनाराम पांडेर, सुशील हरियाणा, भले राम पूनिया, राकेश थालोर, विक्रम सोनी, कृष्ण शर्मा व अशोक शर्मा आदि ने संबोधित किया।

# दहेज प्रताड़ना एवं यौन शोषण के आरोप में ससुर गिरफ्तार



सुजानगढ़ पुलिस की गिरफ्त में दहेज व यौन शोषण का आरोपी ससुर।


**सुजानगढ़, (निसं)।** कोतवाली पुलिस ने दहेज प्रताडना एवं यौन शोषण के आरोप में आरोपी ससुर को गिरफ्तार किया है।

जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर इन्द्रलाल ने बताया कि पीडिता द्वारा 10 नवम्बर 20 21 को कोतवाली थाने में अपने पति आदित्य शर्मा, ससुर बजरंगलाल शर्मा, सास पदमादेवी व ननद मिनाक्षी शर्मा के खिलाफ दहेज प्रताड़ना व यौन शोषण के आरोप का मामला दर्ज करवाया था। प्रकरण में आरोपी ससुर बजरंगलाल शर्मा निवासी को एसीजेएम नवनीत अग्रवाल के समक्ष पेश किया गया। एसीजेएम अग्रवाल ने आरोपी बजरंगलाल को पांच दिन के पुलिस रिमाण्ड पर सौंपे जाने के आदेश दिए। ज्ञात रहे कि पीडिता ने रिपोर्ट में बताया कि पति आदित्य शर्मा, ससुर बजरंगलाल शर्मा, सास पदमादेवी व ननद मिनाक्षी शर्मा पर कम दहेज लाने का ताना मारते तथा कहते कि हमें सोने के गिफ्ट, पांच लाख नगद व एक कार मिलने की उम्मीद थी। रिपोर्ट में पति पर लडाई झगडा करने, मारपीट करने के आरोप लगाया गया है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि पथरी दर्द होने पर सास पदमादेवी ने दर्द की दवा के रूप में नशीली दवा दी, जिससे चक्कर आने पर मैं कमरे में सो गई और ससुर ने आकर मेरे साथ खोटा काम किया तथा सास ने विडियो व फोटो ले लिए। अगले दिन ससुर ने मुझे वे विडियो व फोटो दिखाते हुए रिश्तेदारों व लोगों को दिखाने का भय दिखा कर लगातार खोटा काम किया। पति को बताने पर उसने बदनाम करने एवं छोडने की धमकी दी।

रिपोर्ट में पीडिता ने बताया कि 12 सितम्बर 2021 को पति एवं ससुराल वालों द्वारा मारपीट करने पर पिता को फोन करने पर पिता, माता, दादा जी ससुराल आये तो उनके सामने भी मारपीट की तथा दहेज की मांग की। नहीं देने पर नहीं रखने की धमकी दी। जिस पर स्त्रीधन मांगने पर लौटाने से इंकार कर दिया तथा मुझे व मेरे परिवार वालों को घर से बाहर निकाल दिया।

# किराना व्यापारी की गला रेतकर हत्या, आरोपी को इंदौर से पकड़ा



पुलिस ने व्यापारी के शव का पोस्टमार्टम करवाया और जांच की।

■ पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ कर हत्या के कारणों का खुलासा करेगी

**भीलवाडा, (निसं)।** जिले के मंगरोप थाना क्षेत्र में मंगलवार रात को किराना के एक होलसेल व्यापारी संजय सोमानी की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई। व्यापारी रात को मंगरोप से अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहा था। संजय का शव बगलेश्वर महादेव रोड पर उसकी कार के अंदर ही मिला है। राहगीरों ने कार में खून से सना शव देख पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल हो गया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने कार के अंदर से सब्जी काटने वाले दो चाकू बरामद किए हैं। वहीं इस घटना की सूचना के बाद एसपी आदर्श सिद्धू और ग्रामीण सीओ रामचंद्र चौधरी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया है। जहां बुधवार को उसका पोस्टमार्टम करवाया गया। इसी बीच मंगरोप के ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर क्षेत्र के बाजार बंद रख विरोध दर्ज करवाया है। वहीं पुलिस ने इस मामले में इंदौर से आरोपी को डिटेन किया है, जिसे भीलवाडा लाने के बाद पूछताछ में ही हत्या के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

एसपी आदर्श सिद्धू ने बताया कि मंगरोप हाल भीलवाड़ा निवासी संजय पुत्र भैरूलाल सोमानी की मंगलवार शाम को चाकू से उनकी कार में ही निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक की कार बगलेश्वर महादेव मंदिर के पास मिली है। उसी के अंदर ही उसका शव था। संजय मंगरोप में किराणे की होलसेल दुकान चलाता है। मंगलवार को जब वह दुकान बंद कर घर के लिए रवाना हुआ था तो उसकी दुकान पर कार्य करने वाला पूर्व कर्मचारी राहुल रैगर भी उसके साथ था। जिसे कई लोगों ने कार में देखा था और घटना के बाद से वह गायब है। वहीं मृतक दुकान से जो पैसे लेकर निकला था। वह कार में सुरक्षित मिले है। जिसके चलते इस हत्या के पीछे रंजिश का कारण सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि संजय के पिता भैरूलाल कांग्रेस के नेता है और उनकी मां चंद्रकला सोमानी मंगरोप की सरपंच रह चुकी है। मृतक का पैतृक गांव मंगरोप ही है। चार साल पहले तक पूरा परिवार मंगरोप ही रहता था। उसके बाद भीलवाडा रहने लग गए। संजय दुकान पर भी हमेशा भीलवाडा से आता था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दुकान से रवाना होते समय संजय के साथ राहुल रैगर ही था। राहुल पहले संजय की दुकान पर ही काम करता था। लोगों ने राहुल को संजय की कार के पीछे की सीट पर बैठा देखा था। पुलिस टीम ने राहुल को इंदौर से डिटेन किया है। पुलिस अब राहुल को भीलवाडा लाने के बाद गहनता से पूछताछ कर हत्या के कारणों का खुलासा करेगी। वही इस हत्याकांड के विरोध में बुधवार आक्रोषित ग्रामीणों और स्थानीय व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रख विरोध दर्ज करवाया है।

## बाल संप्रेषण गृह से चार बाल अपचारी फरार

**धौलपुर, (निसं)।** बाल संप्रेषण गृह धौलपुर से बीती रात करीब 3 बजे एक बार फिर 4 बाल अपचारियों के भागने का मामला सामने आया है। जिससे सम्प्रेषण गृह की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो गए हैं। साथ ही यहां की सुरक्षा व्यवस्था पर अब तरह तरह के संदेह भी होने लगे हैं, क्योंकि एक के बाद एक बाल अपचारी भागने की घटनाएं जिस तरह से हो रही हैं, वे संदेह पैदा कर रही हैं। इन घटनाओं को लेकर किसी भी जिम्मेदार के खिलाफ बड़े अफसरों ने भी अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की है, जिससे ये लापरवाही बार बार हो रही है। बताया जा रहा है कि मंगलवार-बुधवार की रात करीब 3 बजे बाल संप्रेषण गृह धौलपुर से 4 बाल अपचारी संप्रेषण गृह की खिड़की काटकर फरार हुए हैं। बताया जा रहा है कि फरार हुए ये चारों बाल अपचारी पॉस्को एक्ट व आर्म्स एक्ट के आरोप में बंद थे। घटना की पता चलने पर सदर थाना पुलिस धौलपुर को सूचना दी गई। जिस पर पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। इस पूरे मामले की भनक लगने पर मीडिया जब बाल संप्रेषण गृह पहुंची तो बाल संप्रेषण गृह के चैनल गेट का ताला लगा हुआ मिला। बाल संप्रेषण गृह के अधीक्षक दीपेंद्र सिंह शेखावत से सीसीटीवी फुटेज व बाइट देने की कहा गया तो अधीक्षक ने कहा कि हमें ऊपर से मना किया गया है कि मीडिया को ना ही तो बाइट देनी है और ना ही सीसीटीवी फुटेज देने हैं।

# चैक अनादरण मामले में डेढ़ वर्ष की सजा सुनाई

**ब्यावर, (निसं)।** अतिरिक्त सिविल न्यायालय एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सं. 1 की पीठासीन अधिकारी नीतू ने रामखेडा धन्नार के पूरणसिंह को चैक अनादरण का दोषी पाते हुए डेढ साल का कारावास व साढे तीन लाख रूपये के जुर्माने से दंडित किया है।

मामले के अनुसार परिवादी लोकेश बुरड द्वारा पंचायत समिति जवाजा में स्थित गांव रामखेडा धन्नार के पूरण सिंह को वर्ष 2017 में निजी आवश्यकता व घरेलू खर्च बाबत तीन लाख रूपये नकद उधार दिये थे। उसके पेटे अभियुक्त ने उक्त राशि का चैंक अपने हस्ताक्षर कर परिवादी को सौंपा था व यह विश्वास दिलाया था कि चैक को बैंक में प्रस्तुत किये जाने पर चैक में वर्णित राशि का भुगतान परिवादी को प्राप्त हो जायेगा। अभियुक्त के विश्वास दिलाने पर ही परिवादी ने उक्त चैक लेना स्वीकार किया।

इसके बाद परिवादी के द्वारा चैक को अपनी बैंक में भुगतान हेतु प्रस्तुत किया गया तो उक्त चैक "ओपनिंग बैलेन्स इनसफिशियेन्ट" होने के कारण अनादरित होकर बिना भुगतान के लौट आया। अभियुक्त ने यह जानते बूझते हुए कि उसके बैंक खाते में पर्याप्त राशि मौजूद नहीं है, फिर भी परिवादी को साथ छल व धोखा देने के उद्देश्य से उक्त चैक जारी कर दिया। इसके बाद परिवादी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से अभियुक्त को नोटिस देने के बावजूद उक्त राशि का भुगतान नहीं किया तब परिवादी ने वर्ष 2018 में उक्त परिवाद विशिष्ट न्यायिक मजि. एन.आई.कोर्ट में पेश किया। जिसमें दोनों पक्षों को सुनने के बाद पूरणसिंह को एनआई एक्ट की धारा 138 में दोषी करार देते हुए डेढ वर्ष का कारावास तथा 3.5 लाख रूपये के जुर्माने से दण्डित करने के आदेश किये। साथ ही सख्त टिप्पणी भी करी कि "हस्तगत प्रकरण में अभियुक्त को परिवीक्षा का लाभ दिया जाता है तो इस प्रकार के अपराधों को संश्रय मिलेगा अत: अभियुक्त को परिवीक्षा का लाभ दिया जाना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है व अभियुक्त प्रतिकर अदा करने में व्यतिक्रम रहता है तो अभियुक्त को तीन महिने का कारावास पृथक से भुगताया जावे"। परिवादी की ओर से एडवोकेट नीलेश बुरड ने अपनी तर्कपूर्ण दलीले एवं पक्ष रखा।

## भीलवाड़ा में छह पॉजीटिव मिले

**भीलवाडा, (निसं)।** औद्योगिक नगरी भीलवाड़ा में कोरोना संक्रमण कम होने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को आई आरटीपीसीआर रिपोर्ट में 6 नए संक्रमित सामने आए हैं। इनमें 3 गुलाबपुरा, एक गंगापुर व दो शहर के हैं। आरआरटी टीम प्रभारी डॉ. घनश्याम चावला ने बताया कि इन रोगियों में गुलाबपुरा की 40 साल की महिला, 48 साल का पुरुष व 29 साल का युवक और गंगापुर निवासी 66 वर्षीय वृद्ध, सांगानेरी गेट निवासी 25 वर्षीय युवक, शास्त्रीनगर निवासी 53 वर्षीय प्रौढ़ शामिल हैं।

## मंदिर और घर में चोरी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के बनेडा थाना क्षेत्र में बीती रात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने भगवान के दो घरों से गहने, जबकि एक मकान के बाहर से बाइक चुरा वारदात को अंजाम दिया। वहीं चोरों ने सब्जी विक्रेताओं की दो केबीनों को भी निशाना बनाया। वहीं भागते समय पंक्चर हुई चोरी की बाइक को चोर लावारिस हालत में छोड़ गये।

# तीन मिलावटखोरों को छह-छह महीने की जेल

■ कोर्ट ने एक लाख अर्थ दंड की सजा भी सुनाई

**जोधपुर, (कासं)।** मिलावटखोरों के खिलाफ कोर्ट में दर्ज मामले की सुनवाई करते हुए तीन आरोपियों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जोधपुर उक्त मिलावटखोरी में लिप्त विक्रेताओं को आरोपी मानते हुए सजा सुनाई है। न्यायालय ने उक्त तीनों अभियुक्तों को धारा खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत दोषी मानते हुए छह-छह महीने का साधारण कारावास की सजा व एक-एक लाख का अर्थदंड देने का फैसला सुनाया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी रजनीश शर्मा ने बताया कि खाद सुरक्षा दल द्वारा मिलावट के संदेह में खाद्य पदार्थो के नमूने लिए गए थे। मैसर्स पार्श्वनाथ ट्रेडिंग कंपनी न्यू बस स्टेंड,पीपाड़ से घी गुंजन रामजी डेयरी ब्रांड के नमूने लिए जा कर कुल घी 1910लीटर जप्त किया गया था जो बाद जांच असुरक्षित पाए गए थे। उक्त फर्म के मालिक संपतराज कांकरिया, इसी फर्म के संतोष जैन तथा मिलावटी घी निर्माता मैसर्स राम जी डेयरी मिल्क फूड प्रोडक्ट इंडिया एच-124 रीको करणी इंडस्ट्रियल एरिया, बीकानेर राजस्थान के निर्माता/मालिक राहुल पारीक व एक अन्य प्रकरण में में पटेल मुकनाराम टी सेंटर, बिलाड़ा के मुकनाराम पटेल को मिलावटी लाल मिर्च पाउडर मामले में दोषी मानते हुए छ माह की जेल मय अर्थदंड की सजा सजा व एक-एक लाख का अर्थदंड देने का फैसला सुनाया।

## भीलवाड़ा के एमजी हॉस्पिटल में मरीज की मौत पर हंगामा

**भीलवाडा, (निसं)।** जिले के सबसे बड़े महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती एक बीमार युवक की उपचार के दौरान मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टर्स पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा खडा कर दिया, जिन्हें पुलिस ने समझाइश कर शांत करवा दिया।

जानकारी के अनुसार कोटडी निवासी नारायण खटीक (25) बीमार चल रहा था। 10 जुलाई को उसे परिजन जिला अस्पताल ले आये, जहां उसे भर्ती कर उपचार किया जा रहा था। बुधवार को नारायण की उपचार के दौरान मौत हो गई। इस पर परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश की। इस दौरान मृतक के पिता गोपाल खटीक ने आरोप लगाया कि बेटे को भर्ती करवाये तीन दिन हो गये। उसे होश नहीं आ रहा था। डॉक्टर्स के कहने पर एमआरआई करवा रिपोर्ट उन्हें दे दी लेकिन उन्होंने देखा नहीं। शाम को वे राउंड पर आये तो मृतक के पिता ने बोला, बुखार तेज है। इस पर उनका कहना था कि बुखार तो आयेगी। उन्होने कहा कि उसे आईसीयू में शिफ्ट कर दो या रैफर कर दो। ताकि मैं, उसे जयपुर या अहमदाबाद लेकर जा सकूं लेकिन उन्होंने सुनवाई नहीं की।

# भारतीय सेना के जवान सुरेंद्र कुमार का ड्यूटी के दौरान हुआ निधन



जवान सुरेंद्र कुमार

**चिड़ावा।** क्षेत्र के एक जवान की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अजीतपुरा गांव निवासी श्रीचंद नूनियां के पुत्र सेना के जवान 32 वर्षीय सुरेंद्र कुमार का ड्यूटी के दौरान निधन हो गया।

सुरेंद्र के चाचा रामसिंह नूनियां ने बताया कि सुरेंद्र 2008 में सेना में भर्ती हुआ था। जो कि फिलहाल बरेली में सिपाही के पद पर तैनात था। यहां 11 जुलाई को ड्यूटी के दौरान अचानक सुरेंद्र की तबीयत खराब हो गई। उसे तुरंत ही यूनिट एमआई रूम में भर्ती किया गया। तबीयत अधिक बिगड़ने पर सुरेंद्र को एमएच बरेली के आईसीयू में शिफ्ट किया गया। जहां सुरेंद्र ने 12 जुलाई को दम तोड़ दिया। सुरेन्द्र की गुरुवार सुबह दस बजे अजीतपुरा के मुक्तिधाम में राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टी की जाएगी। सुरेंद्र की पत्नी राजकीय बीडीके अस्पताल, झुंझुनूं में जीएनएम के पद पर कार्यरत है। उनके छह वर्षीय एक बेटा भी है।

मिली जानकारी के अनुसार जवान की पार्थिव देह सेना के विशेष विमान से देर रात बरेली से जयपुर पहुंचेगी। वहां से पार्थिव देह सेना के वाहन से सड़क मार्ग से गांव के लिए रवाना किया जाएगा। सुबह छह बजे पार्थिव देह गांव पहुंचने की सूचना है।

# भड़काऊ नारेबाजी के मामले में हिस्ट्रीशीटर सहित दो गिरफ्तार

■ एक के खिलाफ 10 मामले दर्ज

**उदयपुर, (निस)।** जिला कलेक्ट्री परिसर के बाहर मौन प्रदर्शन के दौरान के लोगों द्वारा भड़काऊ नारेबाजी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार 20 जून को मुस्लिम समुदाय के मौन जुलूस में कलेक्ट्रेट के सामने धार्मिक वैमनस्यता फैलाकर नारे लगाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। मामले में जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा द्वारा साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के आदेश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर चन्द्रशील ठाकुर, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरविजन में भुपालपुरा थानाधिकारी हनवंतसिंह सौढ़ा के नेतृत्व में हेड कांस्टैबल किशनसिंह, कांस्टेबल राजेन्द्र प्रसाद, विजयसिंह, दलपतसिंह, सुरेन्द्रसिंह मय टीम ने इस मामले में गठित टीम ने मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर कुछ आरोपियों को नामजद किया था। जिनमें सिलावटवाड़ी घंटाघर हॉल लालमगरी मस्ताना बाबा के पीछे अम्बामाता निवासी गुलाम दस्तगीर पुत्र मोईनुद्दीन रिजवी, दीवान शाह कॉलोनी पटेल सर्कल सूरजपोल निवासी हाफिज कादरी पुत्र हबीब खान को गिरफ्तार किया। आरोपी गुलाम दस्तगीर के खिलाफ पूर्व में 10 अपराधिक मामले दर्ज है व हाफिज के खिलाफ एक प्रकरण धार्मिक वैमनस्यता फैलाने का प्रकरण दर्ज है।

# दो तहसीलदारों को थमाई चार्जशीट

**करौली (निसं.)।** जिला कलेक्टर ने बैठक में फ्लैगशिप योजना के लाभार्थी के बारे में दो बार पत्र भेजकर तहसीलदार करौली से सत्यापन रिपोर्ट अभी तक नहीं भिजवाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तहसीलदार करौली को चार्जशीट दिये जाने के निर्देश बैठक में दिये।

उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों से लाभार्थियों का सत्यापन कर एक सप्ताह में रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिये। तहसीलदार मंडरायल को बैठक में उपस्थित नहीं होने पर भी चार्जशीट दिये जाने के निर्देश भी दिये।

जिला कलेक्टर ने बैठक में जनसुनवाई, जिला सतर्कता समिति, लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग, मुख्यमंत्री कार्यालय तथा संभागीय आयुक्त कार्यालय के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा करते हुए प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। साथ ही जिला सतर्कता समिति के प्रकरणों की पालना रिपोर्ट 21 जुलाई से पूर्व भिजवाने के भी निर्देश दिये। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर परसराम मीना, उपखंड अधिकारी हिण्डौन अनूप सिंह, करौली अमित वर्मा, सपोटरा अनुज भारद्वाज, मंडरायल प्रदीप कुमार चौमाल, उपंखड अधिकारी टोडाभीम दुर्गाप्रसाद मीना सहित समस्त तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएवी कॉलेज के प्रिंसिपल के खिलाफ परीक्षाओं में गड़बड़ी व चहेतों को नकल कराने का आरोप



छात्रनेताओं ने कुलपति का शॉल ओढ़ाकर व माला पहनाकर कर अभिनन्दन किया।

■ छात्रनेताओं ने सबूत व अन्य दस्तावेज कुलपति को सौंप पूरे प्रकरण की जांच कराने की मांग

■ जल्द कार्रवाई नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

■ गीतांजली बीएड कॉलेज का एग्जाम सेंटर निरस्त करने पर कुलपति का आभार जताया

**अजमेर, (कासं)।** महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर में शहर के विभिन्न कॉलेजों के छात्रनेताओं ने कुलपति प्रो. अनिल शुक्ला से मुलाकात कर डीएवी कॉलेज अजमेर के प्रिंसिपल लक्ष्मीकांत शर्मा के खिलाफ यूनिवर्सिटी की परीक्षाओं में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा।

यूनिवर्सिटी पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष लोकेश गोदारा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मोहित जैन, डीएवी कॉलेज छात्रसंघ अध्यक्ष सीताराम चौधरी, पूर्व अध्यक्ष महिपाल कस्वा, छात्रनेता रोशन गुर्जर, डीएवी कॉलेज एबीवीपी इकाई अध्यक्ष अस्तिव तिवाड़ी, अभिषेक गेना, रवि सिंह रावत, राकेश चौधरी इत्यादि छात्र नेताओं के शिष्टमंडल ने ज्ञापन सौंपा।

छात्र नेताओं ने कुलपति को ज्ञापन देते हुए बताया कि डीएवी कॉलेज अजमेर के प्रिंसिपल लक्ष्मीकांत शर्मा ने कॉलेज के कर्मचारी की पत्नी को यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित परीक्षा के पेपर में 14 अक्टूबर 2020 को नकल करवाने का प्रयास किया लेकिन स्टाफ की सजगता से प्राचार्य नकल नहीं करवा पाया। इस प्रकरण के लिए कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल ने पुलिस थाने में एफआइआर भी दर्ज करवाई जिसके फलस्वरूप प्रिंसिपल की शह पर स्ट्रांग रूम से कॉपियां निकाल उस कर्मचारी के घर ले जाकर नकल कर कॉपी बदल दी। प्रिंसिपल ने अपने पुत्र जो बीकॉम का विद्यार्थी रहा जिसने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा डीएवी कॉलेज में दी उसी समय प्रिंसिपल ने अपने चहेते लोगों की ड्यूटी अपने पुत्र के परीक्षा कक्ष में लगा दी।

छात्र नेताओं ने बताया कि शारीरिक शिक्षा संकाय की परीक्षा में एक छात्र हरियाणा पुलिस की परीक्षा देने गया जिस दिन वह पुलिस की परीक्षा देने गया था उसी दिन उसका यूनिवर्सिटी का एग्जाम भी था। प्राचार्य ने वहां के टीचरों से मिलीभगत कर किसी अन्य व्यक्ति को यूनिवर्सिटी की परीक्षा में बिठाया। एक समय एक दिन अलग-अलग राज्यों में एक ही विद्यार्थी कैसे परीक्षा दे सकता है। इस प्रकरण की गंभीरता से जांच करने की छात्र नेताओं ने मांग की है। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रैक्टिकल परीक्षाओं में बाहरी व्यक्तियों द्वारा एग्जाम का नोटिस निकाल परीक्षा आयोजित करवा दी गई जिस व्यक्ति ने नोटिस निकाला उस दौरान उसका कॉलेज से कोई संबंध नहीं था। छात्र नेताओं ने कुलपति से मांग की है कि इन सभी प्रकरणों की गहनता से जांच कर कमेटी बनाई जाए और डीएवी कॉलेज के प्रिंसिपल को परीक्षा संबंधित कार्यों से आजीवन डिबार किया जाए।

गीतांजली बीएड कॉलेज, बोरावड़ को यूनिवर्सिटी ने परीक्षा सेंटर से हटा दिया है। इसके लिए कुछ दिन पूर्व यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मोहित जैन व पूर्व अध्यक्ष लोकेश गोदारा ने कड़ी आपत्ति जताई थी जिसके चलते कुलपति ने इस कॉलेज से एग्जाम सेंटर हटा लिया जिसके लिए छात्रनेताओं ने कुलपति का शॉल ओढ़ाकर व माला पहनाकर कर अभिनन्दन किया। छात्र नेताओं ने यूनिवर्सिटी प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि इस प्रकरण में जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

## संक्षिप्त

### बन्दरों के आंतक से ग्रामीण परेशान

**निवाई,** (निसं)। गाव जगसरा मे बंदरों के आतंक से ग्रामीण भयभीत व परेशान हैं। आवारा बन्दरों ने अब तक 15 ग्रामीणों को घायल किया है। ग्रामीणों ने पंचायत प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर बंदरों को पकडकर अन्यत्र छोडने की मांग की है। ग्रामीण बाबू लाल गुर्जर ने बताया कि ग्राम पंचायत हिंगोनिया बुजुर्ग में लगभग 300 बंदर हैं। गांव जगसरा में बुधवार को बन्दरों के हमले में घायलों का चाकसू व जयपुर में ईलाज चल रहा है । उन्होंने बताया कि बन्दरों के हमले से कसनी देवी, प्रेम देवी, शान्ति देवी, घमण्डी लाल, अम्बालाल को घायल कर दिया जिनका जयपुर में इलाज चल रहा है।

### राजकार्य में बाधा के दो जने गिरफ्तार

**निवाई।** सदर थाना पुलिस ने राजकार्य में बाधा के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सदर थानाधिकारी कप्तान सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी द्वारा चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुभाषचन्द मिश्रा व पुलिस उपाधीक्षक रूद्रप्रकाश शर्मा के निकट सुपर विजन में थानाधिकारी कप्तानसिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने राजकार्य में बाधा के फरार चल रहे आरोपी जगदीश पुत्र नारायण मीणा उम्र 60 वर्ष तथा नाथी देवी पत्नी रामरतन मीणा उम्र 42 निवासी बाज्या की ढाणी प्रतापपुरा को गिरफ्तार किया है।

# 15 दिन पहले बनाए गए सीसी रोड की गिट्टियां उखड़ना शुरू

■ देवली शहर के वार्ड नंबर 6 एवं 9 के सामूहिक रोड का मामला

**देवली,** (निसं)। पालिका द्वारा करवाया जा रहे सीसी रोड निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए हैं। इसलिए कि यहां 15 दिन पहले बनवाए गए सीसी रोड की गिट्टी उखड़ना शुरू हो गई है। मामला देवली शहर के वार्ड नंबर 6 एवं 9 के सामूहिक रोड का है। यहां सरकारी कोष से लाखों रुपयों की लागत पर करवाए गए सीसी रोड निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का खेल साफ तौर पर दिखाई दिया गया है सीसी रोड निर्माण कार्य के मामले में यह भी जानकारी आई है कि उक्त सीसी रोड के निर्माण कार्य दौरान ठेकेदार द्वारा की जारही मनमानी की जानकारी पार्षद ने निर्माण से संबंधित अधिकारी चंद्र प्रकाश चौधरी को दी थी। इसके बावजूद सीसी रोड निर्माण हो रही अनियमिताओं के विरुद्ध अधिकारी द्वारा सतर्कता नहीं रखी गई।

जिसका खामियाजा सरकार के सरकारी कोष को भुगतना पड़ेग । इसलिए कि 2 सप्ताह पहले नगर पालिका ने शहर के वार्ड नंबर 6 एवं 9 के सामूहिक रोड पर निर्माण कार्य करवाया था। इस सीसी रोड निर्माण कार्य में घटिया सीमेंट एवं निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। जिसका जीता जागता सबूत यह है कि रोड निर्माण के 15 दिन बाद ही सीमेंट और गिट्टी का उखड़ना शुरू हो गया है।

उक्त रोड निर्माण कार्य में जानकारी यह भी सामने आई है कि रोड निर्माण कार्य में अधिकारी की



लाखों रुपए की लागत से 15 दिन पहले बने सीसी रोड की गिट्टियां उखड़ना शुरू हो गई हैं।

मौजूदगी रहते हुए ठेकेदार ने सांठगांठ की नीति पर घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया था। उल्लेखनीय है कि इन दिनों शहर में कई निर्माण कार्य एवं सौंदर्यकरण कार्यों को पालिका द्वारा विकास के नाम का लाईजामा पहनाया जा रहा है। जिनमें भ्रष्टाचार की परत दर परत चढ़ी हुई दिखाई दे रही है। उक्त निर्माण को लेकर वार्ड नंबर 6 एवं 9 के मोहल्ले वासियों ने पालिका के प्रति नाराजगी जताते हुए हैं बताया है कि सीसी सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार ने निर्माण दौरान घटिया सामग्री का उपयोग किया था। यहां निर्माण से संबंधित जानकारों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया है कि सीसी रोड निर्माण कार्य में ठेकेदार ने नोन ट्रेंड घटिया सीमेंट के बेगों का इस्तेमाल किया है। नॉन ट्रेड सीमेंट के उपयोग से 2 सप्ताह पहले बनाई गई सीसी रोड की गिट्टी उखड़ना शुरू हो गई है।

पवन सिंघल वार्ड नंबर 9 पालिका पार्षद देवली का कहना है कि हमारे वार्ड में सामूहिक रोड का निर्माण नियमानुसार नहीं हुआ है। वार्ड में नालियों का निर्माण भी कार्य आदेश के अनुसार नहीं किया गया है।

संजय सिंगल वार्ड नंबर 6 पार्षद पालिका देवली का कहना है कि वार्ड नंबर 6 एवं 9 में 15 दिन पहले सीसी रोड का निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा किया जा रहा था । रोड निर्माण में हो रही अनियमितताओं की जानकारी उक्त दौरान पालिका के संबंधित अधिकारी को दी गई थी।

### गुरू पूर्णिमा महोत्स हर्ष व उल्लास से मनाया

**निवाई,** (निसं)। बुधवार को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में स्थित आश्रमों व धार्मिक स्थलों पर गुरू पूर्णिमा महोत्सव उल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर भक्तों ने अपने-अपने गुरूओं की विधि विधान से पूजा अर्चना भेंट अर्पित की और आशीर्वाद लिया। महोत्सव को लेकर चारभुजा नाथ मंदिर स्थित श्रीकृष्णानन्द सत्संग भवन व शिवाजी कॉलोनी स्थित श्री नर्बदेश्वर सत्संग भवन में ब्रह्मलीन कृष्णानन्दजी महाराज के अनुयायियों द्वारा मंगलवार की सुबह से अखण्ड रामचरित मानस का पाठ का आयोजन किया गया। बुधवार की सुबह अखण्ड पाठों की पूर्णाहुति के बाद महाराजश्री की चरण-पादुकाओं की पूजा की गई। सुबह से ही गुरू आश्रमों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया जो शाम तक चलता रहा। इसी प्रकार अद्वैत आश्रम हरभांवता में संत बालकानन्दजी महाराज के सानिध्य में गुरू पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालु शिवदयाल गुर्जर ने बताया कि गुरू पूर्णिमा महोत्सव को लेकर मंगलवार को जागरण का आयोजन हुआ। बुधवार को दोपहर में स्वामी हीरानंदजी महाराज का गुरू भक्तों द्वारा अभिषेक व महाआरती कर पूजा की गई। इसके बाद पंगत प्रसादी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर हरभांवता आश्रम सांसद सुखवीरसिंह, विधायक प्रशांत बैरवा, प्रधान रामअवतार लांगडी, श्योप्रताप हरसाणा, फूलचंद लांगडी, दयाराम गुर्जर, सरपंच देवालाल, श्योकिशन गुर्जर, हंसराज लांगडी, अशोक, कमल सहित अनेक श्रद्धालुओं ने बालकानन्द जी महाराज से आशीर्वाद लिया।

## सार-समाचार

### गुरुओं की पूजा में शिष्यों के झुके शीश



**फागी।** कस्बे सहित चोरु, चकवाडा, निमेड़ा, मेहंदवास, रेनवाल माजी, समेत संपूर्ण क्षेत्र में बुधवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दिन मंदिरों ,मठों में श्रद्धालुओं की आस्था का ज्वार उमड़ा। बुधवार को सुबह से ही मंदिर और मठों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटना शुरू हो गई थी जो दिन भर शिष्यों का ताता लगा रहा। गुरु पूर्णिमा के दिन पारंपरिक गुरु शिष्य की परंपरा का निर्वहन होता देखा गया।।जिसके तहत महिलाओं ,पुरुषों ने अपने अपने गुरुओं की पूजा कर श्रद्धा से शेष नवाए।आज सुबह कस्बे की जयपुर भीलवाड़ा मेगा हाइवे पर स्थित बेनाड वाले गुरुजी मंदिर परिसर में निवास कर रहे संत गोवर्धन दास जी महाराज का मंदिर व्यवस्थापक गोविंद नारायण जांगिड़ के नेतृत्व में सैकडों शिष्यों ने संत गोवर्धन दास जी महाराज के तिलक लगाकर माला पहनाई,ओर वस्त्र देकर श्रीफल भेंट करते हुए दक्षिणा देकर संत गुरु जी की पूजा अर्चना करते हुए गुरुजी से सैकडों शिष्यों ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

### गुरु वंदन कर भेंट में उपहार दिए

**खैरथल,** (निसं)। गुरु पूर्णिमा पर्व पर कस्बे सहित ग्रामीण अंचलों में आश्रमों में शिष्यों ने अपने गुरु का पूजन कर उन्हें उपहार भेंट कृतज्ञता प्रकट की । कस्बे के लक्ष्मी नारायण मंदिर पीठाधीश्वर शशिभूषण गल्याण मिश्र यहां सुबह से ही श्रद्धालूओ का तांता लगा रहा । उपहार स्वरूप लोगो ने खुले मन से दान पुण्य किया । प्रेमप्रकाश आश्रम पर प्रभारी संत हरिइंद्र के सानिध्य में सतगुरु स्वामी टेऊराम की प्रतिमा पर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर सत्यनारायण कथा का श्रवण किया।वल्लभग्राम में स्वामी लीला शाह आश्रम पर सुबह-शाम गुरु वंदन के बाद सांय 8 बजे आम भंडारा में प्रसादी ग्रहण की। विख्यात गहणकर में कमलनाथ जी महाराज आश्रम पर सुबह से ही श्रद्धालुओं ने गुरु पूजन करते हुए सत्संग का श्रवण किया।आश्रम के प्रवक्ता मांगीराम गुप्ता ने बताया की कमलनाथ आश्रम पर गत रात्रि को सत्संग दूर-दूर से काफ़ी भक्त शामिल हुए। जिंदोली गांव में गुरू चिंरजीशाह शिष्य सोनू शाह बाबा के आश्रम पर विशाल भंडारा में प्रसादी ग्रहण की।

### गुरू पूर्णिमा पर हुआ गुरू पूजन

**मालपुरा,** (निसं)। बुधवार को गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर विभिन्न स्थानों पर एवं शिक्षण संस्थानों में गुरू पूजन कार्यक्रम आयोजित किये गये। बृजलाल नगर सरकारी विद्यालय सहित विवेकानन्द मॉडल स्कुल, घाणा के बालाजी बाबा बालमुकन्द दास की समाधिस्थल टोरडी स्थित मोतीगिरी आश्रम, ख्वासजी का कटला स्थित महर्षि च्यवन ऋषि नृसिंह मंदिर आदि स्थानों पर गुरू पूर्णिमा का पर्व मना भंडारे का आयोजन कर प्रसादी वितरण की गई तो गुरू को तिलक लगा चरण वंदन किया गया।

### उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई आज

**मालपुरा।** पंचायत सभागार में गुरूवार को प्रात: 10 बजे उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई आयोजित होगी। एसडीएम आरके वर्मा ने बताया कि जनसुनवाई में जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल उपस्थित रहकर पानी, बिजली, सफाई, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित अन्य पहलुओं पर जनसुनवाई करेंगी।

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया

**चाकसू,** (निस) उपखंड क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक स्थानों एवं विद्यालयों पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। विभिन्न कार्यक्रमों में विभिन्न प्रदेश व क्षेत्र के महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने शामिल होकर व्रत आदि रख गुरु पूजन कर आशीर्वाद लिया एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव पूरी श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया गया। धार्मिक स्थलों पर दिनभर भक्तों की चहल-पहल रही।

यहां प्राचीन सिद्ध पीठ गणेशपुरी धाम पर महंत पीठाधीश्वर राजेन्द्रपुरी महाराज के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव भक्ति भाव के साथ मनाया गया। बाबा गणेशपुरी महाराज का पंचामृत अभिषेक हुआ भव्य श्रृंगार एवं आरती के बाद भक्तों को प्रसादी वितरित की गई। दिन भर भक्तों एवं शिष्यों का आना-जाना लगा रहा गुरूदेव की जीवित समाधि पर मत्था टेकने के साथ ही महंत राजेन्द्र पुरी महाराज का आशीर्वाद लिया। दिन भर भक्ति संगीत का कार्यक्रम चलता रहा इस अवसर पर महंत राजेन्द्र पुरी जी महाराज ने गुरुपूर्णिमा महोत्सव पर प्रकाश डालते हुए बताया शिष्य में मन में सद्ज्ञान पैदा करके सही मार्गदर्शन देना ही गुरू का सच्चा दायित्व है गुरु के बताए मार्ग एवं आदर्शों को जीवन में उतारना गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा है गुरु पूर्णिमा पर्व तप, त्याग, समर्पण, सेवाभाव, परमार्थ परायणता, उदारता, ममता जैसे सद्गुणों को प्राप्त करने का होता है। इसमें द्वेष, पाखंड, विभेद, हताशा नराशा का कोई स्थान नहीं होता आज महान आदि गुरु व्यास के जन्म दिन परगुरु पूर्णिमा का शुभारंभ हुआ, उनकी शिक्षाओं को समझकर आत्मसात करना होगा।

### फिल्म 'बाबुल थारी लाड़ली' 22 को रिलीज होगी

**चौंमू /कालाडेरा,** (निसं)। बेटी पढाओ-बेटी बचाओ जैसी मार्मिक कहानी को लेकर राजस्थान के प्रसिद्ध अभिनेता राज जांगिड़ के अभिनय से सजी 9 वंडर इंटरटेनमेंट के बैनर तले सामाजिक और पारिवारिक , संदेशप्रद व सरल राजस्थानी भाषा में बनी राजस्थानी फिल्म बाबुल थारी लाडली 22 जुलाई को रिलीज होगी। दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्राप्त डायरेक्टर लेखक व निर्माता जुगल के नायक के निर्देशन में बनी इस फिल्म में कई दर्जनों हिंदी व राजस्थानी फिल्मों एवं धारावाहिक में अभिनय कर चुकें है। इस फिल्म के साथी कलाकार है सोनम पाटनी, वंदना राणे , आर्यन माहेश्वरी , दीपमाला , रक्षा गुप्ता , अंजली पारीक , मोनू शर्मा , संतोष कँवर, बलवीर राठौड़ और युधिष्ठिर सिंह भाटी व नवोदित चेहरा धर्मेश नायक और मुस्कान है ।

## भगवान शांतिनाथ के शांतिधारा के साथ कलशाभिषेक किया

**निवाई,** (निसं)। गुरू पूर्णिमा महोत्सव पर भगवान शांतिनाथ के शांतिधारा के साथ कलशाभिषेक किया गया। तत्पश्चात आचार्य विराग सागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप-प्रज्वलित एवं चित्र अनावरण हुआ।

इसके बाद आर्यिका गुरु मां विज्ञाश्री माताजी का पादप्रक्षालन कर शास्त्र भेंट किया। आचार्य विराग सागर महाराज व गुरु मां विज्ञाश्री माताजी की भक्ति संगीत के साथ सामूहिक पूजा की गई जिसमें विज्ञाश्री बालिका मण्डल, शुभकामना महिला मण्डल सहित सभी श्रद्धालुओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर गणाचार्य विराग सागर महाराज एवं आर्यिका विज्ञाश्री माताजी की पूजा अर्चना की गई। मीडिया प्रभारी विमल जौला, राकेश संघी व सुनील भाणजा ने



चातुर्मास स्थापना के लिए ध्वजारोहण करते हुए श्रद्धालु।

बताया कि बुधवार को चातुर्मास स्थापना के लिए महावीर प्रसाद ओमप्रकाश जैन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर जयपुर, चाकसू, किशनगढ, अजमेर, करेडा, फुलेरा, टोंक, मालपुरा, नैनवां सहित अनेक स्थानों से आए गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। गुरू पूर्णिमा महोत्सव पर विधायक प्रशांत बैरवा ने कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष राजेश चौधरी, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष पारस पहाडी व ब्रह्मप्रकाश गुर्जर के साथ पहुंचकर विज्ञाश्री माताजी से आशीर्वाद लिया।


**न्यायालय तहसीलदार फुलेरा मु. सांभरलेक (जयपुर)**

दुरभाष नम्बर 01425-228219 ई-मेल- tdrsbr@ymail.com

क्रमांक-भू.अ./2022/6627 दिनांक-08.07.2022

**सार्वजनिक सूचना नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनीष कुमार वर्मा पुत्र श्री बिहारी लाल वर्मा जाति बलाई निवासी काजीपुरा तहसील फुलेरा द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के संबंध में मृतक शिवकरणदास पुत्र रामचन्द्र जाति बलाई निवासी हबसपुरा तहसील फुलेरा के नाम दर्ज खातेदारी भूमि ख.नं. 255, 59/825, 67/837 कुल किता 03 रकबा 4.5396 हैक्ट0 वाके ग्राम हबसपुरा तहसील फुलेरा का वसीयत के आधार पर नामान्तरण खुलवाने बाबत प्रकरण भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 135(2) के तहत हाजा न्यायालय में विचाराधीन है। अतः यदि किसी दीगर व्यक्ति को कोई आपत्ति/एतराज हो तो आगामी दिनांक 21.07.2022 तक पेश करें अन्यथा इकतरफा कार्यवाही कर प्रार्थी के पक्ष में निर्णय पारित कर दिया जावेगा।

तहसीलदार (भू.अ.)
फुलेरा मु. सांभरलेक


## तीन दोस्तों पर बाइक सवार नकाबपोस बदमाशों ने की फायरिंग

■ एक युवक को गंभीर स्थिती में किया जयपुर रैफर

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कांसली में बुधवार दोपहर करीब 2 बजे कोल्ड ड्रिंक पी रहे तीन दोस्तों पर बाइक पर सवार होकर आये दो अज्ञात नकाबपोस बदमाशों द्वारा फायरिंग करने का मामला सामने आया है।

डीएसपी डॉ. संध्या यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि कांसली से किरतपुरा की ओर जाने वाले रास्ते पर ढ्राणी रामजीवाला स्थित तीजावाली जोहड के किनारे तीन युवक साहिल पुत्र नागरमल सैन, गोलू पुत्र गिरिराज लखेरा व नरेन्द्र पुत्र शिम्भुदयाल यादव तीनों निवासी ग्राम कांसली जोहड पर बैठकर ठण्डा पी रहे थे। अचानक एक बिना नम्बरी बाईक पर सवार होकर आये नकाबपोस दो युवकों ने उन पर फायरिंग कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गये। इधर फायरिंग की घटना होते ही आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय ग्रामीणों ने घायल युवकों को यहां के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पेट में गोली लगने के कारण हालात बिगड जाने पर साहिल को जयपुर रैफर कर दिया गया। वहीं अन्य युवक गोलू का स्थानीय अस्पताल में उपचार जारी है। जबकि तीसरे युवक नरेन्द्र को कोई विशेष चोट नहीं आई है।

घटना की सूचना पर डीएसपी डॉ. संध्या यादव सहित सरूण्ड थाना प्रभारी इन्द्राज सिंह व कोटपूतली थाना प्रभारी सवाई सिंह भारी पुलिस जाप्ते के साथ राजकीय अस्पताल पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने घायल युवकों से आवश्यक जानकारी जुटाते हुए गोलू लखेरा व नरेन्द्र से सख्ती से पूछताछ की तो पूछताछ के दौरान आए विरोधाभासी बयानों के बाद पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर गहंता से पडताल की तो पता चला की मौके पर उक्त तीनों दोस्तों की बाईक के अलावा कोई अन्य बाईक बिना नंबरी नहीं आई और ना ही दो अज्ञात नकाबपोस व्यक्ति आए।

पुलिस ने सख्ताई बर्ती तो घटनाक्रम का खुलासा हो गया जिसमें पुलिस को पता चला है कि कांसली गांव की प्राथमिक स्कूल परीसर में साहिल, गोलू लखेरा व नरेन्द्र यादव तीनों कोल्ड ड्रिंक्स पी रहे थे। गोलू के पास एक देसी कट्टा था जिसका गोलू ने ट्रेगर दबा दिया तो गोली उसी की अंगुली को भेदती हुई साहिल के पेट में जाकर घुस गई। घटनाक्रम के बाद घटना में प्रयुक्त देसी कट्टा इन्हीं का एक अन्य साथी खोट्या मेघवाल निवासी कांसली लेकर फरार हो गया।

बहरहाल क्षेत्र में लगातार एक के बाद एक हो रही फायरिंग की घटनाओं तक का खुलासा तो यहां की पुलिस बेसक कर देती है लेकिन कोटपूतली क्षेत्र में अवैध हथियारों के तस्करों तक पहुंचने में पुलिस नाकाम है। यदि पुलिस फायरिंग की घटनाओं से जुडे अपराधियों से सख्ती से पूछताछ कर अवैध हथियार तस्करी वाले लोगों की गिरेबान तक पहुंचे तो शायद क्षेत्र में शांति व्यवस्था बरकरार रह सकती है।

### बाल संरक्षण संकल्प यात्रा का द्वितीय चरण अलवर से शुरू

**अलवर,** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलक्टर वन्दना खोरवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रट सभागार में जिले में बाल संरक्षण संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण संचालन के संबंध में आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित हुई।

अति. जिला कलेक्टर वंदना खोरवाल ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को यात्रा के ग्राम भ्रमण के दौरान एवं यात्रा समापन पर राजगढ में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय बाल संरक्षण संकल्प मेले में अभियान को सहयोग देने के निर्देश दिये। आमुखीकरण कार्यशाला में जिला स्तरीय अधिकारीगण, राजगढ पंचायत समिति के 16 ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारी एवं सरपंच उपस्थिति रहे। ए.डी.एम (प्रथम) अखिलेश कुमार पीपल एवं ए.डी.एम (द्वितीय) वंदना खोरवाल एवं 16 ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारी, सरंपच सहित जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ कारवां रथों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना। बाल अधिकारिता विभाग अलवर के सहायक निदेशक रामनिवास यादव ने बताया कि बाल अधिकारिता विभाग, यूनिसेफ एवं पीसीसीआरसीएस के संयुक्त तत्वावधान में चलाये जा रहे बाल संरक्षण संकल्प यात्रा की शुरूआत 24 जून को जयपुर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 7 जिलों के लिए रवाना की। यात्रा का प्रथम चरण जयपुर में सम्पन्न होने के बाद द्वितीय चरण के लिए अलवर के राजगढ पंचायत समिति का चयन किया गया है। जिसमें कारवां दल के बाल मित्र ग्राम भ्रमण कर गांव-ढाणियों के अन्तिम छोर तक पहुंचेगे एवं सरकार की योजनाओं जानकारी देंगे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत खॉजना डूंगर**
**पंचायत समिति चौथ का बरवाडा, जिला सवाई माधोपुर**

कमांक: 56-61 दिनांक:- 07.07.2022

**ई- निविदा सूचना संख्या 1/2022-23**
**UBN NO- PKI2223WSR00017**

वर्ष 2022-23 हेतु महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की विभिन्न योजनाओं में कार्यों के लिये निर्माण सामग्री क्रय हेतु, उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 व नियम 2013 के तहत वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम में पंजीकृत विक्रेताओं/ निविदादाताओं से वार्षिक दर दिनांक 31.03.2023 तक के लिये निम्नानुसार निविदा दरें ई-प्रोक्योरमेन्ट पद्धति से द्विस्तरीय (तकनीकी एवं वित्तीय अलग-अलग) आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित नियम, शर्तें एवं सम्बन्धी दस्तावेजलोक उपापन की वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in, व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते हैं।

ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत खांजना, डूंगर / पंचायत समिती चौथ का बरवाडा, स.मा.
सरपंच / ग्राम पंचायत खांजना, डूंगर / पंचायत समिती चौथ का बरवाडा, स.मा.

**कार्यालय ग्राम पंचायत पांचोलास**
**पंचायत समिति चौथ का बरवाडा, जिला सवाई माधोपुर**

कमांक: 21-27 दिनांक:- 09.07.2022

**ई- निविदा सूचना संख्या 1/2022-23**
**UBN NO- PKI2223WSR00016**

वर्ष 2022-23 हेतु महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की विभिन्न योजनाओं में कार्यों के लिये निर्माण सामग्री क्रय हेतु, उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 व नियम 2013 के तहत वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम में पंजीकृत विक्रेताओं/ निविदादाताओं से वार्षिक दर दिनांक 31.03.2023 तक के लिये निम्नानुसार निविदा दरें ई-प्रोक्योरमेन्ट पद्धति से द्विस्तरीय (तकनीकी एवं वित्तीय अलग-अलग) आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित नियम, शर्तें एवं सम्बन्धी दस्तावेजलोक उपापन की वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in, व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते हैं।

ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत पांचोलास / पंचायत समिती चौथ का बरवाडा, स.मा.
सरपंच / ग्राम पंचायत पांचोलास / पंचायत समिती चौथ का बरवाडा, स.मा.


### कबड्डी प्रतियोगिता व देहात मंडल की मीटिंग आज

**श्रीमाधोपुर,** (निसं) । निकटवर्ती ग्राम डेरावाली के खेल गांव बालाजी निशुल्क प्रशिक्षण संस्थान डेरावाली कोटडी सीमारला में गुरुवार को सांय काल 3 बजे खेल गांव मैदान पर सांसद कबड्डी प्रतियोगिता व देहात मंडल की मीटिंग का आयोजन रखा गया है।

डॉ. सुरेश सामोता ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष बनवारी लाल यादव करेंगे। मुख्य अतिथि सांसद सुमेधानंद सरस्वती व पूर्व विधायक झाबर सिंह खर्रा होंगें। भारतीय जनता पार्टी श्रीमाधोपुर देहात मंडल के जनप्रतिनिधि गण, पदाधिकारी गण, कार्यकर्ता बंधु ,प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी आदि को आमंत्रित हैं। अध्यक्ष देहात मंडल रामदेव रुलानिया सरपंच प्रतिनिधि खेल गांव डेरावाली कल्याणपुरा , सुरेश कुंडी भूतपूर्व सरपंच कोटडी सीमारला, बिरजू सिंह सामोता कोच खेल गांव डेरावाली, मुरलीधर सामोता अध्यक्ष खेल गांव संस्थान व समस्त प्रशिक्षणार्थी एवं ग्राम खेलगांव डेरावाली के कई ग्रामवासी मौजूद रहेंगे।

## इंग्लिश मीडियम स्कूल की तालाबंदी कर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया

■ हिंदी और इंग्लिश मीडियम स्कूल के अलग-अलग संचालन की मांग

**नारायणपुर,** (निसं)। राज्यसरकार द्वारा उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुण्डावरा में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय को महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम में मर्ज किये जाने पर बुधवार को विद्यार्थी और ग्रामीणों ने स्कूल की तालाबंदी करके करीब 2 घंटे विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में करीब 700 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिसको महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में मर्ज कर दिया गया है, जबकि उनमें से अधिकांश छात्रा हैं और करीब 10 किलोमीटर की दूरी में कोई सीनियर स्कूल नहीं है, जिसमें दो संकाय संचालित है। सरकार द्वारा जो विद्यालय मर्ज किया गया है वो गलत है और सरकार द्वारा क्षेत्र की बालिका और हिंदी मीडियम के विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। इसको लेकर ग्राम पंचायत सरपंच और ग्रामीणों ने सीनियर स्कूल को



मुण्डावरा में विद्यालय को महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम में मर्ज किये जाने पर विद्यार्थी और ग्रामीणों ने 2 घंटे विरोध प्रदर्शन किया।

एकीकरण से मुक्त करने के लिए उधोग मंत्री शकुंतला रावत को भी पत्र दिया था।

तालाबंदी की सूचना पर तहसीलदार रामचंद्र गुर्जर और थानागाजी एसीबीईओ रामेश्वर मीणा मौके पर पहुंचे, ग्रामीण हिंदी और इंग्लिश मीडियम स्कूल के अलग-अलग संचालन की मांग पर अड़े रहे। अधिकारीयों द्वारा स्कूल को दो पारियों में संचालन के आश्वाशन के बाद ग्रामीणों ने स्कूल गेट का ताला खोला। इधर सीबीईओ मंगलराम जाटव ने बताया कि स्कूल को दो पारियों में संचालन के लिए उच्चाधिकारियों को प्रस्ताव भिजवा दिया गया। इस मौके बानसूर एसीबीईओ इन्द्राज गुर्जर, पटवारी हवाई सिंह, सरपंच राजेन्द्र प्रसाद रैगर, रामकिशन बाज्या, बजरंग लाल सैनी, मोतीलाल जांगिड, वार्ड पंच विक्रम, महेश, मनोज, मानसिंह, सीताराम सैनी, भरता राम, रामदयाल शर्मा, कैलाश चन्द, राजू सैनी, रमेश प्रजापत सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे ।

### विकास कार्य कराने की अनुसंषा की

**पावटा,** (निसं)। विधायक इंद्राज गुर्जर द्वारा 40 साल का रुका हुआ रास्ता खुलवाने का प्रयास कर और इसका बजट व अन्य विकास कार्यों के लिए विधायक कोष से जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी को एक पत्र लिख कर विकास कार्य करवाने की अनुसंषा कर मैन पावटा भांकरी रोड से कल्याण पुरा ब्राह्मणों की ढाणी की ओर जोधपुरा में 10 लाख की लागत से इंटर लॉक सडक निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत मँढा मे 5 लाख की लागत से खेल मैदान मे ओपन जिम व विस्तार कार्य, जाजे कलां से ढाणी नया कुँआ की ओर 10 लाख की लागत से सीसी सडक निर्माण कार्य करवाने की बात कहीं। विधायक ने कहा कि ग्राम पंचायत मढा खेल मैदान में ओपन जिम व विस्तार कार्य होने से जिम से नई पीढी के बच्चों में अपनी हैल्थ के प्रति जागरूकता आएगी। ओपन जिम करने से बच्चों व युवकों में अपने आपको योग और व्यायाम के जरिए खुद को स्वस्थ रखने की भी आदत पड जाएगी। विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि यहां के सर्वांगीण विकास के लिए वो किसी भी स्तर पर धन की कोई कमी नहीं आने देंगे।


**कार्यालय ग्राम जालावास, पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर)**

क्रमांक-SPLI दिनांक-08/7/2022

**-: निविदा सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम पंचायत में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2022-23 में क्रय की जाने वाली निर्माण सामग्री हेतु राजस्थान वैट अधिनियम 2003 के अन्तर्गत /राज्य वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत ठेकेदार एवं पी.डब्लू.डी.एवं यू.आई.टी. में पंजीकृत ह्रुकेदारों/फर्मो से ग्राम पंचायत स्तर पर सीलबन्द निविदाएं निम्नांकित कार्यक्रम अनुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु. राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण सामग्री आपूर्ति वर्ष 2022-23 महानरेगा योजना | 18/7/2022 10 AM | 18/7/2022 12 PM | 18/7/2022 3 PM | 9.80 | 19800/- | 200/- |

1. निविदा निर्धारित प्रपत्र में स्वीकार की जायेगी। जो निर्धारित दिनांक व समय तक निविदा शुल्क रुपये 500/ नकद जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है तथा अमानत राशि डीडी/चैक/नकद द्वारा स्वीकार की जावेगी। 2. निविदायें संबंधित ग्राम पंचायत में विक्रय की जाकर प्राप्त की जा सकती है। 3. सभी दरें रायल्टी, आयकर, जीएसटी आदि सहित प्रस्तुत की जावेगी। 4. गठित क्रय समिति द्वारा निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। 5. अन्य शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर पढ़ी जा सकती है।

ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत जालावास / प.सं. मुण्डावर (अलवर)
NIB. ZAL2223A0483
UBN. ZAL2223GSOB00675
सरपंच / ग्राम पंचायत जालावास / पं.सं. मुण्डावर (अलवर)

**कार्यालय ग्राम जालावास, पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**

क्रमांक-SPLI दिनांक-08/7/2022

**-: अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2021-22 :-**

राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181 के तहत एवं राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यो हेतु पंचायती राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगङ्गनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु. राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गंदे पानी की निकासी हेतु पाइप लाइन डालना कृष्ण के प्लॉट से जलावास सीवर लाइन तक ग्राम मोलावास। | 18/7/2022 10 AM | 18/7/2022 2 PM | 18/7/2022 3 PM | 10.00 लाख | 20000/- | 500/- |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच / ग्राम पंचायत जालावास / पं. समिति मुण्डावर (अलवर)
NIB. ZAL2223A0484
UBN. ZAL2223GSOB00677
ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत जालावास / पं. समिति मुण्डावर (अलवर)

## संक्षिप्त

### ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई आज

**पावटा,** (निसं)। राज्य सरकार ने आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन पावटा पंचायत समिति सभागार मे सुबह 11 बजे से सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में होगा। जिसमें ग्रामीण अपनी समस्याएं रख सकेंगे। आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा। जिसके लिए पूर्व व वर्तमान जन प्रतिनिधि इसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर ग्रामीणों को जागरूक कर परिवाद व परिवादी सहित जनसुनवाई मे उपस्थित होना सुनिश्चित करे।

### गुरू पूर्णिमा महोत्सव मनाया

**फुलेरा,** (निसं)। फुलेरा कस्बे में विभिन्न स्थानों पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान श्रीरामनगर स्थित श्री दादू आश्रम में महन्त रामप्रकाश स्वामी के सानिध्य में गुरू पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। व्यवस्थापक धर्मदास स्वामी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान पुराना फुलेरा स्थित प्राचीन श्री ठाकुर जी महाराज मंदिर से दादू आश्रम तक महिलाओं द्वारा निर्मित दादू आश्रम तक महिलाओं द्वारा गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इसी प्रकार भादरपुरा सड़क स्थित श्री अद्वैत वैदान्त आश्रम में महन्त भंवरलाल एवं सत्यनारायण सैनी के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव आयोजित किया गया। जहा भक्तों ने गुरु को दक्षिणा भेंट कर उपदेश ग्रहण किए।

### सहस्त्र घट आज होगा

**निवाई।** वनस्थली मोड पर स्थित औद्योगिक क्षेत्र में श्री मंशापूर्ण बालाजी महाराज के मंदिर में श्रावण मास पर्व को लेकर सहस्त्रघट का आयोजन किया जाएगा। पं. गणपत शास्त्री ने बताया कि श्री मंशापूर्ण बालाजी के मंदिर में श्रावण मास पर्व को लेकर लगातार एक माह तक आचार्य मुकेश भारद्वाज, पं. हेमन्त शास्त्री जयपुर, पं. रवि शर्मा पं. कल्याण शर्मा एवं पं. मेहित शर्मा सहित विद्वान पंडितों के सानिध्य में अनेक धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे। इस दौरान हनुमान जी महाराज एवं शिव पंचायत की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी।

# मालपुरा में चोरों ने मचाई धमाचौकड़ी, तीन स्थानों पर की चोरी की वारदातें

**मालपुरा,** (निसं)। मंगलवार की रात को पुलिस की रात्री गश्त को ठेंगा दिखाते हुए चोरों ने धमाचौकड़ी मचा तीन अलग-अलग स्थानों पर चोरी की वारदात को अंजाम दे मोटरसाईकिल, बैट्री व पैट्रोल सहित नगदी चुरा ले गये।

कानून व्यवस्था सहित आपराधिक घटनाओं व चोरी की वारदातों पर कड़ा शिकंजा कसने के लिए शहर में नगरपालिका द्वारा लगाये 70 सीसीटीवी कैमरे व सिघमा बाइक से कड़ी रात्री गश्त कर चप्पे-चप्पे पर पुलिस के कड़े पहरे व पैनी नजर के पुलिस व प्रशासनिक दावों की मंगलवार की रात को शातिर चोरों ने एक ही रात में तीन चोरी की वारदातें कर पोल खोल दी। मामले के अनुसार मंगलवार की रात बृजलाल नगर आवासीय कॉलोनी में केवीएसएस कार्यालय के सामने खड़े प्रभुनारायण कुमावत ठेकेदार के ट्रैक्टर से चोरों ने बैट्री व पाट्र्स चोरी की वारदात की तो दूसरी वारदात में पीनणी रोड पर एक केबिन का शटर तोड़ केबिन में रखा 5 हजार से अधिक का सामान व नगदी चुरा ले गये।

- बृजलाल नगर में ट्रैक्टर से बैट्री व पाट्र्स, अजमेर रोड से मोटरसाईकिल व पैट्रोल, पिनणी रोड पर केबिन से नगदी व सामान चोरी



मालपुरा शहर में एक ही रात में तीन वारदातें कर चोरों ने पुलिस के दावों की पोल खोली।

तो इसी रात को अजमेर रोड उपकारागृह के पास सत्यनारायण सैन के मकान के सामने खड़ी मारूती वैन का पाईप काट 20 लीटर से अधिक पैट्रोल व दो मोटरसाईकिले चुरा ले गये। तीनों ही चोरी की वारदातों का पता सवेरे जाग होने पर लगा तो एक के बाद एक पीड़ितों ने कस्बा थाने में सूचना दी।

सूचना मिलने पर पुलिस टीमें वारदात स्थलों पर पहुंच मौका पर्चा तैयार कर चोरों की तलाश शुरू की तो अजमेर रोड से चुराई एक मोटरसाईकिल घटना स्थल से कुछ ही दूर बम्बूलों में पड़ी मिली।

एक ही रात में तीन चोरी की वारदातें तीन अलग-अलग स्थानों से होने के बावजूद पुलिस के गश्ती दल को एक भी वारदात की भनक तक नहीं मिलना पुलिस की सजगता व कार्य प्रणाली को कई तरह के सवालियां निशान लगा दिये।

## हथकढ़ शराब बेचते हुए दो जने गिरफ्तार

**गोविंदगढ़/अलवर,** (निसं)। अलवर पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम के द्वारा अवैध शराब एवं अवैध हथियार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गोविंदगढ़ थाना अधिकारी शिव शंकर शर्मा उप निरीक्षक के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए आठ लीटर हथकढ़ शराब सहित एक मुल्जिम गिरफ्तार किया।

मुखबिर की सूचना पर मौजा खरसनकी में बिदूका गांव की ओर जाने वाली सड़क चौराहे पर एक पास पुलिस पहुंची जहां एक व्यक्ति सफेद रंग की जरकिन में अवैध हथकढ़ शराब बेचता हुआ दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर भागने लगा तो पुलिस द्वारा गुरमीत सिंह पुत्र मंगल सिंह रायसिख निवासी खरसन की थाना गोविंदगढ़ पकड़ लिया गया। दूसरी ओर गोविंदगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए रामगढ़ रोड मस्तपुर मोड से कच्चा रास्ता जाने वाले पर एक व्यक्ति को अवैध शराब हथकढ़ देखता हुआ नजर आया जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंच पकड़ लिया गया जब पुलिस ने जरिकेन की तलाशी ली तो उसके पास करीब 5 लीटर हथकढ़ शराब मिली पुलिस की पूछताछ में उसने अपना नाम सुखविंदर सिंह उर्फ बिल्ली पुत्र गुरबख्श सिंह जाति रायसिख निवासी मस्तपुर थाना गोविंदगढ़ मुलजीमान बताया।

## सार-समाचार

### भोमिया महाराज का मेला और भंडारा



**नारायणपुर,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोलाहेडा के गांव जोधपुरा में बुधवार को भोमिया महाराज का मेला और भंडारा आयोजित हुआ। जिसमें आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने शिरकत कर भोमिया महाराज के धोक देकर मन्नोती मांगी। गायक कलाकार महावीर महासी द्वारा भजन-सत्संग कार्यक्रम के दौरान श्रोताओं को महाभारत का इतिहास सुनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने एकाग्रचित होकर कार्यक्रम का आनन्द लिया। आयोजित भण्डारे में आसपास क्षेत्र के महिला, पुरुष और बच्चो ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर सरपंच प्रतिनिधि उमराव लाल यादव, मेला कमेटी अध्यक्ष सुल्तान राम यादव, पार्षद पति मुकेश गोठवाल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

### कहीं पूजे गुरु तो कहीं पूजीं पादुकाएं



**पावटा,** (निसं)। शहर में गुरू पूर्णिमा का पावन पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। गुरू पूर्णिमा के पावन पर्व पर कहीं गुरू पूजे गए तो कहीं उनकी पादुकाओं का पूजन किया गया। इस पावन पर्व पर भण्डारे, सत्संग और भजनों का आयोजन भी हुआ। गुरू पूर्णिमा का यह पर्व सुबह से लेकर शाम तक मनाया गया। इस दौरान लोग अपने-अपने गुरूओं के घर भी पूजन करने के लिए गए। वहीं शहर में मंदिरों में श्रद्धालुओं ने परिक्रमा लगाकर भगवान से आशीर्वाद लिया। उधर बाबा भरतदास महाराज की बगीची में बाबा भरत दास महाराज एवं सतगुरु देव गोपाल दास महाराज की पूजा की गई। इस अवसर पर मंगलदास महाराज, रघुनाथ दास महाराज, बनवारी दास, रामशरण दास महाराज उपस्थित रहे। वहीं ज्ञानदास महाराज के तत्वाधान में गोपाल बगीची में महाराज की पूजा अर्चना के साथ गुरुपूर्णिमा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। ज्ञानदास महाराज के तत्वाधान में गोपाल बगीची ज्ञानपुरा बडनगर में सुबह भजन संकीर्तन के साथ गुरु पूजन का आयोजन किया गया। वही गुरुपूर्णिमा महोत्सव पर अखंड रामायण पाठ के साथ महाप्रसादी का आयोजन भी किया गया। वही भूतेश्वर मंदिर, टोरडा धाम मंदिर, राठी वाला मंदिर, आदि में भी श्रद्धालुओं ने गुरुपूर्णिमा पर पूजा-अर्चना कर अपने इष्टदेव से आशीर्वाद लिया।

### गुरु पूर्णिमा पर्व पर भजन कीर्तन



**किशनगढ़ बास,** (निसं)। प्राचीन बांके बिहारी मंदिर पर गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। पूर्व संध्या पर भजन कीर्तन व बुधवार को भंडारे का आयोजन गुरु रामजीवन शास्त्री के शिष्यों की ओर से किया गया। मंदिर के महंत दीपक मिश्रा ने बताया कि किले स्थित प्राचीन बांके बिहारी मंदिर पर गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। मंगलवार को पूर्व संध्या पर गुरु रामजीवन शास्त्री के चरणों में नमन करते हुए शिष्य की ओर से भजन कीर्तन व बुधवार को भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में पूर्व संध्या पर आयोजित भजन कीर्तन में अलवर से आमंत्रित भजन गायक कलाकार धीरज उपाध्याय राघव शर्मा हरिओम सैनी राजेश मिश्रा दिल्ली व विनोद एंड म्यूजिकल ग्रुप पार्टी के कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को भावविभोर किया। बुधवार सुबह ठाकुर जी की पूजा अर्चना व गुरु स्वर्गीय राम जीवन शास्त्री के चरणो में नमन करने के उपरांत सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने भंडारे में प्रसादी ग्रहण की।

### दो माह से लंबित वेतन को लेकर दिया ज्ञापन

**टोंक,** (निसं)। राजस्थान जनता जल कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री के सलाहकार निरंजन आर्य को ज्ञापन सौंप कर जनता जल योजना के तहत प्रदेश भर में कार्यरत 6600 पम्प चालकों को दो माह से लंबित वेतन का पीएचईडी द्वारा भुगतान करवाने की मांग की है। आर्य ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि वह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तक यह वार्ता पहुंचा कर जल्द से जल्द बकाया वेतन दिलाने का प्रयास करेंगे। संघ के प्रदेशाध्यक्ष रामदेव रेगर एवं रामप्रसाद मीणा (जिलाध्यक्ष) जनता जल कर्मचारी संघ टोंक ने बताया कि मुख्यमंत्री ने बजट 2022-23 के तहत पंचायती राज विभाग द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित जनता जल योजनाओं के संचालन के लियेचीमक को स्थानांतरित करने कि घोषणा की गई थी।1 मई से पी एच ई डी जनता जल योजना को संचालित कर रही हैं।

## सुहाना सावन आज से प्रारंभ

**टोंक,** (निसं)। श्रावण कृष्ण प्रतिपदा 14 जुलाई गुरुवार को पवित्र माह सावन शुरू हो रहा है। पं. जगदीश नारायण स्मृति एवं वेदिक शोध संस्थान टोंक के संयोजक डॉ. पं. पवनसागर ने बताया कि श्रावण कृष्ण प्रतिपदा जुलाई से शिव शक्ति के प्रतीक विशेष मास सावन का प्रारंभ हो रहा है, जो कि श्रावण शुक्ला पूर्णिमा 12 अगस्त शुक्रवार तक रहेगा।

यह सावन का महीना आशुतोष भगवान शिव एवं जगत जननी माता पार्वती की पूजा आराधना के लिए शास्त्रों में सर्वोत्तम बताया गया है। इसमें विशेष रूप से रूद्र अभिषेक महामृत्युंजय जाप एवं धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रहेगी।

शिव भक्त पूरे महीने शिवजी की प्रसन्नता के लिए पंचामृत, विजिया (भांग), ईक्षुरस (गन्ना रस), फलों का रस, खस, जटामासी, तेल, जल आदि कई प्रकार के द्रव्यों से अभिषेक कर बिल्व पत्र, आकडे, धतूरे, शमी पत्र, भांग एवं नेवैद्य आदि अर्पण करते हैं। इस महीने सावन शुक्ला सप्तमी 4 अगस्त गुरूवार को गोस्वामी तुलसीदास जी की जयन्ती भी मनाई जायेगी।

सावन के महीने में 18 जुलाई व 2 अगस्त को नाग पंचमी, 24 जुलाई व 8 अगस्त को एकादशी व्रत, 25 जुलाई एवं 9 अगस्त को प्रदोष व्रत, 28 जुलाई को हरियाली अमावस्या, 30 जुलाई को सिंजारा, 31 अगस्त को सावन री तीज, 18, 25 जुलाई, 1, 8 अगस्त को वन (सुखी) सोमवार, 19, 26 जुलाई, 2, 9अगस्त को मंगलवार पडने से मंगला गौरी व्रत पूजा के विशेष पर्व रहेगें।

सनातन जनमानस हेतु सावन के सभी व्रत पर्व एवं सावन का पूरा महीना शिव शक्ति की आराधना के लिए श्रेष्ठ है। श्रावण शुक्ल चतुर्दशी उपरांत पूर्णिमा गुरु वार 11अगस्त को भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन राखी मनाया जायेगा।

## गुरुओं का वंदन किया

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। गुरु पूर्णिमा पर लोगों ने गुरु आश्रमों में जाकर गुरु के चरणों में वंदन किया। बावडी आश्रम पर श्री सीताराम बाबा की मूर्ति व हनुमानजी की प्रतिमा का अभिषेक कर पूजा अर्चना की गई। आश्रम के महंत ओंकारदास की शिष्यों ने पूजा अर्चना की। इसी प्रकार गीताभवन में भी सत्संग का आयोजन हुआ और महाराज श्री का पूजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। आषाढी मास की पूर्णिमा बुधवार को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाई गई।

नए शिष्यों को दीक्षा दी गई। वहीं संतो ने शिष्यों को गुरुमंत्र भी दिया। इस मौके पर महामंडलेश्वर श्री महंत ओमकार दास महाराज ने कहा कि जीवन में गुरु का स्थान सबसे ऊंचा होता है। गुरु के आदेश का पालन ही गुरु भक्ति है। इससे पूर्व सुबह महामंडलेश्वर श्रीमहंत बाबा ओमकार दास महाराज के सानिध्य में अभिषेक कार्यक्रम हुआ पंडित मुकेश मिश्रा वह मंत्र शर्मा ने वेद मंत्रों के साथ ठाकुरजी, श्रीहनुमानजी महाराज, शिव पंचायत व सीताराम बाबा की प्रतिमाओं का अभिषेक कराया। इस मौके पर संत प्रेम दास, भगवान दास साइकिल बाबा, पूरण मल नीमङ, कैलाश हलवाई, बाबूलाल सैनी हांसपुर, घनश्याम बाबा, महावीर प्रसाद यादव जयपुर, सांवरमल सैनी कांवट, हंसराज कटारिया, रामकिशोर सैनी, मुकेश खाटूवाला, चतरसाल सिंह शेखावत, शिवपाल कटारिया समेत नगर के भक्त मौजूद थे। इसी प्रकार गुरू कौमी एकता का प्रतीक दरगाह पीर नूर मौहम्मद खान पठान श्रीमाधोपुर में गुरू पूर्णिमा का पर्व भक्त सीताराम बोहरा के सानिध्य में मनाया गया।



गुरु पूर्णिमा पर लोगों ने आश्रमों में जाकर गुरु के चरणों में वंदन किया।

# जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नियत समय पर मिले: बैरवा

- अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष खिलाड़ी लाल बैरवा एक दिवसीय टोंक दौरे पर रहे

**टोंक,** (निसं)। राजस्थान अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष खिलाड़ी लाल बैरवा ने कहा कि अनुसूचित वर्ग के पात्र लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नियत समय पर मिले। बैरवा बुधवार को एक दिवसीय टोंक दौरे पर रहे। उन्होंने कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ अनुसूचित जाति से संबंधित परिवादों, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की।

आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि अनुसूचित जाति के लोगों द्वारा अत्याचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत दर्ज प्रकरणों का निस्तारण तेजी से किया जाएं। उन्होंने कहा कि कम से कम 33 प्रतिशत प्रकरणों में सजा का प्रावधान सुनिश्चित हो तथा परिवादी एवं गवाहों के बयान धारा 164 में दर्ज किए जाएं। साथ ही वीडियोग्राफी भी की जाएं। जिसे गवाह अपने बयान से मुकर नहीं सके। बैरवा ने अनुसूचित जाति के व्यक्ति की खातेदारी भूमि पर गैर अनुसूचित जाति के व्यक्तियों तथा सरकारी भूमि पर भू-माफियाओं द्वारा अवैध निर्माण एवं कब्जों को हटाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैरवा ने टोंक शहर की धन्ना तलाई में एकत्रित कचरे, गन्दे व बदबूदार पानी के निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से क्षेत्र के निवासियों को हो रही परेशानी को गंभीरता से लिया। उन्होंने नगर परिषद के आयुक्त को समस्या के निस्तारण के लिए डीपीआर बनाकर बजट सेशन कराने के निर्देश दिए। साथ ही कहा 7 दिन में टेंडर जारी हो जाने चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएं। आगामी 15 दिन बाद आयोग को इस संबंध में की गई कार्यवाही से अवगत कराया जाएं।

आयोग के अध्यक्ष ने जिला रसद अधिकारी रामभजन मीना से पीडीआर एक्ट में वसूली की स्थिति एवं अब तक दर्ज 7 प्रकरणों की वस्तु स्थिति पूछे जाने पर डीएसओ द्वारा प्रकरणों की वस्तु स्थिति नहीं बता पाने पर उन्हें तैयारी करके बैठक में आने के निर्देश दिए।

आयोग के अध्यक्ष ने कृषि विभाग की योजनाओं में अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों को मिनी किट एवं विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता से कुओं के ऊर्जीकरण की जानकारी ली। बैठक में सीईओ देशलदान, एडीएम परशुराम धानका, एएसपी सुभाष चंद मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## बालिका को बचाने के चक्कर में मारुति वैन पलटी

**पावटा,** (निसं)। जयपुर दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर उस समय हड़कंप मच गया। जब पावटा के मुख्य बस स्टैंड पर एक बालिका को बचाने के चक्कर में मारुति वैन अचानक पलटी खा गई।

पलटने के बाद मारुति वैन राजमार्ग पर काफी दूर तक कंडक्टर साइड रगडा खाती हुई गई। ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा और जनहानि टल गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि राजमार्ग पर सड़क पार कर रही बालिका को बचाने के चक्कर में मारुति वैन पलटकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। तेज धमाके के साथ हुई दुर्घटना में तुरंत स्थानीय दुकानदार एवं ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर ड्राइवर को सकुशल दुर्घटनाग्रस्त वाहन से निकाला। ड्राइवर के मामूली चोटें आई। घटना की सूचना मिलते ही प्रागपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची जहां वाहन को राजमार्ग से हटाकर ट्रैफिक को सुचारू करवाया गया।

## गुरु वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया

**रामगढ़ पचवारा/ मंडावरी/ लालसोट,** (निसं)। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर इस महोत्सव को गुरु देव की महिमा चरण वंदन के साथ पूरी कर शिष्यों ने गुरु की महिमा को प्रतिपादित किया।

लालसोट एवं रामगढ़ पचवारा शहीद नगर पालिका क्षेत्र मंडावरी में विभिन्न आश्रमों पर गुरु पूर्णिमा के मौके पर शिष्य द्वारा खुद के गुरुजनों के चरण पखार चरण वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। लालसोट क्षेत्र के काली डूंगरी हनुमान मंदिर एगड जेगड बालाजी मंडावरी में रामानुज आश्रम एवं नाले वाले बालाजी मंदिर रामगढ़ पचवारा में महंत मंडल अध्यक्ष रामदास महाराज के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया जिसमे महंत रामदास महाराज को गुरू दक्षिणा देकर भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

वहीं नए शिक्षकों को गुरु मंत्र दिया गया व सनातन धर्म संस्कृति संस्कार मंत्र शक्ति के बारे में ज्ञान मात्र पित्र गौ सेवा की अनूठी सीख दी। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया जहां हजारों भक्तों ने पंगत प्रसादी पाई व इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन किया। इस अवसर पर उपस्थित रहे भक्त मोहन सोनी, दिनेश सोनी, गोपाल जी पीतलया, रामचरण निरवाल, देवेंद्र गुप्ता, बाबूलाल हलवाई, कमल सोनी, रमेश चंद्र मैहर, भेरूलाल मीणा डीलर, बाबूलाल सैनी, फैली राम, रामप्रसाद खाड़ा रामजीवन सोनी सोनू सोनी आदि भक्तगण मौजूद रहे। इसी तरह कवल दास की बगीची मैं भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया हजारों लोगों ने पंगत प्रसादी पाई। गुरु पूर्णिमा के मौके पर शिष्यों को संस्कार के साथ जीने एवं सनातन धर्म के अनुरूप जीवन यापन कर धर्म रक्षा का संकल्प भी दिलाया गया।

# सार्वजनिक श्मशान की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर अलीगढ़ कस्बा बंद रहा

**टोंक/उनियारा,** (निसं)। जिले का अलीगढ़ कस्बा में सार्वजनिक श्मशान की भूमि पर अतिक्रमण किए जाने एवं इस मामले में एक व्यापारी पर जानलेवा हमला किए जाने के विरोध में बुधवार को अलीगढ कस्बा पूरी तरह बंद रहा तथा बाजार में सन्नाटा पसरा रहा।

ग्रामीणों ने बताया कि श्मशान भूमि की चारदीवारी के लिए राशि स्वीकृत होने के बावजूद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है तथा श्मशान भूमि पर अतिक्रमण का आलम छाया हुआ है। जिससे नाराज लोगों ने अलीगढ़ बंद का आव्हान किया और सम्पूर्ण बाजार को बंद रखा तथा प्रशासन के खिलाफ रैली निकाल कर जमकर नारेबाजी की।

इस मामले में अलीगढ़ वासियों ने जिला कलक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। अलीगढ़ के दशहरा मैदान के समीप गैर मुमकिन श्मशान है, जिसकी जमीन पर नजदीक ही खातेदार ने श्मशान की जमीन पर अतिक्रमण करके अवैध रूप से व्यवसायिक काम में लिया जा रहा है। इस मामले में अतिक्रमी ने मंगलवार को नाराज होकर इलेक्ट्रॉनिक व्यवसायी की दुकान पर जाकर व्यापारी से मारपीट भी की थी, जिसके विरोध में बुधवार को अलीगढ कस्बा बंद रहा।




अलीगढ़ वासियों ने टोंक जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया।

अलीगढ के लोग बुधवार को बस से टोंक पहुंचकर जिला कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। जिन्होंने जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल को ज्ञापन दिया, जिसमें अतिक्रमण हटाकर श्मशान भूमि का सीमा ज्ञान एवं चार दिवारी की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में विनोद जैन, नवरतन जैन, पवन सैन, किशन, महेश सैन, दिलखुश, महावीर, लक्ष्मीनारायण, मनराज, रतन, विवेक, बृजमोहन वर्मा एवं कमलेश सैन आदि मौजूद थे।

## मृत पशुओं को खुले में फेंक रही पालिका

**पावटा,** (निसं)। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका- की वजह से शहर की एक बड़ी आबादी के लोगों का जीना मुहाल है।

नगरपालिका शहर भर के मृत पशुओं को आवासीय कॉलोनी से महज कुछ दूरी पर गोपाल भैया मंदिर के पीछे फेंक कर लोगों को नारकीय जीवन गुजारने को मजबूर कर रहा है। जैसे ही हवा का रुख बस्ती की तरफ होता है, यहां के लोगों का सांस लेना मुश्किल हो जाता है।

जहां पूरे देश में स्वच्छता अभियान चल रहा है लेकिन इसके विपरीत पावटा प्रागपुरा नगरपालिका गंदगी और वायु प्रदूषण फैला रहा है। आज तक पावटा प्रागपुरा नगरपालिका ने मृत पशुओं को उठाने के लिए ठेका नहीं किया है। जबकि नगरपालिका की तरफ से मृत पशु उठाने का बकायदा ठेका होता है।

उस ठेके के अंतर्गत मृत पशुओं को बस्ती से दूर ले जाकर चमडे और हड्डियों का निकाल कर बाकी हिस्से को नष्ट किया जाता है। लेकिन पावटा प्रागपुरा नगर पालिका अब तक ऐसा कोई ठेका भी नहीं कर पाया है। ना ही मृत पशुओं को बस्ती से दूर फेंक रहा है।

# जातीय भेदभाव को समाप्त करने की मांग

**टोंक,** (निसं)। सरकार द्वारा एस.सी./एस.टी. समाज के साथ किये जा रहे जातीय भेदभाव को समाप्त करने की मांग को लेकर राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष खिलाड़ीलाल बैरवा को भीमसेना जिलाध्यक्ष अशोक बैरवा ने ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में उदयपुर की घटना में कन्हैयालाल दर्जी की हत्या व पूर्व में पाली निवासी जितेन्द्र मेघवाल की हत्या एक ही प्रकार षडयंत्रपूर्वक से की गई थी, खंजर भी वही था और मौत भी वही थी, कसूर इतना था कि जितेन्द्र मेघवाल अनु. जाति का था, ना उसके परिवारजन को सहायता राशि दी और ना ही कोई सरकारी नौकरी दी गई। जितेन्द्र मेघवाल की हत्या किये जाने पर सरकार द्वारा न तो उसकी परिजनों को कोई सहायता राशि प्रदान की गई और ना ही कोई सरकारी नौकरी दी गई, क्योकि जितेन्द्र अनु. जाति का सदस्य था तथा अभी हाल में कन्हैयालाल दर्जी की हत्या किये जाने पर सरकार द्वारा उसके दो बच्चों को सरकारी नौकरी दे दी गई है। सरकार के उक्त रवैये से यह स्पष्ट होता है कि सरकार अनु. जाति के लोगों के साथ जातीय भेदभाव कर रही है। समय रहते सरकार जितेन्द्र मेघवाल के परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी हेतु नियुक्ति प्रदान करे इसी प्रकार सरकार ने एस. सी./ एस. टी. के अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की छात्रवृत्ति समाप्त की जा रही है, जो शिक्षा से वंचित किये जाने का षडयंत्र है, जबकि पूर्व में भी भीमसेना संगठन ने राज्य सरकार को ज्ञापन व पत्र लिखकर अवगत करवाया जा चुका है। हाल ही में सरकार ने एक ऐसे आदेश निकाले है, जिसमें बीटेक डिक्रीधारी छात्र/छात्रायें एलएलबी करना चाहे तो उसे छात्रवृत्ति का पात्र नहीं माना है, जबकि संविधान में शिक्षा के सम्बन्ध में छात्रवृत्ति दी जाकर शिक्षा को बढावा देना था, लेकिन जिस प्रकार सरकार ने छात्रवृत्ति को समाप्त करने का निर्णय लिया है, वह राज्य के मूल निवासियों को शिक्षा से वंचित करने का षडयंत्र है।



राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष खिलाड़ीलाल बैरवा (बाएं) को भीमसेना जिलाध्यक्ष अशोक बैरवा (दाएं) ने ज्ञापन सौंपा।



हमारे राजनेताओं ने जिस तरह देश का बेड़ा गर्क किया है, उसे बयां करने के लिये शब्द नहीं है।"

-सनत जयसूर्या

श्रीलंका के पूर्व क्रिकेट कप्तान, श्रीकंला की वर्तमान स्थिति पर






**आज का खिलाड़ी** नीरज चोपड़ा

ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाडी नीरज चोपडा अमेरिका के युगेन में शुक्रवार से शुरू हो रही विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एतिहासिक पदक जीतने के लिए बेहतरीन फॉर्म और मौजूदा सत्र में प्रदर्शन में निरंतरता पर निर्भर करेंगे। विश्व चैंपियनशिप में पदक के साथ चोपडा एक और इतिहास रचेंगे क्योंकि अगर वह पदक जीतते हैं तो विश्व चैंपियनशिप में ऐसा करने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय ट्रैक एवं फील्ड खिलाडी और देश के पहले पुरुष खिलाडी बनेंगे। लंबी कूद की खिलाडी अंजू बॉबी जॉर्ज 2003 में पेरिस में कांस्य पदक के साथ विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं थी।

**क्या आप जानते हैं ?...** मेजबान ब्राजील ने 1950 के विश्वकप फुटबाल के आयोजन के लिए रियो-डी-जेनेरो में दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम बनाया जिसमें दर्शक क्षमता 2,20,000 थी।

# कोहली के दूसरे वनडे में भी खेलने पर संदेह, भारत की नजरें एक और श्रृंखला जीतने पर

## भारत इंग्लैंड में दूसरी एक दिवसीय मैच आज

लंदन, 13 जुलाई। आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम गुरुवार को यहां लाड्र्स में दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में एक बार फिर इंग्लैंड पर दबादबा बनाते हुए तीन मैचों की श्रृंखला में विजयी बढत बनाने के इरादे से उतरेगी जबकि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का ग्रोइन की चोट के कारण इस मैच में भी खेलना संदिग्ध है।

लंबे समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे पूर्व भारतीय कप्तान कोहली ग्रो इन की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पहले वनडे में नहीं खेल पाए थे और अब भी यह स्पष्ट नहीं है कि वह दूसरे मैच के लिए फिट हैं या नहीं।

कोहली के खराब प्रदर्शन का हालांकि सीमित ओवरों के मुकाबले में भारत पर अधिक असर नहीं पडा है क्योंकि टीम वनडे और टी20 दोनों में अच्छा प्रदर्शन कर ही है। इंग्लैंडके खिलाफ टी20 श्रृंखला 2-1 से जीतने के बाद भारत ने मंगलवार को पहले वनडे में 10 विकेट की आसान जीत दर्ज की। कोहली की गैरमौजूदगी का नकारात्मक पक्ष यह है कि देश के शीर्ष बल्लेबाज को दबाव भरे मुकाबलों में ठोस प्रदर्शन करने का मौका नहीं मिल रहा जबकि इसका दूसरा पहलू यह है कि अन्य बल्लेबाजों को खुद को साबित करने का मौका मिल रहा है जैसा सूर्यकुमार यादव ने नॉटिंघम में अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में शतक जड़कर किया। दूसरे मैच में कोहली की उपलब्धता के बारे में पूछे जाने पर पहले मैच में भारत की जीत के हीरो रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा, "मैं अंतिम टी20 मैच में नहीं खेला और वह (कोहली) आज (मंगलवार) नहीं खेला। मेरे पास उसकी चोट के बारे में अपडेट नहीं है।" कोहली अगर शत प्रतिशत फिट हुए बिना वापसी के लिए जल्दबाजी करते हैं तो ग्रोइन की मांसपेशियों में खिंचाव बडी चोट में बदल सकता है। रोहित शर्मा और उनकी टीम को उम्मीद होगी कि उनके गेंदबाजों को लाड्र्स की पिच से भी ओवल जैसी मदद मिलेगी।

बुमराह शानदार फॉर्म में चल रहे हैं जबकि मोहम्मद शमी किसी भी विरोधी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने में सक्षम हैं। कप्तान रोहित ऐसे में श्रेयस अय्यर पर अधिक ध्यान लगाएंगे जिनकी शॉर्ट गेंद के खिलाफ समस्या बढती जा रही है। दुनिया भर के गेंदबाज शॉर्ट पिच गेंदों पर अय्यर को आउट कर रहे हैं और उनकी लेग साइड की ओर मूव करके शॉट खेलने के लिए जगह बनाने की रणनीति भी विफल हो रही है। दीपक हुड्डा जैसी क्षमता वाला खिलाडी टीम में जगह पाने का इंतजार कर रहा है और ऐसे में अय्यर पर बेहतर प्रदर्शन करने का दबाव होगा। ओवल में रोहित ने 58 गेंद में नाबाद 76 रन की पारी खेली और साथी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन के साथ मिलकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचा दिया जिससे अन्य बल्लेबाजों को ओवल की पिच पर खुद को परखने का मौका नहीं मिला। आत्मविश्वास से भरा कप्तान साहसिक फैसले ले सकता है और ओवल में रन बनाने के बाद रोहित लाड्र्स पर आत्मविश्वास से भरे होंगे। जोस बटलर, जो रूट, बेन स्टोक्स, जॉनी बेयरस्टो, जेसन रॉय और लियाम लिविंगस्टोन की मौजूदगी वाला बल्लेबाजी क्रम किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को रौंद सकता है लेकिन ओवल में तेज गेंदबाजी के अनुकूल हालात में ये सभी बल्लेबाज विफल रहे। लाड्र्स की पिच आमतौर पर बल्लेबाजी की अनुकूल होती है लेकिन प्रसिद्ध कृष्णा जैसे नवोदित गेंदबाजों को इस मैदान की ढलान से भी सामंजस्य बैठाना होगा।

## न्यूजीलैंड ने आयरलैंड से जीती वनडे सीरीज

डबलिन, 13 जुलाई। प्लेयर ऑफ द मैच माइकल ब्रेसवेल (नाबाद 42 और 26 रन पर दो विकेट) के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने आयरसलैंड को दूसरे वनडे में मंगलवार को 71 गेंद शेष रहते तीन विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली।

आयरलैंड की टीम 48 ओवर में 216 रन पर सिमट गयी जबकि न्यूजीलैंड ने 38.1 ओवर में सात विकेट पर 219 रन बनाकर सीरीज को क्लीन स्वीप करने की तरफ कदम बढ़ा दिया। ब्रेसवेल ने 40 गेंदों पर नाबाद 42 रन की पारी में तीन चौके और तीन छक्के लगाए। सलामी बल्लेबाज फिन एलेन ने 60 और कप्तान टॉम लाथम ने 55 रनों का योगदान दिया।

इससे पहले आयरलैंड की पारी में जॉर्ज डॉकरेल ने 61 गेंदों पर 10 चौकों और दो छक्कों की मदद से 74 रन बनाये। न्यूजीलैंड की तरफ से मैट हेनरी, ब्रेसवेल और मिशेल सेंटनर ने दो-दो विकेट लिए।

## भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फ़ाइनल में पहुंचने के लिए क्या करना होगा

दुबई, 13 जुलाई। श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे और आख़िरी टेस्ट में हरा दिया। इसके बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में वह तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा दूसरे टेस्ट को हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम अंक तालिका में पहले स्थान से खिसक गई है।

श्रीलंका के पास अंक तालिका में फिलहाल 54.17 फ़ीसदी अंक है। अगर वह फाइनल में पहुंचना चाहते हैं तो उन्हें और अंक बटोरने पडेंगे। उनकी टीम को इस डब्ल्यूटीसी साइकिल में चार और टेस्ट मैच खेलने हैं। घरेलू धरती पर ही वह पाकिस्तान के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेंगे जो 16 जुलाई से शुरू हो रही है। अगर वह फ़ाइनल में पहुंचने के प्रबल दावेदार बनना चाहते हैं तो उन्हें पाकिस्तान को 2-0 से हराना होगा। इसके अलावा उन्हें दो मैच न्यूजीलैंड के साथ भी खेलना है। उन्हें वहां कम से कम एक टेस्ट जीतना होगा। इसके बाद उनके पास 61.11 फ़ीसदी अंक होंगे।

भारत पिछले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में उपविजेता था। हालांकि अभी वह अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। उन्हें आगे दो टेस्ट बांग्लादेश के साथ खेलना है और चार टेस्ट ऑस्ट्रेलिया के साथ खेलना है। अगर वह सभी टेस्ट जीतते हैं तो उनका अंक 68.05 फ़ीसदी हो जाएगा। ऐसा होने से वह फ़ाइनल तक पहुंच सकते हैं। अगर इन यह छह टेस्ट में से एक भी हारते हैं तो उनका अंक 62.05 फ़ीसदी हो जाएगा। इसके बाद उन्हें दूसरे टीमें को परिणाम पर निर्भर होना पडेगा।

अंक तालिका में 71.43 फ़ीसदी अंकों के साथ दक्षिण अफ्रीका टॉप पर है और 70 अंकों के साथ ऑस्ट्रेलिया दूसरे नंबर पर है। दूसरा टेस्ट हारने के बाद भले ही ऑस्ट्रेलिया दूसरे स्थान पर पहुंच गया है लेकिन अंक तालिका में वह अभी भी मजबूत स्थिति में है। अगर घरेलू धरती पर होने वाले बाकी के पांच टेस्ट मैच वह जीत जाते हैं तो वह 65 फीसदी अंकों के साथ इस डब्ल्यूटीसी साइकल को समाप्त करेंगे। वह भारत में होने वाले चार टेस्ट मैच जीते या हारें, उससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उनके पास 65 फीसदी अंक ही रहेंगे। अगर वह घरेलू धरती पर एक भी मैच हार जाते हैं तो उन्हें भारत में कम से कम एक टेस्ट जीतना होगा। तभी वह 65 फ़ीसदी अंक को बरक़रार रख पाएंगे।

जैसा कि उल्लेख किया गया है श्रीलंका को फाइनल की रेस में बने रहने के लिए 2-0 से जीत की आवश्यकता है। पाकिस्तान वर्तमान में अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। अगर वह उस सीरीज़ को 2-0 से जीत जाता है तो उनका अंक प्रतिशत बढ़कर 62.96 हो जाएगा। फिर उन्हें तीन में जीत हासिल करनी होगी।

## पाक को पछाड़कर भारत वनडे रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचा

दुबई, 13 जुलाई। इंग्लैंड पर 10 विकेट की बड़ी जीत के बाद भारत, पाकिस्तान से आगे निकलकर वनडे रैंकिंगमें तीसरे स्थान पर आ गया है। भारत के पास अब पाकिस्तान (106 अंक) से दो अंक अधिक 108 रैंकिंग अंक हैं। हालांकि भारत को यह बढ़त बरकरार रखने के लिए सीरीज़ के दो में से कम से कम एक मैच जीतने होंगे। न्यूजीलैंड 126 अंकों के साथ पहले और इंग्लैंड 122 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। वेस्टइंडीज के खिलाफ़ घरेलू ज़मीन पर 3-0 से सीरीज़ जीतने के बाद पाकिस्तान, भारत को पछाडकर तीसरे स्थान पर आ गया था। भारत को अगले 15 दिनों में इंग्लैंड के खिलाफ दो और वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ तीन वनडे मैच खेलने हैं। ऐसे में वह अपनी बढत को और बढ़ा सकता है। हालांकि इस बीच विराट कोहली की फिटनेस पर सवाल उठ रहे हैं और पहले मैच में अनुपस्थित रहने के बाद उनके लॉर्ड्स वनडे में भी खेलने पर संदेह है। जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण वह ओवल वनडे नहीं खेल पाए थे।

## अश्विन चाहते हैं बल्लेबाजों के स्विच हिट लगाने से चूकने पर पगबाधा पर गौर किया जाए

मुंबई, 13 जुलाई। भारत के स्टार आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि अगर बल्लेबाज स्विच हिट लगाने के प्रयास में चूक जाता है तो गेंद के लेग साइड के बाहर टप्पा खाने के बावजूद उसे पगबाधा आउट दिए जाने पर विचार किया जाना चाहिए।

स्विच हिट में दाएं हाथ का बल्लेबाज अचानक बाएं और बाएं हाथ का बल्लेबाज का अचानक दाएं हाथ का बल्लेबाज बनकर शॉट खेलता है।

मौजूदा नियमों के अनुसार अगर गेंद लेग स्टंप के बाहर टप्पा खाई है तो इसके विकेटों पर लगने की पूरी संभावना होने के बावजूद बल्लेबाज को पगबाधा आउट नहीं दिया जा सकता। यह बल्लेबाजों के लिए 'ब्लाइंड स्पॉट' माना जाता है जहां गेंद को देखने में दिक्कत होती है।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, "मेरा सवाल यह नहीं है कि वह रिवर्स स्वीप खेल सकता है या नहीं, यह नकारात्मक गेंदबाजी (लेग स्टंप के बाहर गेंद को टप्पा खिलाना) लाइन है या नहीं, मेरा नजरिया पगबाधा को लेकर है। यह अनुचित है कि इसे पगबाधा नहीं दिया जाता।"

टेस्ट क्रिकेट में 442 विकेट चटकाने वाले अश्विन ने कहा, "बल्लेबाजों को स्विच हिट लगाने दीजिए लेकिन उनके चूकने पर हमें पगबाधा का मौका दीजिए। अगर बल्लेबाज पलट गया है तो आप कैसे कह सकते हैं कि वह पगबाधा नहीं है। अगर उन्होंने खेल के सभी प्रारूपों में आउट देना शुरू कर दिया तो गेंदबाजी और बल्लेबाजी के बीच कुछ बराबरी स्थापित की जा सकेगी।"

अश्विन भारत और इंग्लैंड के बीच हाल में संपन्न पांचवें टेस्ट के संदर्भ में कह रहे थे जहां मेजबान टीम ने जो रूट और जॉनी बेयरस्टो के नाबाद शतक से 378 रन के लक्ष्य को हासिल कर लिया और पांच मैच की श्रृंखला 2-2 से बराबर कर दी।

उन्होंने कहा, "उस मैच में यह जो रूट और जॉनी बेयरस्टो का रुख था। रूट ने लगभग 10 शॉट खेले जहां वह पूरी तरह से पलट गया और रिवर्स स्वीप खेलने का प्रयास किया।" अश्विन ने कहा, "उसने 10 बार शॉट खेला लेकिन नौ बार चूक गया। 10वें मौके पर बल्ले का निचला किनारा लगा। इस बीच बेयरस्टो लगातार गेंदों पर पैड मारते रहे।" अश्विन ने कहा कि जब रूट ने 'स्विच' किया तो यह उनके लिए 'ब्लाइंड स्पॉट' नहीं रह गया और उन्होंने बाएं हाथ के बल्लेबाज की तरह खड़े होते हुए रिवर्स स्वीप खेला।

उन्होंने कहा, "यहां मेरा नजरिया अलग है। एक गेंदबाज के रूप में मैं आपको सूचित कर रहा हूं कि मैं ओवर द स्टंप बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी कर रहा हूं और मैंने लेग साइड पर अधिक क्षेत्ररक्षक लगाए हैं। आप दाएं हाथ के बल्लेबाज के रूप में खड़े हैं लेकिन आप रिवर्स स्वीप खेलते हैं और बाएं हाथ के बल्लेबाज की तरह हिट करते हैं।"

अश्विन ने कहा, "लेकिन जब रूट ने ऐसा किया तो वह ब्लाइंड स्पॉट के कारण पगबाधा नहीं हुआ। यह ब्लाइंट स्पॉट तब है जब आप अपने सामान्य तरीके से बल्लेबाजी कर रहे हों।

## सिंगापुर ओपन : सिंधु, प्रणय दूसरे दौर में, श्रीकांत बाहर

कलांग, 13 जुलाई। भारत की शीर्ष शटलर पीवी सिंधु और एचएस प्रणय ने बुधवार को यहां पहले राउंड में जीत हासिल कर सिंगापुर ओपन के दूसरे राउंड में जगह बनायी। सिंधु ने बेल्जियम की लियान टैन को 29 मिनट में 21-15, 21-11 से हराया जबकि प्रणय ने थाईलैंड के सिथिकोम थम्मासिन को 21-13, 21-16 से सीधे गेमों में मात दी।

विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत को हालांकि शुरुआती दौर में हमवतन मिथुन मंजुनाथ से 17-21, 21-15, 18-21 से करारी हार का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर, विश्व में 66वें स्थान की खिलाड़ी अश्मिता चालिहा ने 12वें नंबर की शटलर बुसानन ओंगबामरुंगफान पर 21-16, 21-11 से दमदार जीत दर्ज की। यह मिथुन और चालिहा के करियर की पहली टॉप-15 जीत थी।

लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता सायना नेहवाल ने भी हमवतन मालविका बंसोड के खिलाफ 21-18, 21-14 से जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। उल्लेखनीय है कि 20 वर्षीय बंसोड ने इस साल जनवरी में इंडिया ओपन के दूसरे दौर में अपनी आदर्श नेहवाल को हराया था।

इसी बीच, परुपल्ली कश्यप इंडोनेशिया के पांचवी सीड जोनाथन क्रिस्टी से 14-21, 15-21 से हारने के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गये।

## ऑस्ट्रेलिया एकदिवसीय श्रंखला से दक्षिण अफ्रीका ने नाम वापस लिया

मेलबर्न, 13 जुलाई। दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया दौरे की एकदिवसीय श्रंखला से नाम वापस ले लिया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने बुधवार को यह जानकारी दी।

ऑस्ट्रेलिया में होने वाली तीन मैचों की सीरीज 12 जनवरी 2023 से 17 जनवरी 2023 के बीच खेली जानी थी, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने इन मैचों को स्थगित करने का अनुरोध किया ताकि वे प्रोटियाज़ की नयी घरेलू टी20 लीग से न टकराएं।

इसके बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को जारी बयान में कहा, महामारी के कारण पहले से ही कई आयोजन स्थगित हो चुके हैं, जिसमें अक्टूबर-नवंबर में होने वाला टी20 विश्व कप भी शामिल है। पहले से ही संकलित समय सारणी के कारण (एकदिवसीय) श्रंखला खेलने के लिये कोई अन्य तारीखें नहीं हैं। प्रोटियाज ने प्रभावी रूप से श्रृंखला से नाम वापस ले लिया है। मैच मई की क्वालीफिकेशन कट-ऑफ तिथि से पहले नहीं खेले जाएंगे इसलिये श्रंखला के 30 प्रतियोगिता अंक ऑस्ट्रेलिया को प्रदान किए जाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और अब बस आईसीसी की हामी का इंतजार है। एकदिवसीय श्रंखला से नाम वापस लेने के बाद 2023 क्रिकेट विश्व कप के लिये दक्षिण अफ्रीका के प्रत्यक्ष क्वालीफिकेशन की संभावना कम हो गयी है।

## वनडे रैंकिंग में बुमराह बने विश्व के नंबर एक गेंदबाज़

दुबई, 13 जुलाई। इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में छह विकेट चटकाने वाले भारतीय तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह वनडे रैंकिंगमें नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। इस प्रदर्शन के बाद बुमराह ने पांच स्थान की चढ़ाई की है और छठे से शीर्ष स्थान पर आ गए हैं।

उन्होंने ट्रेंट बोल्ट और शाहीन शाह अफ़रीदी को पछाडा जो अब क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

बुमराह ने नई गेंद के साथ जॉस बटलर, जो रूट, जेसन रॉय और लियम लिविंगस्टन जैसे बल्लेबाज़ों के विकेट लेकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। इसके बाद सचिन तेंदुलकर ने ट्वीट किया था कि वह वर्तमान समय में सभी फ़ॉर्मेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं।

रोहित शर्मा ने पहले वनडे में नाबाद 76 रन बनाए और वह चौथे स्थान पर हैं। विराट कोहली उनसे एक रेटिंग अंक अधिक तीसरे स्थान पर हैं। बाबर आज़म और इमाम उल हक़ की पाकिस्तानी जोड़ी क्रमश: नंबर एक और नंबर दो पर है। पहले वनडे में नाबाद 31 रन बनाने वाले शिखर धवन अब 12वें स्थान पर हैं।

तीसरे टी20 में शतक लगाने वाले सूर्यकुमार यादव टी20 रैंकिंगमें 44 स्थान चढ़कर नंबर 5 पर आ गए हैं और वह टी20 में भारत के शीर्ष बल्लेबाज़ हैं। वहीं टी20 सीरीज़ में सिर्फ़ दो मैच खेलकर प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ बने भुवनेश्वर कुमार टी20 के गेंदबाज़ी रैंकिंगमें शीर्ष 10 में वापस आ गए हैं और वह 8वें स्थान पर हैं। वह टॉप 10 में एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं।

जॉश हेज़लवुड टी20 में शीर्ष गेंदबाज बने हुए हैं। वनडे की तरह टी20 में भी बाबर शीर्ष बल्लेबाज हैं।

## निशानेबाजी विश्व कप में ट्रैप टीम ने जीता रजत

चांगवोन (दक्षिण कोरिया), 13 जुलाई। पृथ्वीराज तोंडईमन, विवान कपूर और भौनीश मेंदीरत्ता की भारतीय पुरुष ट्रैप टीम ने बुधवार को यहां आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप में रजत पदक जीता। भारतीय टीम को स्लोवाकिया से स्वर्ण पदक मैच में 2-6 से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय तिकडी ने 72-शॉट क्वालिफिकेशन राउंड में 213 अंकों के साथ शीर्ष स्कोर किया, जो दूसरे स्थान पर मौजूद स्लोवाकिया से सिर्फ एक आगे था। दूसरी ओर, भारतीय पुरुष और महिला राइफल टीम ने मेजबान कोरिया के साथ स्वर्ण पदक की भिड़ंत में जगह बनाकर पदक सुनिश्चित किया। पुरुष और महिला दोनों टीमों ने क्रमश: 629.7 और 631.5 के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया। ट्रैप पुरुष टीम के रजत जीतने के बाद,भारत चार पदक (2 स्वर्ण, एक रजत और कांस्य) के साथ पदक तालिका में चीन के साथ बराबरी पर है। सर्बिया वर्तमान में 3 स्वर्ण पदक के साथ शीर्ष पर है।

## उमेश ने काउंटी क्रिकेट में पहला विकेट चटकाया

लंदन, 13 जुलाई। भारत के सीनियर तेज गेंदबाज उमेश यादव ने वोरसेस्टरशर के खिलाफ मिडिलसेक्स का प्रतिनिधित्व करते हुए काउंटी चैंपियनशिप में अपना पहला विकेट हासिल किया।

उमेश ने मुकाबले के दूसरे दिन अपना पहला काउंटी चैंपियनशिप विकेट चटकाया।

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की जगह मिडिलसेक्स ने बाकी बचे सत्र के लिए 34 साल के तेज गेंदबाज उमेश को अनुबंधित किया है। उमेश ने टेलर कोर्नाल को आउट किया।

उमेश ने कोर्नाल को बोल्ड किया जिन्होंने 11 रन बनाए। भारत के इस तेज गेंदबाज ने 14 ओवर में 45 रन देकर एक विकेट चटकाया।

दूसरे दिन मिडिलसेक्स ने वोरसेस्टरशर को 191 रन पर समेटा और दूसरी पारी में छह विकेट पर 180 रन बनाकर 177 रन की बढत बनाई। मिडिलसेक्स ने पहली पारी में 188 रन बनाए थे।

उमेश से पहले मौजूदा सत्र में अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा, आलराउंडर वाशिंगटन सुंदर और कृणाल पंड्या काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं।

पुजारा ससेक्स के लिए खेलते हैं जबकि सुंदर और कृणाल ने क्रमश: लंकाशर और वारविकशर के साथ अनुबंध किया है।

# हम पिच को पहले दो ओवर में ही समझ गए थे : मोहम्मद शमी



लंदन, 13 जुलाइ। नवंबर 2020 के बाद मंगलवार को मोहम्मद शमी पहली बार वनडे खेलने लिए मैदान पर उतरे थे। हालांकि सिडनी में खेले गए उस वनडे मैच को शमी कभी भी याद नहीं रखना चाहेंगे। उस दौरान ऑस्ट्रेलिया ने 389 रन बनाते हुए भारत को 51 रनों से हराया था। जसप्रीत बुमराह और शमी ने उस मैच में 19 ओवरों में 152 रन दिए थे और सिर्फ़ दो विकेट निकाले थे।

हालांकि मंगलवार को इंग्लैंड के ख़िलाफ़ खेला गया मैच कई मायनों में भारतीय गेंदबाजों के लिए शानदार रहा। मोहम्मद शमी इस मैच (अपने 80वें मैच) में 150 विकेट लेने वाले सबसे तेज़ भारतीय गेंदबाज बन गए। इसके अलावा पहले गेंदबाजी करते हुए भारतीय तेज़ गेंदबाजों ने सभी 10 विकेट झटके। इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ था।

बुमराह ने इस वनडे मैच में अपने करियर का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 19 रन देकर 6 विकेट लिए। अपने इस गेंदबाजी प्रदर्शन के आधार पर बुमराह वनडे क्रिकेट रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। इस मैच में शमी ने भी बुमराह का जम कर साथ दिया। उन्होंने 31 रन ख़र्च करते हुए तीन विकेट झटके। इसमें जॉस बटलर और बेन स्टोक्स जैसे बल्लेबाजों का विकेट भी शामिल था।

बीसीसीआई टीवी पर गेंदबाजी कोच पारस महाम्ब्रे से बात करते हुए शमी ने कहा, पिच पर गेंद रूक कर आ रही थी और कांटा भी बदल रही थी। इसी कारण से यह महत्वपूर्ण था कि सही एरिया में गेंदबाज़ी की जाए। हमारे सभी गेंदबाजों ने बढ़िया गेंदबाजी की। जिस पिच पर गेंद ज्यादा स्विंग करती है वहां आपको सब कुछ साधारण ही रखना होता है, आपको ज्यादा कुछ करने की ज़रूरत नहीं होती है। हमने वही किया और परिणामस्वरूप हमें विकेट मिला। पहले ओवर में ही शमी बेयरस्टो को जिस तरीके से बीट कर रहे थे, उससे यह साफ पता चल गया था कि पिच गेंदबाजों के लिए मददगार है। पहले ओवर के बाद बुमराह और शमी ने बातचीत करते हुए अपना प्लान तय किया और उस पर अमल करते हुए बुमराह ने अपने पहली ही ओवर में जेसन रॉय का विकेट निकाल लिया। रॉय ऑफ़ स्टंप के बाहर की फुलर लेंथ की गेंद को ड्राइव करना चाहते थे लेकिन गेंद बल्ले पर लग कर विकेट पर चली गई। उसके ठीक दो गेंदों के बाद बुमराह को जो रूट का भी विकेट मिल गया। बैक ऑफ लेंथ गेंद पर रूट ने कीपर को कैच थमा दिया। उस गेंद पर मिली अतिरिक्त उछाल ने रूट को चौंका दिया था। शमी ने बुमराह के साथ अपनी गेंदबाजी के साझेदारी के बारे में बताया, हम इतने लंबे समय से एक साथ खेल रहे हैं कि दो ओवर में समझ जाते हैं कि पिच पर क्या हो रहा है और आपको क्या करना है। जब मैंने पहला ओवर फेंका, तो आप देख सकते थे कि गेंद स्विंग कर रही थी। बुमराह ने भी उसी लेंथ और लाइन पर गेंदबाज़ी करते हुए विकेट हासिल किए। शमी ने टी20 विश्व कप के बाद कोई टी20 मैच नहीं खेला था। आईपीएल 2022 में गुजरात टाइटंस के साथ खेलते हुए उन्होंने 20 विकेट झटके थे। इसमें से 11 विकेट उन्होंने पावरप्ले के दौरान लिए थे।क्या सफेद गेंद की क्रिकेट में भारत किसी और प्लान के साथ आगे बढ़ रहा है? इस पर शमी ने कहा, मैं काफी समय से सफेद गेंद की क्रिकेट से दूर था।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 I फैक्स- +91 44 4564 4022
अधिकृत अधिकारी - अभिशेक कुमार, संपर्क नम्बर - 7230013999-987402021 ई-मेल- abhishek.kumar30difcfirstbank.com

परिशिष्ट-IV-ए
(नियम 8 (6) का प्रावधान देखें)

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निमाण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से कॉलम (ii) के अनुसार ऋण ग्रहिता (ओ) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) को सूचित किया जाता है कि कालम (ग्ग) के अनुसार नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है, तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड जो पहले आईडीएफसी बैंक लि. के नाम से जाना जाता था, के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 19.08.2022 को "जहाँ है जैसी है" "जो कुछ है यह है" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर जैसा नीचे वर्णित है, कालम (1) के अनुसार ऋणग्रहिता (ओं) तथा सह-ऋण-ग्रहिता (ओं) के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि. के नाम से जाना जाता था (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड) को बकाया राशी की वसूली के लिये की जायेगी।

| क्र. सं. | (i) डिमांड नोटिस तिथि एवं राशि | (ii) नाम कर्जदार (रों) और सह-कर्जदार (रों) | (iii) सम्पत्ति का पता | (iv) आरिक्षत मूल्य राशि | (v) ईएमडी राशि | (vi) ईएमडी तथा दस्तावेज जमा कराने का अंतिम समय व तिथि (ऑनलाइन) तब/पहले | (vii) नीलामी की तिथि व समय | (viii) सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30-07-2021 को रुपये 31,59,996.83/- | भूपेन्द्र सिंह, किरना सिंह | प्लाट नं. 10-ए, क्षेत्रफल 672.22 वर्गगज, स्कीम-"नहरिया का वास ग्रुप हाउसिंग", खसरा नं. 683 और 684, ग्राम-नहरिया का वास, तहसील-चाकसू, जयपुर, राजस्थान का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है-पूर्व-रोड 60' चौड़ी, पश्चिम-अन्य भूमि, उत्तर-प्लाट नं. 10-बी, दक्षिण-प्लाट नं. 9 | रुपये 16,65,000/- | रुपये 166500/- | 18-08-2021 | 19-08-2022 प्रात: 11.00 से दिन में 1.00 तक | 12-08-2022 प्रात: 11.00 से दोपहर 3.00 तक |
| 2 | 24-01-2020 को रुपये 23,07,972.59/- | मीना देवी, भोलानाथ सिंह | सम्पत्ति प्लाट नं. 63-बी (क्षेत्रफल 83.33 वर्गगज) करनी विहार-बी, जयपुर, राजस्थान-302013 का पूरा व प्रत्येक भाग | रुपये 3286000/- | रुपये 328600/- | 18-08-2021 | 19-08-2022 प्रात: 11.00 से दिन में 1.00 तक | 12-08-2022 प्रात: 11.00 से दोपहर 3.00 तक |
| 3 | 03-01-2022 को रुपये 22,30,402.4/- | संजीव कुमार, हेमा गूजर | रिहायशी प्लाट नं. 22, क्षेत्रफल 90 वर्गगज, अर्थात 75.25 वर्गमीटर, गोविन्द नगर एक्स, कलवाड रोड, हाथोज, जयपुर का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है-पूर्व-अन्य प्लाट, पश्चिम-रोड 30 फिट चोड़ी, उत्तर-प्लाट नं. 23, दक्षिण-प्लाट नं. 21 | रुपये 2125000/- | रुपये 212500/- | 18-08-2021 | 19-08-2022 प्रात: 11.00 से दिन में 1.00 तक | 12-08-2022 प्रात: 11.00 से दोपहर 3.00 तक |
| 4 | 15-04-2021 को रुपये 13,60,289.29/- | श्री शक्ति सिंह, श्री लाखन सिंह, श्रीमती नीलम सिंह | फ्लैट नं. जी-4, क्षेत्रफल 750 वर्गफिट, ग्राउन्ड फ्लोर, प्लाट नं. ई-10, मंगलम सिटी, ग्राम हाथोज, कलवाड रोड, जयपुर, राजस्थान-302012 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है पूर्व-प्लाट नं. ई-11, पश्चिम-प्लाट नं. ई-9, उत्तर-प्लाट नं. ई-12, दक्षिण-रोड 100 फिट | रुपये 1462500/- | रुपये 146250/- | 18-08-2021 | 19-08-2022 प्रात: 11.00 से दिन में 1.00 तक | 12-08-2022 प्रात: 11.00 से दोपहर 3.00 तक |
| 5 | 25-10-2019 को रुपये 13,63,127/- | अभिषेक भटनागर, मीनाक्षी राय | फ्लैट नं. एस-201, दूसरी मंजिल, बी-90, रायल सिटी ब्लाक-बी, कलवाड रोड, विनायक आशियाना 8वां, जयपुर, राजस्थान-302012 | रुपये 1248000/- | रुपये 124800/- | 18-08-2021 | 19-08-2022 प्रात: 11.00 से दिन में 1.00 तक | 12-08-2022 प्रात: 11.00 से दोपहर 3.00 तक |
| 6 | 16-04-2021 को रुपये 12,44,632/- | रघुवीर सिंह, श्रीमती ओम कंवर | सम्पत्ति फ्लैट/यूनिट नं. जी-2, क्षेत्रफल 715 वर्ग फिट, ग्राउन्ड फ्लोर, श्री सांवरिया रेजीडेन्सी, प्लाट नं. 1-110, मंगलम सिटी विस्तार, ब्लाक-1, ग्राम पीथावास एवं निवारू (हाथोज), कलवाड रोड, जयपुर, राजस्थान-302012 का पूरा व प्रत्येक भाग और सीमायें है-पूर्व-प्लाट नं. 1-105, पश्चिम-रोड 30 फिट, उत्तर-प्लाट नं. 1-109, दक्षिण-प्लाट नं. 1-111 | रुपये 1358500/- | रुपये 135850/- | 18-08-2021 | 19-08-2022 प्रात: 11.00 से दिन में 1.00 तक | 12-08-2022 प्रात: 11.00 से दोपहर 3.00 तक |
| 7 | 10-07-2021 को रुपये 10,37,537.59/- | मुकेश कुमार शर्मा, नेहा शर्मा | सम्पत्ति फ्लैट नं. जी-1, क्षेत्रफल 637.89 सुपर बिल्ट अप एरिया और 159.47 बिल्ट अप एरिया, कुल एरिया 797.36 वर्गफिट, ग्राउन्ड फ्लोर, "विजय लक्ष्मी रेजीडेन्सी", प्लाट नं. ए-70, रायल सिटी, ए-ब्लाक, ग्राम माचवा, कलवाड रोड, जयपुर का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है-पूर्व-रोड 40' चौड़ी, पश्चिम-प्लाट नं. ए-86, उत्तर-प्लाट नं. ए-71, दक्षिण-प्लाट नं. ए-69 | रुपये 1275800/- | रुपये 127580/- | 18-08-2021 | 19-08-2022 प्रात: 11.00 से दिन में 1.00 तक | 12-08-2022 प्रात: 11.00 से दोपहर 3.00 तक |
| 8 | 19-04-2021 को रुपये 5,17,089/- | अब्दुल साहिद, शबाना बानो | फ्लैट नं. 203, दूसरी मंजिल, ब्लॉक-ए, ऑरिक सिटी होम्स, जयसिंहपुरा, जयपुर का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है-क्षेत्रफल कारपेट एरिया 252.81 वर्गफिट एवं सुपर बिल्टअप एरिया 365.94 वर्गफिट, सीमायें है-उत्तर-अन्य भूमि, दक्षिण-अन्य भूमि, पूर्व-रोड 9 मीटर, पश्चिम-अन्य भूमि | रुपये 915000/- | रुपये 91500/- | 18-08-2021 | 19-08-2022 प्रात: 11.00 से दिन में 1.00 तक | 12-08-2022 प्रात: 11.00 से दोपहर 3.00 तक |

**अस्वीकरण :** कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिये जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियां बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।

दिनांक : 12-07-2022
स्थान : राजस्थान

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था।
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)



*किसी मनमौजी की कल्पना जैसा, चित्र में नज़र आ रहा यह पैलेस एक फ्रैंच पोस्टमैन के उत्साह व जुनून का परिणाम है। दूर से देखने पर यह अंगकोर वाट मंदिर तथा बार्सिलोना के विख्यात ला सगरादा फमिलिया का मिश्रण लगता है। करीब से देखने पर विख्यात फ्रैंच पेंटर ऑस्कर क्लॉड मॉने की पेंटिंग जैसा नज़र आता है, जिसमें, जटिल ब्रश स्ट्रोक्स की जगह ली हैं, पैलेस की दीवारों पर जड़े छोटे कंकड़ और पत्थरों ने। छब्बीस मीटर लंबे और 10 मीटर ऊँचे इस पैलेस के निर्माण की एक रोचक कहानी है। कहा जाता है कि, सन् 1879 में पोस्टमैन फर्डिनंड शेवाल डाक बांटते समय एक पत्थर से टकरा गया, उठाकर देखने पर उसके विचित्र आकार से इतना मोहित हुआ कि, यह पत्थर ही महल बनाने की प्रेरणा बन गया। अथक परिश्रम व लगन के बाद लगभग 33 वर्ष में, ''पाले इडिआल'' नाम का यह पैलेस बन कर तैयार हुआ। पैलेस में गॉथिक शैली के बुर्ज, ऊँचे मेहराब व खूबसूरत मूर्तियां हैं। यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि जब कल्पना के घोड़े बेलगाम दौड़ते हों तो क्या नहीं हो सकता। शेवाल ने इसके निर्माण में हर उस चीज का इस्तेमाल किया जो उसे अच्छी लगी या कहीं पड़ी मिल गई, रंग-बिरंगे पत्थरों से लेकर सी शैल, सब कुछ।*

# सभी वयस्कों को करोना की बूस्टर डोज़ भी निःशुल्क लगेगी

## प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई

- **15 जुलाई से देश में 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को कोविड वैक्सीन की बूस्टर डोज़ निशुल्क दी जाएगी। यह अभियान 15 जुलाई से अगले 75 दिनों तक चलेगा।**
- **केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि, इससे देश में 18 वर्ष से 60 वर्ष के आयु वर्ग की 80 करोड़ से अधिक आबादी को लाभ होगा।**

नई दिल्ली 13 जुलाई (वार्ता)। केन्द्र सरकार ने करोना महामारी से निपटने के प्रयास तेज करते हुए देश में सभी वयस्क नागरिकों को कोविड टीके की 'बूस्टर डोज' निःशुल्क देने की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि देश में आजादी के 75 वें वर्ष का महोत्सव चल रहा है। इस अवसर पर यह फैसला किया गया है कि 15 जुलाई से देश में 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को कोविड टीके की बूस्टर डोज निशुल्क दी जाएगी। यह अभियान 15 जुलाई से अगले 75 दिनों तक चलेगा।

उन्होंने बताया कि, इससे देश में 18 वर्ष से 60 वर्ष के आयु वर्ग की 80 करोड़ से अधिक आबादी को लाभ होगा। गौरतलब है कि, करोना योद्धाओं और वरिष्ठ नागरिकों को पहले से कोविड का बूस्टर वैक्सीन निशुल्क दिया जा रहा है। पात्र लाभार्थियों को कोविड का बूस्टर वैक्सीन पिछले टीके के छह माह के अंतराल पर दिया जा सकता है। बूस्टर डोज सभी सरकारी कोविड वैक्सीन केंद्रों पर निशुल्क उपलब्ध होगी।

इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि, आज सुबह सात बजे तक 199 करोड़ 12 लाख 79 हजार 10 टीके दिये जा चुके हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे कोविड महामारी के विरुद्ध चल रहे संघर्ष को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा, मैं सभी पात्र लोगों से जल्दी से जल्दी बूस्टर डोज लेने का अनुरोध करता हूं।

गौरतलब है कि, वर्तमान में देश में करोना के पिछले पांच-छः दिनों से रोजाना 17 से 18 हजार नये मामले आ रहे हैं तथा फिलहाल स्थिति काफी हद तक कंट्रोल में दिखाई दे रही है। लेकिन आशंका है कि, आगामी सर्दियों में देश में करोना की चौथी लहर आ सकती है। इससे बचाव के तौर पर केन्द्र सरकार ने करोना वैक्सीन की बूस्टर डोज़ निशुल्क देने का फैसला किया है।

## हिजाब मामले की सुनवाई अगले सप्ताह

नई दिल्ली, 13 जुलाई (वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि, हिजाब विवाद को लेकर कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर याचिकाओं पर वह अगले सप्ताह सुनवाई करेगा।

मुख्य न्यायाधीश एन वी रमना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, हम इस मामले को अगले सप्ताह की सुनवाई की सूची में डालते हैं। इससे पहले अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने शीर्ष न्यायालय की इस पीठ से कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दायर की गयीं याचिकाओं पर जल्द सुनवाई का आग्रह किया। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा, हम इसे अगले सप्ताह की सूची में डाल रहे हैं, यह मामला सुनवाई के लिए प्रस्तुत किया जायेगा।

- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि, कर्नाटक हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिकाओं पर अगले सप्ताह कोर्ट सुनवाई करेगा।**

भूषण ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के शिक्षण संस्थानों में हिजाब पहनने पर लगी रोक हटाने से इन्कार करने के खिलाफ दाखिल अपीलों का इस मौके पर उल्लेख किया।

उन्होंने कहा, यह मामला काफी पहले दायर किया गया था। छात्राओं की पढ़ाई का हर्ज हो रहा है। भूषण ने इसके साथ ही उच्चतम न्यायालय से इस मामले को लेकर दाखिल याचिकाओं पर जल्द से जल्द सुनवाई करने का आग्रह किया है।

# 'मेरे खिलाफ न्यूज़ चैनल व भाजपा झूठ फैला रहे हैं'

## पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने सफाई दी कि, वे न तो कभी पाकिस्तानी पत्रकार से मिले हैं और ना ही भारत बुलाया

नई दिल्ली, 13 जुलाई। पाकिस्तानी पत्रकार नुसरत मिर्जा से मिलने के दावे पर पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी पत्रकार को न तो उन्होंने बुलाया और न ही कभी मिले हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया के एक धड़े में झूठ फैलाया जा रहा है और इसमें भाजपा के प्रवक्ता भी शामिल हैं। अंसारी ने जारी बयान में कहा है कि बतौर भारत के उपराष्ट्रपति विदेशी मेहमानों को बुलाने का फैसला उस समय की सरकार का था। उन्होंने लिखा है कि सरकार की सलाह पर विदेश मंत्रालय के जरिए मेहमानों को बुलाया जाता है।

गौरतलब है कि भाजपा ने आरोप लगाया था कि अंसारी ने पाकिस्तानी पत्रकार नुसरत मिर्जा को अपने कार्यकाल में 5 बार न्योता देकर भारत बुलाया था और उनके साथ खुफिया जानकारी साझा की थी। अंसारी ने बयान जारी कर कहा कि मेरे ऊपर आरोप लगाए जा रहे हैं कि मैंने बतौर उपराष्ट्रपति रहते हुए पाकिस्तानी पत्रकार नुसरत मिर्जा को बुलाया। मेरे ऊपर आरोप लगाए जा रहे हैं कि आतंकवाद पर एक कॉन्फ्रेंस में और ईरान में भारत का राजूदत रहने के दौरान मिला था।

उन्होंने कहा कि ये भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि मैंने राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ विश्वासघात किया। लेकिन यहां मैं ये साफ करना चाहता हूं कि न तो मैं मिर्जा से मिला हूं न ही बुलाया हूं। अब अंसारी ने भाजपा के आरोप का जवाब देते हुए कहा कि विदेशी मेहमानों को उपराष्ट्रपति के किसी कार्यक्रम में आमंत्रण सरकार की सलाह के बाद दिया जाता है। विदेशी मेहमानों को विदेश मंत्रालय के जरिए बुलाया जाता है। अंसारी ने अपने बयान में कहा है कि मैंने 11 दिसंबर 2010 को इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ जूरिस्ट ऑन इंटरनेशनल टेररिज्म एंड ह्यूमन राइट्स का उद्घाटन किया था। आम तौर पर ऐसे कॉन्फ्रेंस में मेहमानों की लिस्ट आयोजक तैयार करते हैं। मैंने कभी मिर्जा को हैं बुलाया और न ही उससे मिला।

अंसारी ने कहा कि ईरान में बतौर भारत के राजदूत का कामकाज सरकार की जानकारी में रहा है। देश की सुरक्षा के लेकर में प्रतिबद्ध हूं और इसपर बयान देने से हमेशा खुद को दूर रखता हूं। भारत सरकार के पास सारी जानकारियां है और वही केवल सच बता सकती है। ईरान में मेरा कार्यकाल रेकॉर्ड में दर्ज है। इसके बाद मुझे न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में भारत का स्थायी सदस्य बनाया गया था। मेरे काम को देश और दुनिया में सराहा गया है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आज के प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, नुसरत मिर्जा पाकिस्तानी पत्रकार हैं और उन्होंने ये खुलासा किया है कि भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी उन्हें 2005-2011 के बीच में पांच बार न्योता देकर भारत बुलाते हैं।

- **हामिद अंसारी ने जारी बयान में कहा है कि, बतौर भारत के उपराष्ट्रपति विदेशी मेहमानों को बुलाने का फैसला उस समय की सरकार का था। उन्होंने लिखा है कि, सरकार की सलाह पर विदेश मंत्रालय के जरिए मेहमानों को बुलाया जाता है।**
- **ईरान में भारत का राजदूत रहने के दौरान पाकिस्तानी पत्रकार नुसरत मिर्ज़ा से मुलाकात करने के आरोपों को भी हामिद अंसारी ने साफ तौर पर नकार दिया है।**

## अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती

मुबंई 13 जुलाई (वार्ता)। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के आरोप पत्र में बुधवार को यहां कहा गया है कि अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत को ड्रग्स की आपूर्ति करती थी।

एनसीबी ने ड्रग मामले में अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत को लेकर विशेष अदालत को बताया कि रिया को अपने भाई शोविक सहित सह-आरोपियों से गांजे की कई डिलीवरी मिल रही थी जो उन्होंने राजपूत को सौंप दी थी। केंद्रीय ड्रग रोधी एजेंसी ने पिछले महीने आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर कर अदालत को यह जानकारी दी।

- **नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने अपनी चार्जशीट में यह आरोप लगाया कि 'सुशांत सिंह राजपूत को ड्रग्स सप्लाई करती थीं अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती'।**

# पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी को आरोपों से घेरा भाजपा ने

## भाजपा ने कहा कि, हामिद अंसारी ने आई.एस.आई के लिए काम किया था तथा पाकिस्तानी पत्रकार को 5 बार भारत बुलाकर खुफिया जानकारियां लीक करवाई थीं

नई दिल्ली, 13 जुलाई। यूनाइटेड प्रोग्रैसिव अलायंस (यू.पी.ए.) के शासनकाल में तत्कालीन उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के निमंत्रण पर भारत आए पाकिस्तानी पत्रकार नुसरत मिर्जा के सनसनीखेज दावे के बाद भारत में इस पर प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया है। इसी कड़ी में भाजपा ने कांग्रेस पर कड़ा हमला बोलते हुए कई सवाल पूछे हैं। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा ना सिर्फ कांग्रेस यह स्पष्ट करे कि आतंकवाद पर उसकी क्या नीति थी बल्कि यह भी बताए कि क्यों पूर्व उप राष्ट्रपति ने पाकिस्तानी पत्रकार को पांच बार आमंत्रित किया था।

- **दरअसल, पाकिस्तान के सीनियर पत्रकार नुसरत मिर्जा ने अपने एक यूट्यूब इंटरव्यू में हाल ही में दावा किया है कि, वह 2005 से 2011 के बीच कई बार भारत आए और सूचनाएं इकट्ठी कर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई तक पहुंचाई हैं।**

दरअसल, पाकिस्तान के सीनियर पत्रकार नुसरत मिर्जा ने अपने एक यूट्ययूब इंटरव्यू में हाल ही में दावा किया है कि वह 2005 से 2011 के बीच कई बार भारत आए और सूचनाएं इकट्ठी कर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई तक पहुंचाई हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि तत्कालीन उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी द्वारा उन्हें करीब पांच बार भारत आमंत्रित किया गया था। उन्हें आमतौर पर अनुमति से अधिक शहरों की यात्रा करने की अनुमति दी गई थी।

इस बयान के बाद अब भाजपा ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी को स्पष्ट करना चाहिए कि आतंकवाद का मुकाबला करने की उसकी नीति क्या थी। क्यों पाकिस्तानी पत्रकार को पांच बार आमंत्रित किया गया था।

मीडिया को संबोधित करते हुए भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि हमें यह हैं भूलना चाहिए कि उपराष्ट्रपति का पद संवैधानिक है और ऐसे कई मुद्दे हैं जिन्हें वह साझा हैं कर सकते क्योंकि वे देश की सुरक्षा से जुड़े हैं। भाटिया ने कहा कि ऐसा एक बार हैं, बल्कि पांच बार हुआ है। इस जानकारी का इस्तेमाल आईएसआई ने भारत को कमजोर करने के लिए भारत के खिलाफ किया गया। भारत आतंकवाद के खिलाफ अभियान का नेतृत्व कर रहा है और कांग्रेस सरकार ने एक ऐसे व्यक्ति को आमंत्रित किया जिसे हमारे देश और उसके लोगों के खिलाफ इस्तेमाल की गई जानकारी दी गई थी।

# 'शरद पवार ने दो बार शिवसेना को तोड़ने की गहरी साजिश रची थी'

## मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट कहा, आज से पहले जब कभी भी शिवसेना का बंटवारा हुआ उसमें शरद पवार का ही हाथ था

मुंबई, 13 जुलाई। महाराष्ट्र की सियासी लड़ाई में अब एकनाथ शिंदे गुट ने नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) के चीफ शरद पवार पर सीधा हमला बोला है। एकनाथ शिंदे गुट के प्रवक्ता दीपक केसरकर ने कहा कि आज से पहले जब भी शिवसेना क बंटवारा हुआ था, उसमें शरद पवार का ही हाथ था। उन्होंने नारायण राणे और राज ठाकरे की बगावत का जिक्र करते हुए कहा कि इन दोनों ही नेताओं के पीछे शरद पवार का हाथ था। उन्होंने कहा कि आज शरद पवार की ओर से बालासाहेब ठाकरे के सम्मान की बात की जा रही है। उन्हें महाराष्ट्र की जनता को जवाब देना चाहिए कि बालासाहेब ठाकरे को जिंदा रहते हुए क्यों प्रताड़ित किया गया। उन्होंने एक मराठी चैनल से बातचीत में शरद पवार की ओर से शिवसेना और एनसीपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की बात कहने पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि शरद पवार ने अकसर शिवसेना के विभाजन के बारे में निजी तौर पर बात की थी। पवार ने नारायण राणे को शिवसेना से बाहर निकालने में मदद की थी। छगन भुजबल को खुद शरद पवार ने शिवसेना से बाहर किया था। इसके अलावा राज ठाकरे को भी उनका समर्थन हासिल था।

- **एकनाथ शिंदे गुट के प्रवक्ता दीपक केसरकर ने शिवसेना में नारायण राणे और राज ठाकरे की बगावत का जिक्र करते हुए कहा कि, इन दोनों ही नेताओं के पीछे शरद पवार का हाथ था।**

## ई.डी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया (सी.जे.आर्ट.) एन.वी.रमना., जस्टिस कृष्ण मुरारी और जस्टिस हिमा कोहली की एक बैंच ने एक वकील के इस निवेदन पर गौर किया कि उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा एक अध्यादेश के जरिए ई.डी. के निदेशक के सेवाकाल में किए गए एक्सटैंशन के खिलाफ याचिका दायर की थी। ये अध्यादेश ई.डी. और सी.बी.आई. प्रमुखों को पांच वर्ष तक पद पर बने रहने देने के लिए जारी किए गए थे।

गत वर्ष 8 सितम्बर को कोर्ट ने मिश्रा को पूर्व में दिए गए एक्सटैंशन में केन्द्र की पावर को बनाए रखा था। मिश्रा वर्ष 1984 बैंच के इनकम टैक्स कॉडर के भारतीय राजस्व अधिकारी हैं।

## 'जो दिखता है...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सवाल खड़े किये थे। कांग्रेस ने कहा कि ऐसी किसी स्वीकृति की आवश्यकता नहीं थी। उनकी यह यात्रा भी राजनैतिक रूप से एक महत्वपूर्ण अवधि में हुई थी, क्योंकि उस समय राज्य सभा चुनाव होने थे और इन चुनावों में पार्टी अपने विधायकों की क्रॉस वोटिंग को रोकने के लिये संघर्ष कर रही थी। राहुल गांधी के बारे में चुनौतियों को स्वीकार न करने से संबंधित और भी संकेत मिलते रहे हैं। अगर किसी विगत अनुभव को संकेत के रूप में लिया जा सकता है, तो जब भी कोई मुद्दा होता है, राहुल भाजपा के खिलाफ सिर्फ ट्वीट करते दिखाई देते हैं। वे विरोध-प्रदर्शन करने वाली सार्वजनिक रैलियों में या धरनों में दिखाई नहीं देते। उन्हे कांग्रेस का ''इलुसिव फेस'' अर्थात मोर्चे पर आने से बचने वाला चेहरा बने रहना पसंद है।

जैसी कहावत है- ''जो दिखता है, वो बिकता है।'' अगर राहुल गांधी पार्टी के एक आश्वस्तिपूर्ण चेहरे के रूप में दिखाई नहीं देते, एक ऐसे नेता के रूप में दिखाई नहीं देते, जो उस जनता के नजदीक हो, जिसका समर्थन पार्टी को चाहिये, तो ऐसी स्थिति कोई भी व्यक्ति अनुमान लगा सकता है कि ऐसी पार्टी कहाँ जायेगी। राहुल तथा कांग्रेस के बचे-खुचे नेताओं के पास 2024 का एक और अवसर है। अगर वे अपनी पार्टी की नैया को संतुलित एवं निरन्तर गतिमान नहीं रखते, तो नतीजा सुस्पष्ट एवं सर्वविदित है।

## नीतीश कुमार...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

करेंगे। बिहार पिछले दशकों से भाजपा की पकड़ से पूर्णतया दूर रहा हैं। विधानसभा में अपने सदस्यों की बड़ी संख्या और क्षेत्रीय नेताओं नीतीश कुमार तथा लालू यादव के अपने-अपने राजनीतिक करियर को पूरा कर लेने के साथ ही भाजपा ने अब अपनी संभावनाओं की परिकल्पना करना शुरू कर दिया हैं। भाजपा की राय में आर.जे.डी. एक उत्तराधिकार संघर्ष के कारण टूटने की कगार पर हैं और लालू प्रसाद अपने खराब स्वास्थ्य के कारण असमक्ष हो चुके हैं। इसलिए भाजपा ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न जातियों के नेताओं को चिन्हित कर और उन्हें जिम्मेदारियां को मजबूत करना शुरू कर दिया है।

## ''रिन्युएबल एनर्जी'' कंपनियों को ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पिछले 3 साल के बिजली उत्पादन के लिए भुगतान देने को तैयार है वहीं विंड मिल फार्म से बिजली उत्पादन कर रही कंपनियों को 2.44 रुपये प्रति यूनिट की दर से भुगतान करने को तैया है।

गौरफरमाने योग्य है कि 2019 में राज्य के विद्युत नियामक आयोग ने इन सभी कंपनियों को 3.14 रुपये प्रति यूनिट की दर प्रस्तावित करी थी, जिसे इन सभी कंपनियों ने ठुकरा दिया था। परंतु तीन साल से बिजली उत्पादन के लिए इन कंपनियों को एक रुपये का भी भुगतान नहीं हुआ है इससे कई कंपनियों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार की तरफ से महाअधिवक्ता ने कहा कि राज्य सरकार 2.24 रुपये और 2.44 रुपये की दर पर भुगतान करेगी परंतु शर्त यह है कि इन सभी कंपनियों को ''रिन्यूएबल एनर्जी सर्टिफिकेट'' नहीं दिया जाएगा। महाधिवक्ता ने अदालत को आगे बताया कि हर वर्ष राज्य सरकार को केन्द्र सरकार की नीति अनुसार ''रिन्यूएबल एनर्जी परचेज़ ऑब्लीगेशन'' (आर.पी.ओ.), यानि प्रदेश में निर्मित ऊर्जा का तय हिस्सा अक्षय उर्जा से पूरा करना होता है, वर्ष 2023-24 में राज्य सरकार को प्रदेश में निर्मित उर्जा का 21.66 प्रतिशत अक्षय उर्जा पर खर्च करना है।

महाधिवक्ता ने अदालत को बताया कि अगर राज्य सरकार आर.ई.सी. स्कीम के तहत निवेश करने वाली कंपनियों को बिजली उत्पादन के लिए भुगतान करती है तो वह राज्य सरकार के भुगतान ''रिन्युएबल एनर्जी परचेज़ ऑब्लीगेशन'' में शामिल नहीं किया जाएगा। इसलिए राज्य सरकार इन कंपनियों को ''रिन्युएबल एनर्जी सर्टिफिकेट'' नहीं देगी। यहां उल्लेखनीय है कि आर.ई.सी. सर्टिफिकेट मार्केट में ''ट्रैडएबल कमोडिटी'' है, जिसे बेचने पर इन कंपनियों को प्रति युनिट बिजली उत्पादन के लिए एक रुपये का फायदा होता।

याचिकाकर्ता कंपनियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एन. माथुर तथा वरिष्ठ अधिवक्ता सुधांशु कासलीवाल पेश हुए थे। उन्होंने अदालत को कहा कि उनकी मुवक्कित कंपनियों को तीन साल से भारी नुकसान हुआ है, इसलिए वह राज्य सरकार से अदालत के अंतरिम आदेश के तौर पर समझौता वार्ता से तय करी गई दर पर भुगतान लेने को तैयार है। दोनों वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अदालत को कहा कि अदालत को पूर्वाग्रह और बिना किसी शर्त के अंतरिम आदेश पारित करने चाहिए और 2011-12 में तय नीति के अनुसार ही सभी कंपनियों को ''रिन्यूएबल एनर्जी सर्टिफिकेट'' दिया जाये। दोनों वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अदालत से आगे कहा कि क्योंकि इस मामले समझौता नहीं हुआ है इस मामले को ''फाईनल हियरिंग'' के लिए सूचीबद्ध किया जाये।

अब अदालत इस मामले को पांच अगस्त से अंतिम बहस के लिए सुनेगी और अपना फैसला सुनाएगी।

## राम ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नजदीक स्थित मन्नार द्वीप तक फैली हुई है।

डॉ. स्वामी ने ट्वीट किया: ''आज सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश राम सेतु को प्राचीन स्मारक का दर्जा दिये जाने से संबंधित मेरी याचिका की सुनवाई के लिये सहमत हो गये। याचिका 26 जुलाई के लिये सूचीबद्ध कर ली गई। जब मैंने सेतु प्रोजैक्ट प्रकरण को लिया था तो उसके बाद, मोदी ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे मुझे राम सेतु को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किये जाने से रोकने के लिये मुझे हतोतसाहित करें।''

सी.जे.आई. एन.वी. रमना तथा न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी एवं हिमा कोहली की बनी बैंच ने स्वामी के इस अनुरोध पर ध्यान दिया कि यह एक छोटा किन्तु आवश्यक प्रकरण है तथा इसे सुनवाई के लिये सूचीबद्ध किया जाना जरूरी है।

सी.जे.आई. रमना ने मज़ाक में स्वामी से कहा कि इसकी सुनवाई मेरी सेवानिवृत्ति के बाद हो जायेगी।

स्वामी ने कहा कि वे इस बाद की पहली सीढ़ी को तो जीत चुके हैं जिसमें केन्द्र ने राम सेतु के अस्तित्व को स्वीकार कर लिया था। उन्होंने आगे कहा कि संबंधित केन्द्रीय मंत्री ने 217 में उनकी माँग पर विचार करने के लिये एक मीटिंग बुलाई थी लेकिन मीटिंग के बाद कुछ नहीं हुआ।

भाजपा नेता ने राम सेतु को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने का मुद्दा अपनी पी.आई.एल. में उठाया था, जो सेतुमुद्रम शिप चैनल प्रोजैक्ट, जिसकी शुरुआत यू.पी.ए.-1 सरकार ने की थी, के खिलाफ था।

## श्रीलंका अकाल की ओर ..

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है। अल्पकालीन तथा तात्कालिक जरूरत इस बात की है कि एक अन्तरिम सरकार बने तथा वह आई.एम.एम.एफ. से कर्ज के लिये बातचीत करे जिससे मौजूदा अभाव एवं संकट से उबरा जा सके।

कुछ अर्थशास्त्रियों तथा देश की जमीनी स्तर से जुड़े विशेषज्ञों की आंशका के अनुसार, अगर ऐसा कुछ तुरन्त ही अपातकालीन आधार पर नहीं किया गया तो श्रीलंका को आगामी तीन-चार महीनों में घोर अकाल की स्थिति का सामना करना पड़ सकता हैं।

अर्थशास्त्री एवं युनिवार्सिटी के प्रोफेसर अलीलान कादिरगमार, जिन्होंने हाल ही के विरोध प्रदर्शनों में स्वयं भाग लिया, महसूस करते हैं कि वर्तमान संकट तो आना ही था। यह मुख्यत: अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों से भारी धन उधार लेने के कारण शुरू हुआ। अब यह मानते हैं कि श्रीलंका कर्ज के जाल में फंस गया है। देश अपने ऋण चुकाने की औपचारिकताओं को पूरा करने में दो माह पूर्व ही विफल हो गया था।

महत्वपूर्ण प्रश्न यही है कि देश की त्वरित जरूरतों को पूरा करने के लिए आई.एफ. के साथ कुछ ब्रिज लोन्स लेने के लिए क्या बातचीत चल रही हैं? पहला काम तो लोगों को राहत प्रदान करने और खाद्यान्न सहित जरूरी वस्तुओं का आयात करने के लिए कुछ ऋण लेने का होना चाहिए।

आई.एम.एफ. के साथ वार्ताओं में कठिनाई यही है कि जनता अब अधिक संयम नहीं बरत सकती, यद्यपि आई.एम.एफ. के ऋण पूर्ण संयम की शर्त रखते हैं। कादिरगमार ने आशंका जताई कि अगले तीन या चार महीनों में देश खाद्यान्न की व्यापक कमी का सामना कर सकता हैं।

लेकिन इसे बदलाव के एक अवसर के रूप में देखा जा रहा है। पहला बदलाव सरकार की संरचना में परिवर्तन तथा वित्तीय व बेलगाम भ्रष्टाचार को रोकने के लिए नियम कानूनों में सुधार करना होगा। इसके अलावा विशालकाय इन्फ्राक्ट्रक्चर प्रोजैक्ट्स का पुनरावलोकन करना होगा ताकि श्रीलंका की अर्थव्यवस्था पटरी पर आ सके।

विशेषज्ञ महसूस करते हैं कि किसी स्पष्ट राजनीतिक समाधान के अभाव में श्रीलंका में अगले कुछ वर्षों तक राजनीतिक अस्थिरता रह सकती हैं।

## बालिका...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के दौरान वह अपनी नानी से कुछ आगे चलने लगी। थोड़ी देर में बच्ची और उसकी नानी के बीच फासला बढ़ गया। इसी दौरान आरोपी बब्बू मोटरसाइकिल लेकर आया और उसे घर छोड़ने की बात कहने लगा। इस पर वह उसकी बातों में आ गई और मोटरसाइकिल पर बैठ गई।

आरोपी उसे स्कूल के पास ही एक खंडहरनुमा बिल्डिंग में ले गया और उससे रेप किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। डरी सहमी बच्ची थोड़ी देर बाद घर पहुंची। घर पर नानी ने उससे पूछताछ की तो उसने अपने साथ हुई वारदात के बारे में बताया।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908